राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-324
लखनऊ, रविवार 14 जुलाई 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





यात्री व स्कूल बसों का परमिट, फिटनेस इंश्योरेंस व ड्राइवरों की जांच हो : योगी 03

सीमावर्ती गांवों के विकास के लिए केंद्र प्रतिबद्ध : अमित शाह 12


### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डॉ राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में कहा

# सुशासन की पहली शर्त है विधि का शासन

**सीजेआई डॉ डीवाई चंद्रचूड़ के साथ छात्रों को प्रदान की स्नातक, परास्नातक व शोध की डिग्री**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को लखनऊ के डॉ राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने मुख्य अतिथि और सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायधीश डीवाई चंद्रचूण के साथ छात्रों को उपाधि प्रदान की। कार्यक्रम में सीएम योगी ने कहा कि सुशासन की पहली शर्त है विधि का शासन। न्याय संगत व्यवस्था हर व्यक्ति को प्रिय है और न्याय समय पर हो, समयबद्ध तरीके से हो, इसके लिए उस फील्ड के विशेषज्ञ उतने ही महत्वपूर्ण होते हैं।

विधि के इस शासन के लिए ही आज भारत जाना जा रहा है। परसेप्शन बदलने में, आमजन की धारणा बदलने के लिए, देश और दुनिया की धारणा बदलने के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय एक सही राह पर आगे बढ़ चुका है। यहां के उपाधि प्राप्त करने वाले जितने भी स्नातक, परास्नातक और शोध करने वाले छात्र हैं, वे अपने कार्यों के माध्यम से न सिर्फ विश्वविद्यालय को बल्कि समाज और राष्ट्र को लाभान्वित करके अपने अभिभावकों और अपने गुरुजनों को गौरवान्वित करने का कार्य करेंगे। सीएम योगी ने भारत के मुख्य न्यायधीश डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ का स्वागत करते हुए कहा कि भारत के अंदर विधि का शासन हो, अच्छे विधि विशेषज्ञ स्नातक, परास्नातक और शोध की डिग्री लेने के उपरांत जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में राष्ट्र निर्माण के अभियान का हिस्सा बन सकें, इसके प्रति यहां के छात्रों के अंतःकरण की जिजीविषा के कारण ही आज यह संयोग देखने को मिल रहा है कि विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में भी मुख्य अतिथि के रूप में भारत के मुख्य न्यायधीश डॉ डीवाई चंद्रचूड़ का आशीर्वाद उन्हें मिल रहा है। इस अवसर पर उनकी उपस्थित हम सबको आह्लादित करती है, क्योंकि उच्चतम न्यायालय में जाने से पूर्व इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में उनका कार्यकाल उत्तर प्रदेश वासियों के लिए और न्याय जगत के लिए अविस्मरणीय पल रहा है। आज भी उत्तर प्रदेश का वासी, न्याय जगत में विश्वास करने वाला हर व्यक्ति बड़े ही सकारात्मक भाव से उनकी बातों की सराहना करता है। कार्यक्रम में इलाहाबाद उच्च न्यायायल के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण भंसाली, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अमरपाल सिंह, विभागाध्यक्ष विधि प्रो. आदित्य प्रताप सिंह, उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह एवं इलाहाबाद उच्च न्यायालय के कई न्यायमूर्ति उपस्थित रहे।

**क्षेत्रीय भाषाओं में हो कानून की पढ़ाई : डीवाई चंद्रचूड़**

भारत के मुख्य न्यायधीश डॉ डीवाई चंद्रचूड़ ने इस अवसर पर लॉ की पढ़ाई को क्षेत्रीय भाषा में कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अक्सर देश के तमाम शिक्षाविदों से विचार विमर्श करता हूं कि कैसे कानून की पढ़ाई को सरल भाषा में पढ़ाया जा सके। अगर हम कानून के सिद्धांतों को सरल भाषा में आम जनता को नहीं समझा पा रहे हैं तो इसमें कानूनी पेशे और कानूनी शिक्षा की कमी नजर आ रही है। कानून को पढ़ाने की प्रक्रिया में हमें क्षेत्रीय भाषाओं को भी ध्यान में रखना चाहिए और मेरा सोचता हूं कि आरएम एनएलयू को जरूर हिंदी में एलएलबी कोर्स शुरू करना चाहिए। हमारे विश्वविद्यालयों में क्षेत्रीय मुद्दों से जुड़े कानूनों को भी पढ़ाना जाना चाहिए। मान लीजिए अगर कोई व्यक्ति आपके विश्वविद्यालय के पड़ोस के गांव में, गांव से विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय की विधिक सहायता केंद्र में आता है और अपनी जमीन से जुड़ी समस्या को बताता है, लेकिन यदि छात्र को खसरा और खतौनी का मतलब ही नहीं पता है तो छात्र उस व्यक्ति को कैसे मदद कर पाएगा। इसलिए जमीन संबंधित क्षेत्रीय कानूनों के बारे में भी छात्र को अवगत कराना चाहिए। उन्होंने अपने उद्बोधन में यह भी कहा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में ऐसे कई निर्देश दिए हैं, जिससे न्याय की प्रक्रिया को आम लोगों के लिए आसान बनाया जा सके।

**सकारात्मक राह जीवन ही नहीं राष्ट्र हित में भी**

सीएम ने कहा कि बदलाव की राह क्या होनी चाहिए, वो सकारात्मक है या नकारात्मक ये हमको तय करना है। यदि हमारी राह सकारात्मक होगी तो आपकी राह न्यायिक जगत ही नहीं, जीवन के हर एक क्षेत्र में बहुत उज्ज्वल होगी। अगर राह नकारात्मक होगी तो यह न आपके व्यक्तिगत हित में होगी, न समाज के और न ही राष्ट्र के हित में होगी। एक पुरानी कहावत याद आती है कि परिवार के हित में व्यक्ति को छोड़ना पड़े तो हमें उसमें परहेज नहीं करना चाहिए। वहीं, गांव के हित में परिवार को भी छोड़ना पड़े तो परहेज नहीं करना चाहिए। और अगर समाज के हित में गांव से परहेज करना पड़े तो भी हमें उसकी परवाह नहीं करनी चाहिए।

## पिछले 3-4 वर्षों में भारत में 8 करोड़ नए रोजगार सृजित हुए

एजेंसी



**नई दिल्ली/मुंबई।** प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को मुंबई में 29,400 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करते हुए कहा कि पिछले तीन-चार वर्षों में भारत में आठ करोड़ नए रोजगार सृजित हुए हैं। उन्होंने कहा कि इससे रोजगार पर फर्जी खबरें फैलाने वालों के मुंह बंद कर दिए हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को कौशल विकास और रोजगार की जरूरत है और हमारी सरकार इस दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार का विजन यह सुनिश्चित करना है कि वंचित लोग आगे आएं। पिछले वर्षों में, हमने 4 करोड़ से अधिक लोगों को पक्के घर दिए हैं और आने वाले वर्षों में, हम 3 करोड़ और लोगों को पक्के घर देंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वनिधि योजना के तहत, हमने 90 लाख लोगों को लाभ दिया है। मुंबई में 1.5 लाख लोगों ने इस योजना का लाभ मांगा है। जिन लोगों ने स्वनिधि के तहत ऋण लिया है, वे पूरा ऋण भी वापस कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से मुंबई में जश्न मनाए जा रहे हैं। शहर ने हमारी जीत का खुशी से स्वागत किया है। लोग जानते हैं कि केवल एनडीए सरकार ही स्थिरता ला सकती है।

मोदी ने कहा कि मैंने कहा था कि तीसरे कार्यकाल में एनडीए सरकार तीन गुना गति से काम करेगी और आज हम इसे होते हुए देख रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र का इतिहास, वर्तमान और मजबूत भविष्य का सपना समृद्ध है। विकसित भारत में महाराष्ट्र की भूमिका मजबूत है। महाराष्ट्र में उद्योग, कृषि और वित्त क्षेत्र की ताकत है। इस ताकत ने मुंबई को वित्तीय राजधानी बनाया है और मेरा लक्ष्य मुंबई को फिनटेक राजधानी बनाना है। मोदी ने कहा कि आज मुंबई में शुरू की गई विकास परियोजनाओं से मुंबई और आसपास के क्षेत्रों की कनेक्टिविटी और बेहतर होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा नेता को बदमाशों ने मारी गोली

**जालौन।** उत्तर प्रदेश के जनपद जालौन में भाजपा नेता और विश्व हिंदू परिषद के पूर्व जिला अध्यक्ष भास्कर अवस्थी को बाइक सवार बदमाशों ने घर के पास गोली मार दी है। बाइक सवार बदमाशों ने शुक्रवार देर शाम इस घटना को अंजाम दिया । गोली लगने से घायल हुए भाजपा नेता को स्थानीय स्थानीय लोगों की मदद से पत्नी ने इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराई। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने कानपुर रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ईरज राजा फोर्स के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंचे और घटना की जानकारी ली। एसपी ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के लिए 3 टीमें गठित कर दी।

### छत्तीसगढ़ सीएम ने मंत्रियों संग किए रामलला के दर्शन

**अयोध्या।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपनी मंत्रिपरिषद के सहयोगियों के साथ शनिवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के दर्शन किए। मुख्यमंत्री साय के साथ छत्तीसगढ़ भाजपा के अध्यक्ष किरण देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय और क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल भी दर्शन के लिए पहुंचे थे। दर्शन करने वालों में उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा, कृषि मंत्री राम विचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, खेल मंत्री टंकराम वर्मा भी रहे।

### एनआईए ने 4 के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने छत्तीसगढ़ मामले में शुक्रवार को चार माओवादियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया, जिसमें सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के बाद प्रतिबंधित भाकपा संगठन के सशस्त्र कैडरों को गिरफ्तार किया गया था। बीजीएल और बीजीएल के गोले सहित कई हथियार जब्त किए गए। एनआईए ने आज जारी एक बयान में बताया कि आरोपितों की पहचान आयतू राम नुरुति, मनोज कुमार हिचामी, सुरेश नुरुति और बुधुराम पड्डा के रूप में की गई है।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को एम्स अस्पताल से मिली छुट्टी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान से छुट्टी मिल गई है। उन्हें शनिवार को अस्पताल छुट्टी दे गई। रक्षा मंत्री पिछले दो दिन से यहां भर्ती थे। उन्हें कमर में दर्द के बाद एम्स के प्राइवेट वार्ड में भर्ती कराया गया था। एम्स की मीडिया सेल प्रभारी डॉ. रीमा दादा के अनुसार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पीठ दर्द की शिकायत थी, जिसकी जांच की गई।रीमा ने बताया कि रक्षा मंत्री अब स्वस्थ्य हैं और उन्हें शनिवार दोपहर करीब दो बजे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

### टमाटर के दाम में जल्द गिरावट के आसार, खुदरा भाव 75 रुपये प्रति किलो

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में टमाटर की कीमत 75 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। प्याज भी 50 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रहा है लेकिन अब जल्द ही टमाटर और प्याज की बढ़ी कीमतों से राहत मिलने की उम्मीद है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि आपूर्ति में बाधा की वजह से टमाटर और प्याज सहित अन्?य सब्जियों की बढ़ी कीमतों के जल्द ही स्थिर होने की उम्मीद है। दक्षिणी राज्यों से आपूर्ति बढ़ने से आने वाले हफ्तों में इनकी कीमतों में नरमी आने की उम्मीद है। राजधानी दिल्ली में हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड से टमाटर की आपूर्ति हो रही है।

## अग्निवीर पर चिंताएं बरकरार इधर-उधर की बातें कर रहा केंद्र

**अग्निवीरों को लेकर बसपा प्रमुख मायावती ने केंद्र पर बोला हमला**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** अग्निपथ योजना के तहत सेना में भर्ती किए जाने वाले अग्निवीरों को लेकर बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को केंद्र सरकार पर हमला बोला है।

सरकार बेरोजगारी और महंगाई जैसी राष्ट्रीय समस्याओं की तरह इस मामले पर भी केवल इधर-उधर की बातें कर रही है। मायावती ने एक्स पोस्ट में कहा कि पूर्व अग्निवीरों को आरक्षण देने की तैयारी में केंद्रीय सुरक्षा बल, यह मीडिया में नया सरकारी बयान है। किंतु यह ऐसी नई बात नहीं है जो पहले नहीं कही गयी जिसे लोगों ने स्वीकार कर लिया हो। सेना में भर्ती सिर्फ नौकरी नहीं बल्कि जज़्बा व सम्मान से जुड़ा है जिस पर सरकार को जरूर ध्यान देना चाहिए। अग्निपथ योजना के तहत भर्ती किए जाने वाले अग्निवीरों के रूप में अल्पकालीन व अस्थाई भर्ती का मामला जन व देशहित से जुड़ा ऐसा मुद्दा है ।

### छत्रपति संभाजीनगर में 50 युवक आईएसआईएस के संपर्क में : एनआईए

**मुंबई।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर शहर में कम से कम 50 युवा प्रतिबंधित अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठन आईएसआईएस के संपर्क में हैं। इस मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपित जोएब खान मोहम्मद के खिलाफ कोर्ट में पेश राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की चार्जशीट से यह जानकारी मिली है। चार्जशीट में एनआईए ने कहा कि धार्मिक कट्टरतावाद के नाम पर आतंकवाद फैलाने वाले आईएसआईएस का नेटवर्क छत्रपति संभाजी नगर जिले में बढ़ गया है। एनआईए की टीम ने 15 फरवरी को छत्रपति संभाजीनगर शहर में छापेमारी की और हरसुल इलाके से जोएब खान मोहम्मद को गिरफ्तार किया था।

## दस आईपीएस अफसरों का हुआ ट्रांसफर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** यूपी में एक बार फिर योगी सरकार ने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 10 आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिए है। नियुक्ति विभाग द्वारा जारी आदेश में 6 जिलों के कप्तान बी बदले गए हैं। सरकार ने इन अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। जल्द ही यह अफसर अपना नया कार्यभार संभालेंगे।





शामली कमांडर अभिषेक झा बिजनौर के कमांडर बनाए गए. बिजनौर कमांडर नीरज जादौन हरदोई के कमांडर बनाए गए। एटा एसपी राजेश सिंह को पुलिस उपायुक्त, पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर बना दिया गया है। श्याम नारायण सिंह पुलिस अधीक्षक एटा बनाए गए। हरदोई के कमांडर बनाए गए, आईपीएस गौरव बंसवाल डीसीपी बनारस बनाए गए, जालौन कमांडर इरज राजा गाजीपुर के कमांडर बने।

**आईपीएस के बाद कई पीपीएस के भी तबादले**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शनिवार को दस आईपीएस अधिकारियों के तबादले के कुछ देर बाद पीपीएस अधिकारियों का भी तबादला कर दिया गया। कृष्ण गोपाल सिंह को पुलिस उपाधीक्षक अलीगढ़ से महाकुम्भ मेला प्रयागराज बनाया है। वरुण कुमार सिंह बुलंदशहर से अलीगढ़, गिरजा शंकर त्रिपाठी जालौन से बुलंदशहर, अर्चना सिंह बिजनौर से जालौन, अंजनी कुमार चतुर्वेदी अयोध्या से बिजनौर अनुरुद्ध कुमार सिंह मंडलाधिकारी अयोध्या, राजीव सिसोदिया बहराइच से चंदौली भेजा गया है। इसी तरह प्रद्युम्न कुमार सिंह आजमगढ़ से बहराइच, अंशुमान मिश्राको सीओ महाकुंभ मेला प्रयागराज बनाया गया है। विवेक जावला मिर्जापुर और प्रेम थापा को पुलिस उपाधीक्षक इटावा बनाया गया है।

## विधायक इरफान के बिजनेस पार्टनर शौकत की 78 लाख की संपत्ति कुर्क

समृद्धि न्यूज

**गोकशी करने वाले तीन आरोपियों पर भी कुर्की की कार्रवाई**

**कानपुर।** आगजनी मामले में जेल में बंद समाजवादी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी के बिजनेस पार्टनर कहे जाने वाले शौकत पहलवान पर जिला प्रशासन ने बड़ा एक्शन लिया है। गैंगस्टर एक्ट में शौकत पहलवान की लगभग 78 लाख की संपत्ति कुर्क कर दी गई है। इसके साथ ही पुलिस ने गोकशी करने वाले तीन आरोपियों पर भी कुर्की की कार्रवाई की गई है।

ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर हरीश चंदर ने शनिवार को बताया कि अरौल, चौबेपुर, महाराजपुर और सिविल लाइंस में रहने वाले चार आरोपियों के यहां जब्ती करण की कार्रवाई की गई है। इसमें सबसे बड़ी कार्रवाई सपा विधायक के साथ कई मामलों में आरोपी और उनके पार्टनर शौकत पहलवान पर की गई है। शौकत पहलवान की गैंगस्टर एक्ट के तहत 78 लाख से ज्यादा की संपत्ति जब्त की गई है। शौकत पहलचान पर इरफान सोलंकी के साथ बीते जनवरी को गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई थी। शौकत की सिविल लाइंस में एक प्रापर्टी है, जिसकी कीमत 78 लाख 18 हजार 247 रुपए है। वहीं, अरौल पुलिस ने मूल रूप से कानपुर देहात के खासबरा निवासी मो. साहिल का कंटेनर जब्त किया है।

### जनजाति कल्याण बोर्ड घोटाले में 18 तक ईडी हिरासत में भेजे गए पूर्व मंत्री बी नागेंद्र

**बेंगलुरु।** स्पेशल कोर्ट ने शनिवार को कर्नाटक के पूर्व मंत्री बी. नागेंद्र को 18 जुलाई तक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया। कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड में करोड़ों रुपये के घोटाले के सिलसिले में उन्हें शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया था। शनिवार को स्पेशल कोर्ट के जज संतोष गजानन भट के सामने बी. नागेंद्र को पेश किया गया। नागेंद्र ने कहा कि उन्हें कुछ स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हैं। इसके बाद जज ने ईडी अधिकारियों को आदेश दिया कि पूछताछ के दौरान उन्हें 30 मिनट का आराम दिया जाए और हर दिन उनकी मेडिकल जांच कराई जाए। ईडी के अधिकारियों ने 40 घंटे की छापेमारी के बाद शुक्रवार को नागेंद्र को गिरफ्तार किया था।

## जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम में संशोधन उपराज्यपाल को मिलीं और अधिक शक्तियां

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 में संशोधन किया है। इससे उपराज्यपाल की कुछ और शक्तियां बढ़ गई हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 (2019 का 34) की धारा 55 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नियम में संशोधन को अपनी मंजूरी दे दी है।

गृह मंत्रालय (एमएचए) ने एक अधिसूचना जारी की है, जिसमें बताया गया है कि प्रशासनिक सचिवों और अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों को कैसे स्थानांतरित किया जाएगा और उन्हें नए पद कैसे सौंपे जाएंगे। अधिसूचना के अनुसार, इन स्थानांतरणों से संबंधित प्रस्ताव सामान्य प्रशासन विभाग के प्रशासनिक सचिव द्वारा मुख्य सचिव के माध्यम से उपराज्यपाल (एलजी) को भेजे जाने चाहिए। जिन प्रस्तावों को वित्त विभाग से अनुमोदन की आवश्यकता होती है, जहां एलजी के पास विवेकाधीन शक्तियां होती हैं, उन्हें अंतिम अनुमोदन या अस्वीकृति के लिए पहले मुख्य सचिव के माध्यम से एलजी को प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि किसी भी प्रस्ताव को, जिसमें अधिनियम के तहत उपराज्यपाल के विवेक का प्रयोग करने के लिए पुलिस, लोक व्यवस्था, अखिल भारतीय सेवा और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के संबंध में वित्त विभाग की पूर्व सहमति की आवश्यकता हो, तब तक स्वीकार या अस्वीकार नहीं किया जाएगा, जब तक कि उसे मुख्य सचिव के माध्यम से उपराज्यपाल के समक्ष नहीं रखा जाता।

### सात राज्यों की 13 विस सीटों पर हुए उपचुनाव में गठबंधन ने हासिल की जीत


**नई दिल्ली।** देशभर में 10 जुलाई को हुए मतदान के नतीजों में इंडिया गठबंधन को बड़ी कामयाबी मिली है जबकि भाजपा को 13 में से दो सीटें मिली हैं और एक सीट निर्दलीय के खाते में गई है। पश्चिम बंगाल की चार सीटों पर हुए उपचुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने सभी सीटें जीती हैं। वहीं कांग्रेस ने चार सीटें जीती हैं। दो सीटें उत्तराखंड और दो सीटें हिमाचल प्रदेश में जीती हैं। भाजपा को एक सीट हिमाचल प्रदेश और एक सीट मध्यप्रदेश में मिली है। पंजाब की एक सीट आम आदमी पार्टी की खाते में गई हैं और बिहार की एक सीट पर स्वतंत्र उम्मीदवार ने बाजी जीत ली है। हाल में सम्मपन्न लोकसभा चुनावों के बाद यह पहले उपचुनाव हुए थे। इससे इंडिया गठबंधन को मजूबती मिली है।

**प्रयास** | **प्रदेश की ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति करने की दिशा में योगी सरकार लगातार प्रयासरत**

## हेरिटेज मास्ट व 1500 सोलर लाइटिंग सिस्टम से दमकेगा यूपी

**सरकारी कार्यालयों को 2 व 4 मेगावाट के हाइब्रिड सोलर रूफटॉप पावर प्लांट से युक्त करने की प्रक्रिया शुरू**

विकास तिवारी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने और विशेष रूप से सौर ऊर्जा के जरिए प्रदेश की ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति करने की दिशा में योगी सरकार लगातार प्रयासरत है। एक तरफ प्रदेश के विभिन्न शहरों को सोलर सिटीज के रूप में विकसित करने की प्रक्रिया जारी है, वहीं दूसरी ओर प्रदेश में सौर ऊर्जा से जुड़ी परियोजनाओं के प्रति आम लोगों में रुचि विकसित करने के लिए भी विभिन्न प्रकार के प्रयास किए जा रहे हैं।

ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुसार प्रदेश के विभिन्न शहरों के चिह्नित स्थानों को 300 हेरिटेज मास्ट सोलर लाइटिंग सिस्टम तथा 1500 स्मार्ट सोलर लाइटिंग से लैस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रदेश के विभिन्न सरकारी कार्यालयों को 2 और 4 मेगावाट के ऑन ग्रिड हाइब्रिड सोलर रूफटॉप पावर प्लांट से युक्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इन सभी कार्यों को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय अभिकरण (यूपीनेडा) ने कॉन्ट्रैक्टर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करते हुए पात्र आवेदकों से आवेदन मांगे हैं।

यूपीनेडा द्वारा प्रदेश में हेरिटेज मास्ट व स्मार्ट सोलर लाइटिंग सिस्टम तथा 2 व 4 मेगावाट के ऑन ग्रिड हाइब्रिड सोलर रूफटॉप पावर प्लांट की सप्लाई, स्थापना, संचालन और मेंटिनेंस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए कॉन्ट्रैक्टर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इन सभी उपकरणों को प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर स्थापित करने के लिए कॉन्ट्रैक्टर एजेंसी को कार्यावंटन के बाद 4 महीने की समय सीमा निर्धारित की गई है। इन सभी उपकरणों को कॉम्प्रिहेंसिव वॉरंटी युक्त किया जाएगा। इन उपकरणों की स्थापना व संचालन के बाद चयनित कॉन्ट्रैक्टर एजेंसी को ही 5 वर्षों तक इनके संचालन व मेंटिनेंस संबंधी कार्यों को सुनिश्चित करना होगा।

**छह मीटर के पोल पर इम्पैनल्ड होगा सोलर लाइटिंग सिस्टम**

यूपीनेडा की कार्ययोजना के अनुसार, उत्तर प्रदेश के विभिन्न सोलर सिटीज समेत प्रदेश के अन्य प्रमुख शहरों को हेरिटेज मास्ट व स्मार्ट सोलर लाइटिंग सिस्टम से लैस करने की तैयारी की जा रही है उसमें इन शहरों के ज्यादा फुटफॉल रीजन पर मुख्यत: फोकस किया जा रहा है। इस क्रम में, विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, मुख्य सड़कों, चौराहों, पशु बाजारों, छोटे बाजारों के साथ ही पंचायत घरों, सार्वजनिक पेयजल स्रोतों, क्रॉस रोड, रोड जंक्शनों, मेला मैदानों आदि पर इनकी स्थापना, कमीशनिंग, संचालन और रखरखाव किया जाएगा। प्रत्येक सोलर एलईडी हेरिटेज मास्ट लाइटिंग सिस्टम में 200 वॉट पावर के 4 युनिट्स के रूप में 800 वॉट पावर की कैपेसिटी होगी। इनकी बैटरी लीथियम फेरो फॉस्फेट बेस्ड होगी जो कि 12.8 वोल्ट आउटपुट पर कार्य करेगी। इस दौरान प्रत्येक हेरिटेज लाइट सिस्टम की ल्यूमेन एफिकेसी 135 ल्यूमेन प्रति वॉट रहेगी। स्मार्ट स्ट्रीट सोलर लाइटिंग सिस्टम 6 मीटर के पोल पर इम्पैनल्ड होगा जो कि 140 ल्यूमेन प्रति वॉट होगी तथा सिस्टम वॉटेज 45 वॉट होगी। ये लाइटें 50 हजार घंटे की लाइफ एक्सपेक्टेंसी युक्त होंगी।

## सपा की पीडीए नीति आम जन को हक दिलाने व अत्याचार से बचाने वाली

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) की पीडीए (पिछड़ा दलित, अल्पसंख्यक) नीति आम जनता को उसका हक दिलवाने वाली, जनता का कल्याण करने वाली, शोषण-उत्पीड़न से आम जनता की रक्षा करने वाली, पिछड़े-दलितों- अल्पसंख्यकों-आदिवासियों-आधी आबादी व अगड़ों में भी उत्पीड़ितों को प्रभुत्ववादियों के अत्याचार से बचाने वाली हैं। यह बातें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कही। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधा।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि पीडीए- किसान, मज़दूर, महिला, युवा, कारोबारी, नौकरीपेशा, दुकानदारों और बाक़ी सबका भी ख्याल रखने वाली समाज के हर वर्ग और तबके को जोड़ने वाली सामुदायिक राजनीति का नया युग शुरू करने वाली सामाजिक सौहार्द, एकता, भाईचारे को एक सूत्र करने वाली सकारात्मक राजनीति का नया इतिहास लिखने वाली नीति है। इसके विपरीत भाजपा की नीति आम जनता का शोषण करने वाली है। समाज को तोड़ने वाली नकारात्मक राजनीति के पास पीडीए की पाजिटिव पॉलटिक्स का कोई जवाब नहीं है। इसीलिए भाजपा के लोगों में हड़बड़ाहट है।

# बाढ़ प्रभावित किसानों ने कमल चौराहे पर दिया धरना

- नाव वालों पर लगाया अवैध वसूली का आरोप, प्रशासन से कार्रवाई की मांग
- बाढ़ से प्रभावित ग्रामीण रोड पर रहने को हैं विवश



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

शारदा नदी की बाढ़ का पानी अभी भी दर्जनों गांव में भरा हुआ है। बाढ़ से प्रभावित किसानों का शनिवार को गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित किसान बड़ी संख्या में कमल चौराहे पर आ पहुंचे और धरना शुरू कर दिया। किसानों ने पलिया भीरा रोड के साथ कटी रेल लाइन पर जल्द निर्माण कार्य की मांग उठाई। किसानों का आरोप था कि जब बाढ़ के पानी से कुछ ही रेल लाइन कटी थी तो रेलवे ने वोल्डर डालने का कार्य क्यों नहीं शुरू किया। इसके अलावा किसानों ने बाढ़ से बर्बाद हुई फसलों के मुआवजे की मांग की। किसानों ने खनन को बाढ़ का मुख्य कारण करार दिया। किसानों ने नाव वालों पर अवैध वसूली का आरोप भी लगाया।

शारदा और सुहेली नदी की बाढ़ का पानी अभी भी दर्जनों गांवों में भरा हुआ है। पलिया निघासन रोड पर छोटे वाहनों का आवागमन शुरू कर दिया गया है। लेकिन पलिया भीरा रोड अभी की बाढ़ के पानी और पुलिया कटी होने के चलते छह दिन से बंद पड़ी हुई है। शनिवार को बड़ी संख्या में किसान पलिया के कमल चौराहे पर आ पहुंचे और धरने पर बैठ गए। आक्रोशित किसान बाढ़ से कटी रेल लाइन और पलिया भीरा रोड पर निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग करने लगे। किसानों का आरोप था कि उनके गांवों में अभी भी बाढ़ का पानी भरा हुआ है लेकिन प्रशासन की ओर से कोई भी सहायता नहीं मिली है। किसानों ने बाढ़ से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा दिलाए जाने की मांग की। इसके अलावा किसानों ने नाव वालों पर आमजन से कटान पार कराने के नाम पर अवैध वसूली का आरोप लगाया।

किसानों ने खनन को बाढ़ का मुख्य कारण करार देते हुए खनन बंद कराए जाने की मांग की।

सूचना पर तहसीलदार आरती यादव धरना स्थल पर जा पहुंची और किसानों को जल्द समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद किसान एसडीएम कार्तिकेय सिंह के पास पहुंचे और समस्याओं से संबंधित ज्ञापन उन्हें सौंपा।

# बारात से वापस जा रही स्विफ्ट डिजायर पर पलटा ट्रक, बाल-बाल बचे लोग

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**



उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत बनकागॉव में बारात से वापस जा रहे बारातियों की स्विफ्ट डिजायर कार पर ट्रक पलट गया। गनीमत रही की कोई भी बड़ा हादसा नहीं हुआ कार में सवार सभी लोग बाल बाल बच गए।

जानकारी के मुताबिक बनकागॉव निवासी लालाराम के यहां शुक्रवार 12 जुलाई को लड़की की शादी थी। सूत्रों के मुताबिक बारात हरदोई जिले के पाली कस्बे से आई थी। रात लगभग 2:30 बजे बारात से वापस जाते समय बंजरिया मोड राज पेट्रोल पंप के सामने स्विफ्ट डिजायर कार संख्या यूपी 17 बी टी4582 के चालक ने अचानक यू टर्न लिया तभी पीछे से आ रहे ट्रक के चालक ने अचानक तेजी से ब्रेक लगाए जिसके कारण ट्रक अनियंत्रित होकर कार पर पलट गया। पुलिस के मुताबिक ट्रक में मिर्ची भरे हुए थे। इसीलिए बड़ा हादसा होने से बच गया और कार में सवार सभी लोग बाल बाल बच गये।

# मंदिर के पुजारी ने खाया जहरीला पदार्थ

- गांव के ही युवक पर पुजारी को प्रताड़ित करने का लगा था आरोप
- पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेज दिया था

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**



भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम बस्तौला में राधा कृष्णा मंदिर के पुजारी महेशदास (65) पुत्र रामचरन दास ने शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया।

गंभीर हालत में ग्रामीणों ने बिजुआ सीएचसी भेजा जहां से डाक्टर ने उन्हे जिला अस्पताल रेफर कर दिया बताया जा रहा है कि गाँव के एक युवक द्वारा पुजारी को आये दिन प्रताड़ित किया जा रहा था। पुलिस चौकी बिजुआ क्षेत्र के ग्राम बस्तौला स्थित राधा कृष्ण मन्दिर के पुजारी महेशदास पुत्र रामचरन दास पिछले कई वर्षों से मन्दिर में रहकर पूजा पाठ करता थे। बीते दिनों किसी बात को लेकर बस्तौली निवासी भोला सिंह ने मार-पीट व धारदार हथियार से हमला कर पुजारी महेशदास को घायल कर दिया था ,जिसको लेकर भीरा कोतवाली में पुजारी ने एक प्रार्थना-पत्र दिया था। भीरा पुलिस ने आरोपी को पकड़ कर हल्की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी को न्यायालय भेज दिया था। हल्की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत से पुजारी आहत था और विवाद को लेकर पुजारी काफ़ी भयभीत रहता था।

शनिवार को पुजारी ने करीब दोपहर 1 बजे जहरीला पदार्थ खा लिया। पुजारी की हालत बिगड़ने पर ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस के माध्यम से बिजुआ सीएचसी भेजा जहां डॉक्टरों ने उपचार के बाद हालत नाजुक होने के कारण ओएल ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।



## एएसपी की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित

**मितौली खीरी।** थाना मुख्यालय पर समाधान दिवस की अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक खीरी नेपाल सिंह द्वारा की गई। इस अवसर पर तहसील मितौली के नायब तहसीलदार तथा राजस्व निरीक्षकों सहित समस्त क्षेत्रीय लेखपाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर आए हुए फरियादियों से प्रार्थना पत्र लेकर अपर पुलिस अधीक्षक ने समस्याओं का तत्काल प्रभाव से निराकरण किये जाने के निर्देश प्रभारी निरीक्षक राजू राव एवं राजस्व कर्मचारियों को दिए गए। इस अवसर पर अपर पुलिस प्रमुख नेपाल सिंह ने समस्त कर्मचारियों को शान द्वारा संचालित जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्य करने के निर्देश दिए गए और कहा समस्याओं का शीघ्र निस्तारण ही प्राथमिकता होनी चाहिए।

# सड़क हादसे में इलाज के बाद हुई थी मौत, प्रधान ने दी आर्थिक सहायता

**भीरा/बिजुआ खीरी समृद्धि न्यूज।**



एक सप्ताह पूर्व सड़क दुर्घटना में कार के अंदर लेटे रामनगर कलां निवासी केदारी को गंभीर अवस्था में एक सप्ताह तक इलाज होने के बाद उनकी दर्दनाक मौत हो गई।

उनकी मौत के बाद घर में कमाने वाला कोई नहीं बचा बच्चों की परवरिश की जिम्मेदारी केदारी की पत्नी के कंधों पर आ गई। शनिवार को आर्थिक सहायता के रूप में ग्राम प्रधान महेश सिंह ने 5 हजार रुपए नकद व खाने के लिए राशन देते हुए संतृप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

थाना भीरा क्षेत्र के रामनगर गांव निवासी केदारी को यदि समय से सही उपचार मिल जाता तो वह आज जीवित और स्वस्थ्य होते। लेकिन कुदरत को कुछ और ही मंजूर था जिसके चलते आज केदारी इस दुनिया में नहीं है उनका परिवार उन्हें याद कर सहम जाता है।

बता दें कि थाना भीरा क्षेत्र के रामनगर व चंदपुरा गांव के करीब 20 मजदूर बीते 28 जून को मजदूरी करने के उद्देश्य से कार किराए पर लेकर हरियाणा जा रहे थे। रास्ते में रात करीब 12 बजे बरेली बाईपास स्थित एक ढाबे पर चाय पीने के लिए मजदूरों ने सड़क किनारे कार खड़ी करवा दी। सड़क किनारे खड़ी कार में तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी थी जिससे कार के अंदर लेटे मजदूरों में एक की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं चंदपुरा निवासी अनुरुध एवं रामनगर निवासी केदारी, महेश,रामासरे गंभीर घायल हो गए जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। जिसमें बीते 9 जुलाई दिन बुधवार को इलाज के दौरान रामनगर निवासी केदारी की मौत हो गई थी।

### केदारी की पत्नी के कंधों पर परवरिश की जिम्मेदारी

केदारी की पत्नी पुष्पा ने बताया अब घर के मुखिया केदारी ही मेहनत मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करते थे अब घर में कोई भी कमाने वाला नही है,एक लड़का है जिसकी उम्र करीब 12 वर्ष है और तीन बड़ी लड़कियां है, कैसे जीवन यापन होगा और कैसे हमारी लड़कियों का विवाह होगा। जिससे उनकी परवरिश की जिम्मेदारी केवल उनकी पत्नी के कंधों पर है जिसे वह सोचकर सिहर उठती हैं। दूसरी और शारदा नदी का कर तराई क्षेत्र में लगातार जारी है जिससे आए दिन तबाही मच रही है फासले बर्बाद हो रही हैं मकान कट रहे हैं घरों में पानी भरा है ऐसे में केदारी का परिवार दुखी है। ग्राम प्रधान महेश सिंह ने बताया की हम पीड़ित परिवार के साथ है। उन्हें हर संभव आर्थिक सहायता प्रदान कर मदद दी जाएगी।

# बांध का कुछ हिस्सा ही था क्षतिग्रस्त, अधिकारियों ने नहीं लिया संज्ञान



**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

- बाढ़ ने बांध को 15 मीटर से ज्यादा काटते हुए गरीब जनता की फसल कर दिया बर्बाद

तहसील धौरहरा क्षेत्र के अंतर्गत अधिकांश गांव बाढ़ से प्रभावित हुए है इस आपदा ने कई गावों सहित लोगो की फसल को बर्बाद कर दिया है। ये बाढ़ लोगो के ऊपर कहर से कम नहीं है फिर भी सरकारी मुलाजिमों द्वारा अधिकांश गावों के हालात देखना मुनासिब नही समझा गया। तहसील धौरहरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत लखपेड़ा , खनवापुर के बीच बाढ़ के पूर्व ही बांध का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ था, जिसकी सूचना ग्राम प्रधान तथा ग्रामवासियों द्वारा बाढ़ खण्ड अधिकारी तथा समंधित तहसील में दी गई थी।

जिसे छोटी समस्या समझ कर नज़रंदाज कर दिया गया, अब उसी छोटी समस्या ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया है। बांध को करीब 15 मीटर से ज्यादा काटते हुए गरीब जनता की फसल को बर्बाद कर दिया है हालात ये है कि समस्या बढ़ती ही जा रही है , लेकिन सुध लेने वाला कोई नहीं।

### अभी भी अगर जाग जायेंगे अधिकारी तो बचा रहेगा बांध

रैनी समदहा में विकराल बाढ़ से प्रभावित ग्राम वासियों ने बताया की हमारे गांव में बाढ़ की बहुत बड़ी समस्या है अभी तक हमारे गांव में कोई भी सरकारी मुलाजिम हम लोगो का दर्द जानने नही पहुंचा है ना ही कोई सामग्री प्राप्त हुई है। लखपेड़ा निवासी रामलखन मिश्र कहते है की अधिकारियो की लापरवाही से हम लोगो की फसल बर्बाद हो गई, पानी आने से पहले ही अवगत कराया गया था कि बांध कमजोर है उसे सही करवाने की अति आवश्यकता है , लेकिन अधिकारियो ने नही सुना और बांध कट गया। फत्तेपुर निवासी ललित बाजपेई कहते है अधिकारी अगर छोटी समस्या का समाधान करना शुरु कर दे तो बड़ी समस्या आए ही क्यों। बांध देखने अभी तक यहां कोई भी अधिकारी नही पहुंचा है हम लोगो की फसल पानी में डूब गई है रास्तों पर निकलना दुर्लभ है। हाल यही रहा तो घरों में भरेगा पानी रैनी समदहा निवासी तीरथ चक्रवाती तथा अन्य कहते है हमारे यहां ना कोई अधिकारी देखने आया है ना ही हम लोगो को कोई सामग्री दी गई है लौकाही मल्लापुर पोखरा निवासी पवन पाठक कहते है समस्या बहुत विकराल है सुध लेने वाला कोई नहीं, गरीब जनता का हाल बहुत बुरा है।

# चोरों ने घर का सामान ज़ेवर, नकदी किया साफ

मितौली खीरी। थाना क्षेत्र के ग्राम कस्ता कस्बे में गत रात्रि चोरों ने घर के पीछे दीवाल मे सेंध काटकर कमरे मे रखा घर का सारा सामान ज़ेवर नकदी बर्तन चोरी कर ले गये। ज्ञात हो कि 10 जुलाई को राम सहाय गौतम के भाई की लड़की की शादी थी परिवार के सभी सदस्य शादी मे शामिल थे। 11/12 जुलाई की रात सभी लोग घर के बाहर सो रहे थे रात में अज्ञात चोरों द्वारा पीछे से सेंध काट कर घर में रखे बर्तन जेवर नगदी चोरी करने में सफल रहे। सुबह उठकर गृह स्वामी ने देखा तब घर का सारा सामान चोरी हो चुका था । गृह स्वामी द्वारा थाना मितौली में घटना की सूचना प्रार्थना पत्र देकर दे दी है पुलिस घटना की जांच तत्परता के साथ कर रही है।

### लापता हुई किशोरी का नही लगा सुराग, बरामदगी के लिए एसपी से लगाई गुहार

**निघासन खीरी।** पढ़ुआ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि दिनांक 20.06.2024 को जब वह अपने पति के साथ आवश्यक कार्य के लिए रमियाबेहड़ गयी थी, लगभग 1 बजे गाँव के ही एक युवक ने 15 वर्षीय नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया है। जिसके संबंध में थाना पढ़ुआ जिला खीरी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, मुकदमा दर्ज होने के बावजूद विवेचक वीरेन्द्र सिंह द्वारा पीड़ित को लगातार अश्वासन ही दिया जा रहा है, पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से पढ़ुआ पुलिस का आरोपियों से मिलीभगत का आरोप भी लगाते हुए उसकी पुत्री के साथ कोई अप्रिय अनहोनी घटना का अंदेशा जताते हुए पुत्री बरामद करने की गुहार लगाई है। इंस्पेक्टर पढ़ुआ हरिकेश राय ने बताया मामले में आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर थाना पुलिस टीम के साथ साथ सर्विलांस टीम की सहायता से किशोरी की सकुशल बरामदगी के लिए प्रयास किया जा रहा है।

# बाढ़ के पानी में डूबे युवक का दूसरे दिन शव हुआ बरामद, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**खमरिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**



थाना खमरिया क्षेत्र के ऐरा गांव के निकट तटबंध के किनारे बाइक धुलने गए युवक की शुक्रवार को गहरे पानी में डूब कर मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंची खमरिया पुलिस व एनडीआरफ टीम के प्रयासों के बाद भी युवक का शव बरामद नहीं किया जा सका था।

पुनः शनिवार की सुबह करीब 8:00 बजे ग्रामीणों व एनडीआरएफ टीम के प्रयासों से युवक का शव बरामद कर खमरिया पुलिस ने पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। शुक्रवार की दोपहर करीब 2:00 बजे ऐरा निवासी 27 वर्षीय प्रदीप पुत्र राम प्रकाश राजपूत अपनी बाइक धुलने के लिए तटबंध के निकट रास्ते पर बनी पुलिया पर गया हुआ था।

जहां बाइक धुलते समय पैर फिसलने से प्रदीप गहरे पानी में चला गया। और डूब कर मौत हो गई। शनिवार की सुबह करीब 8 बजे खमरिया पुलिस और एनडीआरएफ टीम द्वारा शव बरामद कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है। वही प्रदीप का शव मिलने के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। और गांव में मातम छाया हुआ है।

# पुलिस पर बेटी के साथ हुई छेड़छाड़ पर कार्यवाही न करने का आरोप

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी के गोला कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक पिता का अपनी बेटी के साथ हुए छेड़छाड़ को लेकर विपक्षियों के खिलाफ कार्यवाही को लेकर दर-दर भटकने के बाद सुनवाई न होने और पुलिस द्वारा स्वयं पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

वायरल वीडियो में पिता ने बताया कि पिछले 2 साल से उसकी बेटी को कुछ लड़के कई बार रिक्शे से उठाने का प्रयास भी किया। वायरल वीडियो में व्यक्ति अपने लड़की के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए विपक्षी गण पर कार्रवाई न होने का पुलिस प्रशासन पर आरोप लगा रहा है।

वीडियो में व्यक्ति के मुताबिक उसकी लड़की को तहसीलदार के ड्राइवर समेत अन्य 5,6 लोगों के द्वारा छेड़ने और ऑटो रिक्शा से उठाने का भी प्रयास किया गया जिस पर व्यक्ति के द्वारा पिछले कई महीने से कोतवाली गोला, एसपी ऑफिस और डीएम ऑफिस तक गुहार लगाने की बात बताई गई। व्यक्ति का आरोप है कि अभी तक उसकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई।

वही इस संबंध में इंस्पेक्टर गोला कोतवाली रमेश चंद्र पांडे ने बताया की जिस व्यक्ति द्वारा वीडियो वायरल किया जा रहा है उस पर पूर्व में गंभीर धाराओ में मुकदमा दर्ज हुआ था। वीडियो में जिसको आरोपी बताया गया वह व्यक्ति गवाह बना है जिसकी सुनवाई अगले कुछ दिनों बाद कोर्ट में होनी है। इंस्पेक्टर ने बताया कि अस्पताल से प्राप्त जानकारी के अनुसार लड़की के द्वारा जहर खाने जैसी कोई बात सामने नही आई है, लड़की ठीक है। फिर भी कोई तहरीर सामने आती है तो कार्रवाई की जाएगी।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर लटक रहा ताला नौनिहाल बच्चे करते रहते हैं इंतजार

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।**




बाल विकास विभाग की सुस्ती के चलते ईसानगर विकास खंड के कई आंगनबाड़ी केंद्रों पर ताला लटक रहा है। गिने-चुने केंद्रों पर मुट्ठीभर बच्चों को बैठाकर केंद्र के संचालन की औपचारिकता जरूर निभाई जा रही। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के मनमाने रवैये से केंद्रों का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

केंद्रों पर गर्भवती धात्री किशोरी व नौनिहालों की सेहत सुधारने के लिए दिया जाने वाला पोषाहार इन्हें न मिलकर पशुओं का आहार बन गया है। लखपेड़ा , फत्तेपुर, खनवापुर, गांव का आंगनबाड़ी केंद्र इसकी नजीर है। शासन ने आंगनबाड़ी केंद्रों की दशा सुधारने को लेकर भले ही निर्देश जारी किया है लेकिन, आंगनबाड़ी कार्यकत्री अपनी सुविधा के अनुरूप ही काम करती है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग को कई बार लापरवाही पकड़ में आने पर भी आंगनबाड़ी कार्यकत्री पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। जनता /लाभार्थी द्वारा बार/ बार शिकायत लेकिन इसके बाद भी उनकी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हो पा रहा है। गांव के अनिल, रोहित, अरुण, सुनीता,शिवानी,सरिता, का आरोप है कि केंद्र अक्सर बंद रहता है। शिकायत के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी जांच कर लापरवाह कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। बताया की केंद्र बंद होने से बच्चों को निराश होकर घर वापस लौटना पड़ता है। कार्यकत्री तथा सहायिका इन पांच वर्षो में सिर्फ आठ , दश बार ही केंद्र पर उपस्थित हुई होंगी।

> इस संबंध मे बाल विकास परियोजना अधिकारी ईसानगर प्रियंका कुमारी के फोन पर कई बार संपर्क करने की कोशिश की गई लेकीन फोन रिसीव नहीं हुआ ना ही कार्यकत्री से संपर्क हो सका। तब पश्चात जिला कार्यक्रम अधिकारी भारत प्रसाद के फोन नंबर पर संपर्क किया गया उनको इस संबंध में सूचना दी गई ,उनके द्वारा कहा गया कि देखते है।

# ट्रांसफर नीति की गणित फेल पहुंच वाले अधिकारी सालों से जमे

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

15 जून से लेकर 30 जून तक ट्रांसफर सत्र शुरू हुआ था। इसमें जिले में तीन वर्ष और मंडल में सात वर्ष पूरा करने वाले अधिकारियों का जिला परिवर्तित करना था। लेकिन यह गणित अब पूरी तरह से फेल हो चुका है। ताजा मामला जनपद बाराबंकी के पशुपालन विभाग का है।

जहां जैदपुर पशु चिकित्सालय पर तैनात डॉ सुनील सिंह करीब 6 वर्ष से एक ही अस्पताल पर तैनात है। और ज्यादातर अस्पताल से नदारद रहते है। लेकिन ऊंची रसूख और आधिकारिक पकड़ के चलते एकबार फिर इनका ट्रांसफर होते-होते रुक गया। और अक्सर गौशाला में जाने का बहाना बताकर गायब रहने वाले डॉ सुनील सिंह ने फिर एक बार जैदपुर पशु चिकित्सालय का कार्यभार संभाल लिया है! पशु चिकित्सालय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पशु पालको की माने तो अधिकांश लोग डॉ सुनील सिंह को क्षेत्र में कभी देखा ही नहीं है। पशु चिकित्सालय का अधिकांश कार्यभार झोलाछाप व चपरासी ही करते है। और तो और डॉक्टर की देखरेख में इलाज करने के नाम पर अवैध धन वसूली करते है। ये बात किसी से छुपी नहीं है।

# चार्टर्ड अकाउंटेंट बन पिता के सपने को किया साकार

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



अभिनव की कहानी उन सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है, जिनके अंदर कुछ करने का जज्बा और सफलता को हासिल करने का जुनून है, अभिनव गुप्ता ने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प के साथ ये साबित कर दिया कि कुछ भी असंभव नहीं है। उन्होंने चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा प्रथम बार में उत्तीर्ण करके यह साबित भी कर दिया उनके घर और परिवार में काफी खुशी का माहौल है। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने 11 जुलाई 2024 को अपनी फाइनल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 का रिजल्ट जारी कर दिया। इस परीक्षा में कई उम्मीदवार सफल हुए हैं। इन्ही में लखीमपुर निवासी अभिनव गुप्ता भी शामिल हैं, जिन्होंने 23 साल की उम्र में सीए चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा फर्स्ट अटेम्प्ट में ही पास कर ली है।

अभिनव गुप्ता ने बताया कि इस कोर्स में तीन लेवल शामिल थे- सीए फाउंडेशन, सीए इंटर और सीए फाइनल. अभिनव के लिए यह उपलब्धि इसलिए खास है, क्योंकि उनके पिता स्वर्गीय राजकुमार गुप्ता चाहते थे कि उनका बेटा सीए बने पिता के जाने के बाद काफी कठिनाइयों और संघर्षो से बावजूद ये सभी परिस्थितियां अभिनव के लक्ष्य में बाधा नही बनी। अभिनव ने बताया कि यह सपना उनके पिता का था और आज लक्ष्य हासिल करके उन्होंने अपने पिता स्वर्गीय राजकुमार गुप्ता को गौरवान्वित किया है और साथ ही इस सफलता में अपनी माँ, परिवार एवं बहनों, और शिक्षकों के मार्गदर्शन और आशीर्वाद का योगदान माना। अभिनव के अनुसार, अपने आप पर विश्वास बनाए रखना, अपनी पढ़ाई में निरंतरता बनाए रखना और सबसे महत्वपूर्ण बात, धैर्य रखना आवश्यक है अब, वह एक चार्टर्ड अकाउंटेंट के रूप में अपना काम शुरू करना चाहते हैं।

### 15 वर्षीय किशोर पर तेंदुआ ने किया हमला, हुई मौत

**ईसानगर खीरी।** थाना ईसानगर क्षेत्र के बहराइच बार्डर पर एक पंद्रह वर्षीय किशोर पर तेंदुआ ने हमला कर दिया। चीख सुनकर दौड़े ग्रामीणों के शोर मचाने पर तेंदुआ किशोर को छोड़कर खेतों की तरफ भाग गया। घायल अवस्था में परिजन अस्पताल पहुंचते इस से पहले ही रास्ते में उसकी मौत हो गई। मामला बहराइच बार्डर का होने के चलते मौके पर पहुंची मोतीपुर पुलिस ने शव को पी एम के लिए जिला मुख्यालय बहराइच भेज दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना ईसानगर क्षेत्र के ग्राम भदईपुरवा निवासी कैलाश घाघरा नदी में गांव कट जाने के कारण लखीमपुर बहराइच बार्डर पर जनपद बहराइच की सीमा में बसे सेनईपुरवा गांव में बस गए। शनिवार की सुबह करीब नौ बजे कैलाश का पंद्रह वर्षीय पुत्र अरविंद खेत में लगी मक्का की फसल की रखवाली करने गया था जहां मक्का के खेत में बैठे तेंदुआ ने अरविंद पर हमला कर दिया।

अरविंद की चीख सुनकर दौड़े अन्य किसानों ने शोर मचाया तो तेंदुआ अरविंद को छोड़कर भाग गया। तेंदुआ के हमले से गंभीर रुप से घायल हुए अरविंद के परिजन जब तक अस्पताल पहुंचते इससे पहले ही अरविंद की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची मोतीपुर पुलिस ने शव को पी एम के लिए जिला मुख्यालय बहराइच भेज दिया। वहीं मामला लखीमपुर बहराइच बार्डर का होने के चलते वनरेंज धौरहरा व मोतीपुर की टीमें मौके पर पहुंच गई और कांबिंग शुरू कर दी। वहीं हादसे के बाद क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है।

# लखनऊ ने दूसरे दिन जीते चार स्वर्ण, साई लखनऊ व साई रायबरेली को दो-दो स्वर्ण

समृद्धि न्यूज

▸ उत्तर प्रदेश राज्य ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2024

**लखनऊ।** मेजबान लखनऊ के खिलाड़ियों ने 40वीं सब जूनियर, 8वीं कैडेट, 42वीं जूनियर व 41वीं सीनियर क्योरगी व आठवीं पूमसे ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2024 के दूसरे दिन भी शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चार स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में लखनऊ जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बहुउद्देश्यीय हाल में आयोजित चैंपियनशिप में दूसरे दिन साई लखनऊ व साई रायबरेली के खिलाड़ियों ने 2-2 स्वर्ण पदक जीते। मथुरा, आगरा, बिजनौर, यूपी पुलिस को भी एक-एक स्वर्ण पदक मिले। दूसरे दिन के मुकाबलों में लखनऊ ने 4 स्वर्ण, 3 रजत व 6 कांस्य पदक अपने नाम किए। लखनऊ के खिलाड़ी अब तक 12 स्वर्ण, 8 रजत व 10 कांस्य पदक के साथ सबसे आगे चल रहे हैं। यूपी ताइक्वांडो एसो. के सचिव राजकुमार ने बताया कि दूसरे दिन की स्पर्धाओं में मथुरा की विशाखा, बिजनौर के अभिषेक कुमार, लखनऊ के हर्ष जोशी, अनिका चौहान, उर्वशी, कृष्णा वर्मा, आगरा की आरती शर्मा, यूपी पुलिस के ऋषि राय, साई रायबरेली के शनि कुमार व विनीत कुमार एवं साई लखनऊ की सानिया खान, सुमित सिंह ने स्वर्ण पदक जीते। बालिका जूनियर अंडर-46 किग्रा भार वर्ग में मथुरा की विशाखा ने स्वर्ण, आगरा की चित्रा ने रजत एवं चंदौली की श्रेया कुमारी गुप्ता व लखनऊ की लकी प्रजापति ने कांस्य पदक जीते। पुरुष सीनियर अंडर-63 किग्रा में बिजनौर के अभिषेक ने स्वर्ण, साई लखनऊ के उज्जवल कुमार ने रजत एवं देवरिया के हर्ष कुमार यादव व जौनपुर के अनीश कुमार यादव ने कांस्य पदक जीते।

# गोरखपुर में बनेगा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, खिलाड़ियों की निखरेगी प्रतिभा

▸ बेहतर प्रशिक्षण से क्रिकेट खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर करेंगे पूर्वांचल का नाम रोशन



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** गोरखपुर के ग्रामीण क्षेत्र में वैश्विक स्तर का क्रिकेट स्टेडियम बनेगा। इसके निर्माण की घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गत छह जुलाई को गोरखपुर दौरे में की थी। करीब 100 एकड़ में बनने वाले इस स्टेडियम की जमीन के लिए सड़क, हवाई यातायात की कनेक्टिविटी को ध्यान रखा जाएगा। अगर ऐसा हुआ तो कानपुर, लखनऊ, वाराणसी के बाद उत्तर प्रदेश का यह चौथा अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम होगा। इसका लाभ न केवल गोरखपुर बल्कि पूर्वांचल, सटे हुए बिहार और मित्र राष्ट्र नेपाल की खेल प्रतिभाओं को भी मिलेगा।

बेहतर प्रशिक्षण के जरिए क्रिकेट खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पूर्वांचल का नाम रोशन करेंगे। इस स्टेडियम के निर्माण से स्पोर्ट्स के कारोबार, स्पोर्ट्स टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर को भी लाभ होगा। यही नहीं इससे स्पोर्ट्स के कारोबार में भी बूम आएगा। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के मैच शुरू होने पर स्पोर्ट्स टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर को भी लाभ होगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री आदित्यनाथ को खेलों से खासा लगाव है। समय-समय पर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों से वह न केवल मिलते हैं बल्कि उनको सम्मानित भी करते हैं। इसी क्रम में कुछ रोज पहले टी-20 विश्व विजेता टीम के हिस्सा रहे उत्तर प्रदेश के क्रिकेटर कुलदीप यादव से भी उनकी अपने आवास पर भेंट हुई थी। यही नहीं ऐसे खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में जाने के पहले वह हौसला अफजाई भी करते हैं। अगस्त 2021 में खिलाड़ियों के सम्मान में ही यहां लखनऊ में उनके मार्गदर्शन में खेल कुंभ का भी आयोजन हुआ था।

### पांच साल की नई खेल नीति तैयार कर रही सरकार

इसी में मुख्यमंत्री ने लखनऊ में खेल एकेडमी बनाने एवं कुश्ती समेत दो खेलों को एडॉप्ट करने एवं 10 साल तक इनके वित्त पोषण की भी घोषणा की थी। प्रदेश की खेल प्रतिभाओं में दक्षता बढ़े इसके लिए मेरठ में हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद के नाम से खेल विश्वविद्यालय भी बन रहा है। गांव-गांव में खेल मैदान, ओपन जिम, गंगा के तटवर्ती गावों में गंगा मैदान बनाने के पीछे भी जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देना है। योगी सरकार इसी मकसद से पांच साल के लिए नई खेल नीति लाने की भी तैयारी कर रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण की घोषणा भी इसी की एक खड़ी है।

## खबरें एक नजर में

### मॉर्निंग वॉक के लिए निकले बुजुर्ग की लाश कुकरैल नदी में मिली

**लखनऊ,समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में सर्वोदय नगर में कुकरैल नदी में शनिवार एक बुजुर्ग की लाश मिली। वे शुक्रवार सुबह से ही लापता थे। शव को नदी में देखकर लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस ने गोताखोर की मदद से शव को नदी से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। गाजीपुर पुलिस के मुताबिक नदी में सर्वोदय नगर निवासी विदेशी कश्यप (76) का शव मिला है। उनके दामाद राजेश कश्यप ने बताया कि विदेशी रोज की तरह शुक्रवार को भी मार्निंग वॉक पर निकले थे लेकिन घर नहीं लौटे। इसके बाद उनकी तलाश शुरू हुई। जब कोई जानकारी नहीं मिली तो बेटे दीपक ने गाजीपुर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। शनिवार पुलिस ने उनके शव मिलने की सूचना दी। बेटे दीपक के मुताबिक पिता पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे। इसके चलते डिप्रेशन में थे। शव को देखकर ऐसा लग रहा है कि वे टहलते वक्त नदी में गिर गए।

### आयुष अस्पताल में पौधारोपण, पेड़ लगाने का संकल्प

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के पीजीआई इलाके के कल्ली पश्चिम स्थित 50 शैय्या एकीकृत आयुष चिकित्सालय में शनिवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजित किया गया। इसके बाद पूरे अस्पताल परिसर में साफ-सफाई का अभियान चलाया गया। अस्पताल के अधीक्षक डॉ संदीप शुक्ला ने बताया कि वृक्ष हमारे जीवन का सबसे महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। इस दौरान स्टाफऔर डॉक्टरों ने व्क् में आए सभी मरीज व तीमारदारों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप सभी अपने घर के एक सदस्य के जन्मदिन के अवसर पर एक वृक्ष अवश्य लगाएं। साथ ही उसकी रक्षा भी करें। परिसर में बीस पौधे लगाए गए हैं। इस मौके पर डॉक्टर आशुतोष शुक्ल, डॉ ज्ञान प्रकाश मौर्य, डा सुशील त्रिपाठी सहित अस्पताल के स्टाफअभिषेक, आलोक, दिलीप, फिरदौस, विकास और सौरभ शामिल रहे।

### समाधान दिवस पर एसडीएम ने शिकायतें सुनीं

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** समाधान दिवस के मौके पर उपजिलाधिकारी बीकेटी ने फरियादियों की शिकायत इटौंजा थाने में सुनीं। राजस्व और पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतें सबसे ज्यादा रहीं। शनिवार 2 बजे तक चले समाधान दिवस में बीकेटी थाने में राजस्व जुड़ी एक शिकायत दर्ज कराई गई। वहीं महिंगवा थाने में 3 शिकायत दर्ज की गईं। इन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इसी तरह से इटौंजा थाने में उपजिलाधिकारी बीकेटी सतीश चन्द्र त्रिपाठी के सामने राजस्व से जुड़े 9 और पुलिस से जुड़ी 2 शिकायतें दर्ज कराईं गईं।

### दिन में छाया अंधेरा, 40 किमी की रफ्तार से चली हवा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में तेज हवा के साथ बारिश हो रही है। सुबह से ही काले बादल छाए हुए थे। कुछ एरिया में धूप भी निकली हुई थी, इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से परेशान होना पड़ा। शनिवार सुबह 9 बजे तापमान 29 डिग्री दर्ज किया गया। 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पूर्वी हवा चली। मौसम विभाग ने बताया कि गरज और चमक के साथ आज तेज बारिश हो सकती है। इस दौरान अधिकतम तापमान 35 डिग्री, जबकि न्यूनतम तापमान 27 डिग्री रहेगा। वहीं, शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान 36 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य तापमान से 1.9 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 27.5 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य तापमान से 1.6 डिग्री ज्यादा रहा।

### सीएसयू में पालि कार्याशाला का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में बौद्धदर्शन एवं पालि विद्याशाखा द्वारा व्यवहारिक व्याकरण सीखने का आयोजन हुआ। पालि सिखाते हुए प्रशिक्षक ने आधुनिक तकनीकी ज्ञान तथा भाषा शिक्षण प्रविधि की जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित प्रशिक्षक डॉ. प्रफुल्ल गड़पाल ने बताया कि आसानी से पालि सिखायी जा सकती है। इनोवेटिव लर्निंग (नवाचारी शिक्षण) के जरिए पालि को देश के घर-घर तक पहुंचाया जा सकता है। इसी प्रकार इस माध्यम से विदेशी जिज्ञासु भी पालि भाषा के व्याकरणिक ज्ञान का लाभ ले सकते हैं। आज सोशल मीडिया के माध्यम से पालि के अभिनव शिक्षण तन्त्र को विकसित किया जा रहा है। भविष्य में इसकी मदद से पालि सीखना सरल हो जायेगा। इसी प्रकार डॉ. प्रफुल्ल गड़पाल ने कक्षा एक से लेकर कक्षा आठ तक की शिक्षा के लिए तैयार की गयी पुस्तिकाएं भी पालि सीखने में मददगार सिद्ध होंगी।

### छत पर मिली 14 वर्षीय किशोर की लाश, हत्या का आरोप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के हसनगंज इलाके में 14 साल के लड़के का शव छत पर पाया गया है। किशोर के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद, मौके पर मिले साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के मुताबिक, मल्लावा हरदोई निवासी संतोष श्रीवास्तव का बेटा शिवा श्रीवास्तव (14) हसनगंज में शनि मंदिर के पास गोंडा के रहने वाले अनुपम और शिवम के साथ रहता था। वह आशियाना में पार्लर का काम सीख रहा था। शुक्रवार रात करीब 9 बजे किसी बात को लेकर तीनों में विवाद हुआ। इसके बाद शिवा की लाश छत पर पाई गई। घरवालों को सूचना देकर बताया कि शिवा ने फांसी लगा ली है। परिजनों ने घटनास्थल पर पहुंचने के बाद हत्या की आशंका जताई है। हालांकि लड़के के गले में रस्सी लिपटी मिली थी। इस मामले में पुलिस तीन लोगों को हिरासत में लिया है। शव की पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह का पता चल पाएगा।

### एमएलसी ने पौधरोपण कर पर्यावरण संतुलन का संदेश दिया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इंदिरा नगर के ए ब्लाक में विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा ने पौधरोपण कर पर्यावरण संतुलन का संदेश दिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में मोहल्ले के जागरूक लोग उपस्थित रहे। एमएलसी के साथ ही स्थानीय लोगों ने एक पेड़ मां के नाम लगाकर सभी को जागरूक किया। इस मौके पर एमएलसी ने कहा कि सभी को अपनी मां की याद में एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। इससे एक ओर हमें अपनी मां की यादों को संजोने का मौका मिलेगा वहीं पृथ्वी को हरा भरा बनाने में बड़ा योगदान देंगे। कार्यक्रम के आयोजक सुनील त्यागी ने सभी का आभार प्रकट करते हुए नगर निगम को पौधे उपलब्ध कराने के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि आज पर्यावरण के संतुलन के लिए पौधरोपण बहुत जरूरी है। डॉक्टर एके सक्सेना, डॉक्टर पीएन वर्मा, डॉक्टर नीरज टंडन, एमएम पाठक, एसएन कनौजिया, अतुल प्रकाश, विजय मेहता, संजीव गर्ग, उमाकांत, अजय वर्मा, मनमोहन अग्रवाल, ओमप्रकाश एडवोकेट, महेश वाल्मिकी, विनीता नागर, ललित कुमार, संजीत, विकास वर्मा, विनीत टंडन, राहुल तिवारी, तुशार, दयाराम, राम दुलारे, शंकर, भारत, बीना त्यागी, नीलम प्रकाश, वीना थपलियाल, दिया गुप्ता समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

### एसजीपीजीआई में निकला अजगर, वीडियो वायरल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के एसजीपीजीआई अस्पताल यानी कि संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान कैंपस के अंदर कई फुट लंबा अजगर निकला। उसे सड़क क्रॉस करते देख गया तो कुछ लोगों ने वीडियो बना लिया। अब वह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि करीब दस फुट से ज्यादा लंबा अजगर सड़क पर रेंगते हुए सड़क किनारे झाड़ियों की ओर जाता दिख रहा है। बताया जा रहा है कि कैंपस परिसर में इसके पहले भी कई बार अजगर निकल चुके हैं। मोहनलालगंज व निगोहां में हुयी सड़क

### दुर्घटनाओं में महिला मजदूर समेत दो घायल

**लखनऊ।** शनिवार की सुबह पहली दुर्घटना निगोहां कस्बे में हुयी,जहां तेज रफ्तार बाइक ने मजदूरी करने निकली महिला कोमल निवासी बैरीसालपुर थाना मोहनलालगंज को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में घायल महिला मजदूर को सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजन एम्बुलेंस से इलाज के लिए सीएचसी लेकर गये, जहां भर्ती कर उसका इलाज जारी हैं। दूसरी दुर्घटना शुक्रवार की देर रात मोहनलालगंज के पचौरी गांव के पास हुयी, जहां तेज रफ्तार कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

# यात्री व स्कूल बसों का परमिट, फिटनेस इंश्योरेंस व ड्राइवरों की जांच हो : योगी

▸ सड़कों पर बिना परमिट बस चलती मिली तो अफसरों पर होगी कार्रवाई



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उन्नाव बस हादसे को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रुख अख्तियार किया है। परिवहन विभाग के अधिकारियों को सीएम योगी ने दो टूक निर्देश दिये हैं कि भविष्य में प्रदेश की सड़कों पर डग्गामार या बिना परमिट कोई बस चलती मिली तो संबंधित अधिकारियों की खैर नहीं।

अपने सरकारी आवास पर एक अति महत्वपूर्ण बैठक के दौरान परिवहन विभाग के अधिकारियों को सीएम ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि प्रदेश में चल रही सभी यात्री बसों और स्कूल बसों का परमिट, फिटनेस, इंश्योरेंस और ड्राइवरों की गहनता से जांच की जाए। वहीं मुख्यमंत्री के कड़े रुख के बाद परिवहन विभाग ने पूरे प्रदेश में एक माह तक डग्गामार और बिना परमिट वाले वाहनों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान के निर्देश जारी कर दिये हैं। मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव परिवहन को निर्देशित करते हुए कहा कि आखिर डग्गामार और बिना परमिट वाली बसें सड़कों पर कैसे बेरोकटोक घूम रही हैं।

ऐसी बसों के खिलाफ पूरी सख्ती के साथ अभियान चलाएं और इनके मालिकों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाए। सीएम योगी ने स्पष्ट तौर पर निर्देशित करते हुए कहा है कि जहां भी इस प्रकार की बसों का संचालन हो रहा है, वहां के परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश में पंजीकृत सभी यात्री बस और स्कूल बसों के फिटनेस, परमिट, इंश्योरेंस और ड्राइवरों की जांच की जाए। इसके बाद कहीं भी कोई अप्रिय घटना हुई तो सीधे सीधे परिवहन विभाग के अधिकारी जिम्मेदार होंगे। कहा कि डग्गामार और बिना परमिट वाले वाहन किसी भी दशा में सड़क पर न उतरने पाए। उन्होंने कहा कि डग्गामार और बिना परमिट वाली बसों को सड़क पर आने से पहले ही रोकना होगा। मुख्यमंत्री के कड़े रुख के बाद परिवहन विभाग के आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने प्रदेश के सभी उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र), सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन), सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) को निर्देश दिए हैं कि एक माह तक अनवरत रूप से सड़क अभियान चलाया जाए।

इस दौरान यात्री बसों के साथ ही स्कूली वाहनों की भी चेकिंग की जाए। उन्होंने इसके लिए प्रदेश के विभिन्न टोल प्लाजा पर संभागीय परिवहन अधिकारियों की तिथिवार ड्यूटी लगा दी है। साथ ही निर्देश दिये हैं निर्धारित तिथियों में प्रत्येक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) सम्बन्धित टोल प्लाजा पर स्वयं उपस्थित होकर सम्भाग के समस्त प्रवर्तन अधिकारियों के साथ इन्फोर्समेंट की कार्रवाई करेंगे। चिन्हित स्थानों पर एक-एक इण्टरसेप्टर तैनात की जाएगी। इस दौरान की जाने वाली कार्रवाई की जानकारी और फोटो विभाग के व्हाट्सएप ग्रुप में प्रेषित की जाएगी।

# उत्तर प्रदेश के टोल प्लाजा पर लगाई गई आरटीओ की ड्यूटी

समृद्धि न्यूज

▸ परिवहन आयुक्त का फरमान, चलेगा महीनाभर चेकिंग अभियान

**लखनऊ ।** यूपी के परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने आज उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र, सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन, प्रवर्तन, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन,प्रवर्तन को निर्देश दिए हैं कि एक माह तक अनवरत रूप से सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु यात्री, स्कूली वाहनों की चेकिंग की जाय। उन्होंने टोल प्लाजा पर संभागीय परिवहन अधिकारियों की तिथिवार ड्यूटी लगाई है।

निर्धारित तिथियों में प्रत्येक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन टोल प्लाजा पर स्वयं उपस्थित होकर सम्भाग के प्रवर्तन अधिकारियों के साथ प्रवर्तन कार्यवाही करेंगे। चिन्हित स्थानों पर एक-एक इण्टरसेप्टर तैनात की जाएगी। कार्यवाही से सम्बन्धित सूचना एवं फोटो विभागीय व्हाट्स एप्प ग्रुप में प्रेषित करनी होगी। बिना अनुमति के किसी भी प्रकार का विचलन ग्राह्य नहीं होगा। सड़क सुरक्षा तथा स्कूली बच्चों का सुरक्षित परिवहन प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। मुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु समय-समय पर निर्देश दिये जाते हैं। यात्री वाहन एवं स्कूली वाहनों की दुर्घटना रोकने के लिए आवश्यक है कि वाहनों के समस्त प्रपत्र वैध हों तथा वाहन चालक यातायात के नियमों का पालन करें।

प्रदेश में पंजीकृत कुल यात्री, स्कूली वाहनों के सापेक्ष अधिकतर वाहनों की फिटनेस ,परमिट वैध नहीं है, जिसके कारण किसी भी अप्रिय घटना होने के कारण परिवहन विभाग प्रत्यक्ष रूप से उत्तरदायी होता है। आवश्यक है कि वाहन पोर्टल के माध्यम से जनपदों में पंजीकृत यात्री, स्कूली वाहनों की सूची प्राप्त कर उनमें से फिटनेस, परमिट, बीमा की वैधता समाप्त होने पर ऐसे वाहनों के विरूद्ध चालान, बन्द की कार्यवाही की जाय। चेकिंग में पाये गये यात्री यानों को चेक करते समय वाहन एआईएस 119 में निर्धारित मानकों को पूर्ण करे तथा कमी पाये जाने पर वाहन को आवश्यक रूप से थानों, सुरक्षित स्थानों पर निरूद्ध किया जाय।

# गांवों तक पहुंचा गोमती नदी का पानी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** लखनऊ में बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र के इटौंजा इलाके में गोमती नदी के बढ़ते जलस्तर से आधा दर्जन से अधिक गांवों में जलभराव हो गया है। वहीं, क्षेत्र के कठवारा गांव में स्थित मां चंद्रिका देवी मंदिर के मुख्य मार्ग पर भी आदि गंगा गोमती नदी का जलस्तर बढ़ने से जगह-जगह जलभराव हो गया है।

बीकेटी क्षेत्र के इटौंजा इलाके में स्थित गोमती नदी का जलस्तर बढ़ने से क्षेत्र के अकडरिया कला, सुल्तानपुर गांव, लासा, बहादुरपुर तथा बगहा गांव सहित आधा दर्जन से अधिक गांवों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। वहीं, बीकेटी क्षेत्र के कठवारा गांव में स्थित आदि शक्ति स्वरूपा मां चंद्रिका देवी मंदिर के मुख्य मार्ग पर आदि गंगा गोमती नदी का पानी भर गया है। वहीं, दुकानदारों ने अपनी दुकान बंद कर दी हैं। जलभराव से दूर-दराज से आने वाले भक्तों को परेशान होना पड़ रहा है। हालांकि मां चंद्रिका देवी मंदिर मेला समिति द्वारा सेवादार वहां तैनात कर दिए गए हैं ताकि भक्तों को असुविधा न हो।

कठवारा गांव निवासी दलगंजन व मंझी गांव निवासी दुकानदार ने बताया कि जिस जगह पानी भर गया है, वहां पर लगी लाइट खराब होने से अंधेरे में भक्तों के वाहन अचानक पानी में जाकर खराब हो रहे हैं। मंदिर परिसर में स्थित प्रसाद विक्रेता अंशुमान वाजपेयी ने बताया कि मुख्य मार्ग पर जलभराव हो गया है। क्षेत्रीय दुकानदार और मेला समिति के सदस्य भक्तों की मदद कर रहे हैं। ज्यादातर नदियों का पानी पूरब दिशा की तरफप्रवाहित होता है। शास्त्रों के अनुसार यह कल्याणकारी माना जाता है। वहीं यह भी कहा जाता है कि आदि गंगा गोमती नदी नैमिषारण्य में स्थित मां ललिते मैय्या के चरणों को स्पर्श कर पुनः मां चंद्रिका देवी के चरणों को स्पर्श करने के बाद ही अपनी दिशा में प्रवाहित होता चला जाता है।

### बीजेपी राज में आए काले दिनों के लिए कौन सी तिथि का चयन हो : अखिलेश

**लखनऊ।** केंद्र सरकार द्वारा 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाए जाने का फैसला लिया गया है। विपक्षी दलों ने मोदी सरकार के इस कदम की आलोचना की है। 1975 में जिस दिन आपातकाल लगाया गया उसे दिवस के रूप में मनाने के फैसले को पीएम मोदी द्वारा सुर्खियां बटोरने की एक कवायद करार दिया है। वहीं, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए भारतीय जनता पार्टी से अन्य दिवस को लेकर 15 सवाल किए। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि 30 जनवरी को 'बापू हत्या दिवस' व 'लोकतंत्र हत्या दिवस' के संयुक्त दिवस के रूप में मनाना चाहिए क्योंकि इसी दिन चंडीगढ़ में भाजपा ने मेयर चुनाव में धांधली की थी। भाजपा बताए कि मणिपुर में नारी के मान-अपमान हत्या दिवस, हाथरस की बेटी हत्या दिवस, लखीमपुर में किसान हत्या दिवस, कानपुर देहात में माँ-बेटी हत्या दिवस, तीन काले कानूनों से कृषि हत्या दिवस को मनाने के लिए कौन सी तिथि चुनी जाए। राजद के नेता मनोज झा ने सुझाव दिया कि भाजपा सरकार पहले 30 जनवरी को जिस दिन महात्मा गांधी की हत्या हुई थी उसे गांधी हत्या दिवस घोषित करे।

# जनसंख्या नियंत्रण के लिए केन्द्र सरकार बनाएं कानून : मोहित



समृद्धि न्यूज

▸ पीएम से कानून बनाकर त्वरित लागू करने की अपील

**लखनऊ ।** शनिवार को धर्म रक्षा संघ द्वारा धर्म सभा का आयोजन प्राचीन श्री हनुमान मंदिर कलाकोठी घाट चौक में किया गया जिसमें धर्म रक्षा संघ द्वारा प्रधानमंत्री मोदी से जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाकर त्वरित लागू करने की अपील की गई। संघ के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहित शर्मा ने कहा एक समुदाय विशेष की बढ़ती जनसंख्या को रोकने हेतु भारत सरकार को जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाना चाहिए।

नगर अध्यक्ष आचार्य राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि भारत की जनसंख्या लगभग 140 करोड़ से भी अधिक हो गई है देश अब ज्यादा बोझ नहीं सह सकता है इसलिए भारत सरकार से हम अपील करते हैं कि जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाना अति आवश्यक है। संघ के महामंत्री पंडित नीरज अवस्थी ने कहा देश की जनसंख्या देश की मौजूदा स्थिति से बहुत गंभीर हो गई है देश की संसद को बढ़ती जनसंख्या पर नियंत्रण हेतु कानून जल्द से जल्द बनाना चाहिए। इस अवसर पर चौक समाचार पत्र वितरक कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं संघ के मीडिया प्रभारी प्रदीप कुमार वर्मा एवं धर्म रक्षा संघ से जुड़े हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंडित अंकुर दीक्षित, पवन निषाद, बलदेव शर्मा, गोपाल नाथ शर्मा, संजय अवस्थी, दिलीप सैनी, आचार्य महामाया दत्त पाराशर, गौरव गुप्ता, नितिन मेहरोत्रा, शिवा अवस्थी, कृष्णा मिश्रा, पंडित कपिल कुमार पांडे, किरन द्विवेदी, पंडित उमेश अवस्थी, पंडित हर्षित तिवारी, राम नारायण, सुमन श्रीवास्तव, पंडित लव कुश तिवारी, द्रोपदी निषाद ,आनंद तिवारी, गोविंद मिश्रा, मुन्ना कनौजिया आदि ने सहभागिता की।

### तेज रफ्तार ट्राले ने साइकिल सवार मजदूर को रौंदा, मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के गौरा गांव में शनिवार की सुबह तेज रफ्तार गिट्टी लदे ट्राले की टक्कर से साइकिल सवार मजदूर की मौके पर दर्दनाक मौत हो गयी। दुर्घटना कर मौके से भागे ट्राले व चालक को पुलिस ने मोहनलालगंज कस्बे में पकड़ा। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक मजदूर के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। मृतक मजदूर के परिजनो की तहरीर पर पुलिस ने ट्राले व चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया। मोहनलालगंज क्षेत्र के गोविंदपुर मजरा कुड़ौली गांव निवासी राजेश रावत (40 वर्ष) शनिवार की सुबह साइकिल से अपने चचेरे भाई लवकुश के साथ गौरा में स्थित एक प्लाटिंग साइड पर मजदूरी करने निकला थे, मजदूर राजेश साइकिल से जैसे गौरा कालोनी पर पहुंचा ही था कि तभी रायबरेली की तरफसे तेज रफ्तार में आ रहे गिट्टी लदे ट्राले ने उसे जोरदार टक्कर मार दी ओर मजदूर को रौदतें हुये ट्राले समेत चालक मौके से भाग निकला।

### मनरेगा में महिलाओं की भागीदारी में वृद्धि

**लखनऊ।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व और निर्देशन में ग्राम्य विकास विभाग की योजनाओं में महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। महिला स्वावलंबन व सशक्तीकरण की दिशा में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा नित नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। मनरेगा योजना में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी में इस वर्ष अन्य वर्षो की तुलना में सबसे अधिक है। ग्रामीण महिलाओं की आजीविका संवर्धन से महिलाएं स्वावलंबी बन रही हैं। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक मनरेगा योजना के तहत 8.70 करोड़ मानव दिवस सृजित हुए, जिनमें लगभग 3.78 करोड़ महिलाएं हैं, जो 43.53 प्रतिशत है।उत्तर प्रदेश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी मनरेगा के तहत महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है।

**अभियान** — उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नागरिकों व संस्थाओं का होगा सम्मान

# कल से चलेगा हर घर स्वच्छता, हर घर हरियाली अभियान

▸ होम कम्पोस्टिंग से पौधारोपण व वेजिटेबल फार्मिंग को भी बढ़ावा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** होम कम्पोस्टिंग को बढ़ावा देने के लिए 15 जुलाई से 15 सितम्बर तक 2 माह का श्हर घर स्वच्छता, हर घर हरियाली अभियान चलाया जायेगा। निदेशक नगरीय निकाय एवं स्वच्छ भारत मिशन नगरीय अनुज कुमार झा ने इस संबंध में सभी नगर आयुक्त व अधिशासी अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिया है।

इस अभियान के अंतर्गत प्रदेश के सभी जनपदों, निकायों में 15 जुलाई से 15 सितम्बर तक 75,000 होम कम्पोस्टिंग के लिए घरों का चयन कर इन घरों में वेट वेस्ट का स्वतः निस्तारण करने के साथ पौधरोपण को भी बढ़ावा दिया जाएगा। इस दौरान प्रत्येक जनपद में 1000 नागरिकों को चयनित कर होम कम्पोस्टिंग के लिए प्रेरित किया जायेगा, इससे घरों में बाग, टेरिस गार्डन व बॉलकनी गार्डन के साथ हर घर में स्वच्छता हरियाली को बढावा दिया जायेगा।अभियान के दौरान प्रत्येक घर को चिन्हित् कर 02 माह की समयावधि में वेट वेस्ट से कम्पोस्ट तैयार कर, कम्पोस्ट से पौधारोपण व वेजिटेबल फार्मिंग को बढावा दिया जाना है। प्रत्येक घर में न्यूनतम 01 सब्जी उगाये जाने व स्त्रोत पृथक्कीकरण हेतु नागरिकों को जागरुक किया जायेगा। निदेशक अनुज कुमार झा ने बताया कि प्रदेश में 15 जुलाई से शुरू होने वाले श्हर घर स्वच्छता, हर घर हरियालीश् अभियान के अन्तर्गत प्रदेश के समस्त जनपदों की निकायों में 75,000 होम कम्पोस्टिंग के लिए जनपदवार 1000 नागरिकों को चिन्हित् किया जायेगा, जो होम कम्पोस्टिंग द्वारा घरों के बाग, टेरिस गार्डन व बॉलकनी गार्डन आदि से हर घर में स्वच्छता एवं हरियाली को बढावा देंगे। प्रत्येक घर को चिन्हित् कर 02 माह की अवधि में कम्पोस्ट तैयार कर, कम्पोस्ट से पौधारोपण व वेजिटेबल फार्मिंग को बढ़ावा दिया जायेगा।

प्रत्येक जनपद में 1000 घरों में 02 माह तक कार्य का अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण किया जाएगा। प्रत्येक घर में न्यूनतम 01 सब्जी उगाये जाने हेतु नागरिकों को जागरुक किया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन, नगरीय द्वारा चलाये जा रहे हर घर स्वच्छता, हर घर हरियालीष् कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी नागरिकों को स्त्रोत पृथक्कीकरण के लिए भी जागरूक किया जाएगा। हर घर स्वच्छता, हर घर हरियाली कार्यक्रम के अंतर्गत 02 माह की अवधि पूर्ण होने पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा जिसमें टॉप 1000 नागरिकों को 1000 रूपये मूल्य के, टॉप 100 नागरिकों को 2000 रुपये मूल्य के, टॉप 10 नागरिकों को 3000 रूपये मूल्य के तथा टॉप 03 नागरिकों को 5000 रुपये मूल्य की वस्तु नागरिक उपहार स्वरुप भेंट की जाएगी एवं उत्कृष्ट कार्य किये जाने पर राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

## बारिश से हलकान जिंदगी

जिस्म झुलसाती गर्मी के बाद जिस मानसून के स्वागत में लोग पलक-पांवड़े बिछाए बैठे थे, उसके आने के बाद देश के विभिन्न भागों में बाढ़, भूस्खलन व जलभराव से सामान्य जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। विभिन्न राज्यों में कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। भारत ही नहीं, पड़ोसी देश नेपाल में भूस्खलन के बाद दो बसें उफनती नदी में गिर गईं, जिससे साठ लोगों के लापता होने की आशंका है। उत्तर प्रदेश में शुक्रवार को आठ सौ गांव बाढ़ से प्रभावित बताए गए, जिसमें करीब चालीस लाख लोगों पर इसका असर पड़ा है। कई गांवों में घर से काम पर निकलने के लिये लोगों ने नावों का इस्तेमाल किया। दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर तीन फीट से अधिक पानी खड़ा था। जिसके कारण हाईवे का एक हिस्सा बंद कर दिया गया है। वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से निकाला जा रहा है। पीलीभीत के एक डैम का पानी छोड़े जाने से दर्जनों गांव जलमग्न हो गए। गांवों में चार से पांच फीट तक पानी भर जाने के कारण लोग सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने को मजबूर हो गए हैं। लोगों का कहना है कि ऐसी बाढ़ डेढ़ दशक बाद देखी गई है। कई स्थानों पर राप्ती नदी खतरे के निशान को पार कर बह रही है, जिससे कई गांवों पर बाढ़ का संकट मंडरा रहा है। लाखों हेक्टेयर में खड़ी फसल जलमग्न हो गई है। कई जगह कटाव के कारण जल भराव देखा गया है। नेपाल से लगते उत्तर प्रदेश के सात जिलों में भी बाढ़ जैसे हालात हैं। यहां एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीमें राहत व बचाव में लगी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हवाई सर्वेक्षण से बाढ़ का जायजा लिया है। देश की वाणिज्य राजधानी मुंबई में भी मूसलाधार बारिश से सामान्य जनजीवन बुरी तरह बाधित रहा। जहां एक ओर सड़कें जलमग्न रही, रेल की पटरियों में पानी भर गया तो हवाई यात्रा भी बाधित हुई। कई एअरलाइन्स को एडवाइजरी जारी करनी पड़ी कि हवाई जहाजों को उड़ान भरने में देरी हो सकती है। वहीं दूसरी ओर उत्तराखंड में बारिश कहर बनकर बरस रही है। पिछले पांच दिन से लगातार जारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन से करीब दो सौ से अधिक सड़कें बंद हो गई हैं। सबसे चिंताजनक हालात चारधाम मार्ग पर हैं। करीब दो दर्जन स्थानों पर हुए भारी भूस्खलन से चारधाम यात्रा मार्ग पिछले तीन दिन से बंद है। जिसके चलते करीब चार हजार श्रद्धालु बीच में ही फंसे हुए हैं। बद्रीनाथ रूट पर भूस्खलन के कारण दोनों तरफ लंबा जाम लगा है। सड़कों के किनारे गाड़ियों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। कई गहरे निचले इलाकों में जलभराव के कारण यातायात ठप हो गया है। हालांकि बद्रीनाथ मार्ग पर प्रशासन सड़कों से मलबा हटाने में जुटा है लेकिन बारिश के कारण राहत कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है।

## बजट में मध्यम वर्ग व विकसित भारत विज़न 2047 की गूंज सुनाई देने की संभावना

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**



**राष्ट्रपति ने पिछले महीने संसद की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए संकेत दिया था कि सरकार सुधारों की गति बढ़ाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाएगी। सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट को लेकर ये बैठक बहुत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। विदेशी ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टैनली ने भी बीतेकल अपनी रिपोर्ट में कहा है किकेन्द्रीय वित्तमंत्री इस बजट में विकसित भारत के लिए रोडमैप पेश कर सकती है।बजट आने में 08 दिन बचे हैं और इससे पहले पीएम इसको लेकर महामंथन कर रहे हैं। पीएम की नीति आयोग और अर्थशास्त्रियों के साथ दिल्ली के नीति आयोग में बजट को लेकर बैठक हुई है।आनेवाली 23 जुलाई को आम बजट 2024 पेश किया जाएगा और वित्त मंत्री वित्त वर्ष 2024--25 के लिए खर्चों और कमाई का लेखा जोखा संसद के पटल पर रखेंगी।**

गोंदिया वैश्विक स्तरपर हम देख रहे हैं कि सरकारें अपनी निरंतरता खो रही है, जिसका सटीक उदाहरण हाल ही में ब्रिटेन, फ्रांस, ईरान, नेपाल इत्यादि देशों में सरकारें बदली है,जिसकी चर्चा माननीय पीएम ने भी ऑस्ट्रिया में दिनांक 10 जुलाई 2024 को मूल भारतीयों को संबोधन के समय की थी और हैट्रिक 3.0 का भी उल्लेख किया था और वहां से देर रात्रि भारत लौटकर 11 जुलाई 2024 को ही नीति आयोग व प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक कर महामंथन कर उनके सुझावों को गंभीरता से सुना था। अब अमेरिका में भी जहां 5 नवंबर 2024 को चुनाव होने हैं कुछ सुब्सुबाहट शुरू हो चुकी है।हालांकि भारत में हैट्रिक 3.0 रहा परंतु यह पूरी तरह क्लियर नहीं रहा जैसा कि पिछले दो टर्म में हुआ था। यानें सत्ताधारी पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं बल्कि बैसाखियों का सहारा मिल चुका है, जिसका संज्ञान पार्टी ने जरूर लिया होगा, और हर उस बिंदु पर आपसी महामंथन जरूर किया होगा जिसका समाधान अब पूर्ण बजट एटद रेटऑफ 23 जुलाई 2024 के माध्यम से पाटनें की कोशिश जरूर होगी मेरा मानना है कि 18वीं लोकसभा में मध्यम वर्ग ने चुनाव में अपनी गूंज जरूर सुनाई होगी, क्योंकि वर्ष 2014 से लेकर अभी तक आयकर स्लैब में कोई परिवर्तन नहीं दिया गया है और मध्यमवर्ग वालों को कोई भी स्कीम नहीं दी गई थी हालांकि यही वर्ग सबसे अधिक कर देने में आगे रहता है। सीधी भाषा में कहें तो राष्ट्र के विकास में इस वर्ग का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। इन्हीं के टैक्स के बलपर रेवड़ियों का वितरण होता है, और इन्हें ही अगर नजर अंदाज किया जाएगा तो अपनें वोट अस्त्र के माध्यम से अपनी गूंज जरूर सुनाई होगी, जिसका संज्ञान इस पूर्ण बजट 2024 के माध्यम जरूर लिया लिए जाने की संभावना है। मेरा पूर्ण विश्वास है कि इस बजट के माध्यम से मध्यम वर्ग के लिए सौगातो की बारिश हो सकती है तथा इन्हीं सौगातो के कारण विजन 2047 को तेजी से आगे बढ़ाने की ताकत भी मिलेगी। चूंकि मध्यमवर्ग ने 18 वीं लोकसभा चुनाव मतदान में गूंज सुनाई, बात सबसे अधिक टैक्स देने वाले मध्यम वर्ग को सौगात देने महामंथन पर आई, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, पूर्ण बजट एटद रेटऑफ 23 जुलाई 2024 मध्यम वर्ग,पूंजीगत खर्च व विकसित भारत विज़न 2047 की गूंज सुनाई देने की पूर्ण संभावना है।

साथियों बात अगर हम पूर्ण बजट 23 जुलाई 2024 के महत्व और 11 जुलाई 2024 को पीएम के नीति आयोग व अर्थशास्त्रियों से महामंथन की करें तो,हैट्रिक 3.0 का पहला बजट-देश भर की निगाहें इस पर यह सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट है। इस प्रमुख आर्थिक दस्तावेज में 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की रूपरेखा पेश किए जाने की उम्मीद है। राष्ट्रपति ने पिछले महीने संसद की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए संकेत दिया था कि सरकार सुधारों की गति बढ़ाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाएगी। सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट को लेकर ये बैठक बहुत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। विदेशी ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टैनली ने भी बीतेकल अपनी रिपोर्ट में कहा है किकेन्द्रीय वित्तमंत्री इस बजट में विकसित भारत के लिए रोडमैप पेश कर सकती है।बजट आने में 08 दिन बचे हैं और इससे पहले पीएम इसको लेकर महामंथन कर रहे हैं। पीएम की नीति आयोग और अर्थशास्त्रियों के साथ दिल्ली के नीति आयोग में बजट को लेकर बैठक हुईहै।आनेवाली 23 जुलाई को आम बजट 2024 पेश किया जाएगा और वित्त मंत्री वित्त वर्ष 2024--25 के लिए खर्चों और कमाई का लेखा जोखा संसद के पटल पर रखेंगी। संसद का बजट सत्र 22 जुलाई, सोमवार से शुरू हो जाएगा,यह बैठक वित्तमंत्री द्वारा 7 जुलाई को विभिन्न हितधारकों के साथ 11 बजट-पूर्व चर्चा समाप्त करने के कुछ दिनों बाद हुई। कई दिनों तक चली इस चर्चा में 120 आमंत्रितों, 10 हितधारक समूहों ने बजट से अपनी अपेक्षाओं के संबंध में अपनी सिफारिशें और विचार प्रस्तुत किए। करदाताओं को संभावित राहत के लिए विशेषज्ञों ने भी केंद्र को सुझाव दिया है कि खपत को बढ़ावा देने के लिए करदाताओं पर कर का बोझ कम किया जाना चाहिए। ऐसीअटकलें हैं कि बड़े कर सुधार पेश किए जा सकते हैं, जिसमें मानक कटौती के लिए बढ़ी हुई सीमा, पूंजीगत लाभ करों का संभावित पुनर्गठन आदि शामिल हैं।बीमा कम्पनियों ने अपने उत्पादों को अधिक किफायती बनाने तथा फलस्वरूप उनकी पहुंच बढ़ाने के लिए कर राहत की मांग की है। एमएसएमई क्षेत्र ने 45-दिवसीय भुगतान नियम में ढील देने जैसे सुझाव दिए हैं, जिसके तहत वस्तुओं और सेवाओं की खरीद के 45 दिनों के भीतरएमएसएमई को भुगतान करना अनिवार्य है, ताकि बड़ी कंपनियों को अन्य स्रोतों की ओर देखने से रोका जासके। इस बीच, केंद्रीय सरकारी कर्मचारी संघ पुरानी पेंशन योजना की बहाली, 8वें वेतन आयोग का तत्काल गठन, अनुकंपा नियुक्तियों पर 5 प्रतिशत की सीमा हटाने सहित अन्य मांगें कर रहा हैअर्थशास्त्रियों व पीएम के बीच चर्चा में कर दरों पर भी चर्चा हुई। बैठक में जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) के तहत कई स्लैब के मुद्दे पर चर्चा हुई। यह बात सामने आई कि दरों की बहुलता को कम करने की आवश्यकता है यह मीडिया में आया है। मीडिया में बताया गया कि विनिर्माण क्षेत्र पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस बात पर विचार किया गया कि भारत को और भी बहुत सी चीजों का विनिर्माण करना चाहिए और विनिर्माण न केवल आर्थिक विकास की उच्च दर हासिल करने में बल्कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में शामिल होने के रणनीतिक लक्ष्य को प्राप्त करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बताया गया कि कपड़ा क्षेत्र, जिसमें भारत कभी विश्व में अग्रणी था, पर भी बैठक में चिंता व्यक्त की गई।

साथियों बात अगर हम बजट 23 जुलाई 2024 में मध्यम वर्गीय हितधारकों के लिए सौगातो का पिटारा खुलने की करें तो,मेरा मानना है कि बजट 2024-25 में टैक?स छूट को लेकर बड़ा ऐलान कर सकती हैं।इस बार के बजट में टैक?स छूट मिल सकती है। इस कदम से 5 लाख से 15 लाख रुपये तक की सालाना इनकम वाले व्यक्तियों को लाभ मिलेगा। अभी ये लोग 5 से 20 फीसदी की टैक्स रेट का सामना कर रहे हैं।

## विचार

## आखिर हमारे डॉक्टरों को क्या बीमारी है?

**संजना ब्रह्मवार मोहन**



स्वास्थ्य सेवा के व्यवसायीकरण पर आवाजें उठ रही हैं। अनेक कहानियां सामने आ रही हैं। हाल ही में किडनी प्रत्यारोपण के बारे में आई रिपोर्ट इसका एक उदाहरण है। लगता है कि इस स्थिति के जवाब में भारतीय न्याय संहिता इस डॉक्टर्स डे पर लागू हुई, जिसमें लापरवाही का दोषी पाए जाने पर डॉक्टरों को जेल की सजा का प्रावधान है। नीट परीक्षा में कई त्रुटियों और पीजी प्रवेश परीक्षाओं के स्थगन ने भारत में चिकित्सा शिक्षा की ओर देश का ध्यान आकर्षित किया है।

जैसे-जैसे हम परीक्षा प्रक्रियाओं का पुनर्निर्माण करना शुरू करते हैं, यह देखना उचित होगा कि और क्या करने की आवश्यकता है ताकि हमारे डॉक्टर अपने काम में शीर्ष पर रहें। ग्रामीण आदिवासी राजस्थान में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के हमारे दशक भर के काम में हमने बड़ी संख्या में युवा डॉक्टरों के साथ काम किया है और सरकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) में काम करने वाले कई लोगों से बातचीत की है। हमने डॉक्टरों को ग्रामीण भारत की वास्तविकताओं के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए कई कार्यशालाएं भी आयोजित की हैं। इनके आधार पर हम कुछ प्राथमिकताएं साझा करते हैं जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। एक लोकप्रिय शिकायत यह है कि पुराने जमाने के एमबीबीएस डॉक्टर आज के समय के डॉक्टरों से ज्यादा चिकित्सा के बारे में जानते थे और वे स्वतंत्र रूप से मरीजों को देख सकते थे। हममें से बहुतों को याद होगा कि डॉक्टर ब्रीफकेस लेकर हमारे घर आते थे, बीमारों को देखते थे और वहीं पर इलाज करते थे। वे लगभग गायब हो चुके हैं। मेडिकल कॉलेजों में पढ़ाने में बहुत कठोरता थी। शिक्षक अपने छात्रों पर पूरा ध्यान देते थे और हर एक को व्यक्तिगत रूप से जानते थे। कक्षाएं तय समय के अनुसार आयोजित की जाती थीं। यह सख्ती कमजोर होती जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यशालाओं में कई डॉक्टरों ने कहा कि कॉलेज में उनकी उपस्थिति मायने नहीं रखती, वे श्घर में ही रहते हैं और वह भी कई हफ्तों तक रहते हैं। उन्होंने दुख जताया कि उनके शिक्षकों के पास उनके लिए बहुत कम समय है। लोग सिर्फ मुंह हैं, कान नहीं यह बात हम अक्सर सुनते हैं। आपका काम मरीजों का इलाज करना है, सहानुभूति दिखाना नहीं- एक वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ ने एक बार उनमें से एक को यह कहकर डांटा था। हम निजी मेडिकल कॉलेजों से भी कहानी का दूसरा पहलू सुनते हैं। डॉक्टर बनने वाले लोग बहुत अमीर परिवारों से आते हैं, आलीशान कारों में घूमते हैं, अपनी कक्षाओं में उनकी कोई दिलचस्पी नहीं होती। उनमें से कई के अभिभावकों ने नर्सिंग होम या अस्पताल बना लिए हैं, जहां उनके बच्चे पढ़ाई पूरी कर आने के बाद प्रैक्टिस कर सकें। कई बार प्रबंधन शिक्षकों पर दबाव डालता है कि वे उन्हें पास कर दें और न रोकें। तीसरा समूह जो तेजी से बढ़ रहा है, वह चीन, रूस, अन्य पूर्वी यूरोपीय देशों में अपनी चिकित्सा शिक्षा पूरी करने वाले छात्र हैं। भारतीय मेडिकल कॉलेजों में शिक्षण की खराब गुणवत्ता के बावजूद विदेशी शिक्षित डॉक्टरों और स्थानीय डॉक्टरों के बीच व्यापक अंतर है। मरीजों से बात करते समय जानकारी का कोई स्पष्ट प्रवाह नहीं होता है, साथ ही चिकित्सा की कई बुनियादी बातों के बारे में भी जानकारी का अभाव है। ऐसा नहीं चल सकता। हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि डॉक्टर बनने वाले सभी लोगों के पास ज्ञान और कौशल दोनों होंय और उनके पास सहानुभूति हो जो एक डॉक्टर के लिए जरूरी है। कुछ महीने पहले हमारे एक डॉक्टर को एक मित्र का फोन आया, जो एक पीएचसी में काम करने वाला डॉक्टर था। उसने हाल ही में मलेरिया से पीड़ित एक मरीज का निदान किया था और यह पूछने के लिए फेन कर रहा था कि उसे क्या उपचार दिया जाए। स्वतंत्र रूप से काम करने वाले डॉक्टरों के लिए मार्गदर्शन की यह जरूरत अपेक्षित है क्योंकि एक दिन में वे कई संक्रमणों (टीबी, मलेरिया आदि), गैर-संचारी रोगों, जटिलताओं वाली गर्भवती महिलाओं को देख सकते हैं। इसके साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों को टांके लगा सकते हैं और प्रसव भी करवा सकते हैं।

**आपका काम मरीजों का इलाज करना है, सहानुभूति दिखाना नहीं- एक वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ ने एक बार उनमें से एक को यह कहकर डांटा था। हम निजी मेडिकल कॉलेजों से भी कहानी का दूसरा पहलू सुनते हैं। डॉक्टर बनने वाले लोग बहुत अमीर परिवारों से आते हैं, आलीशान कारों में घूमते हैं, अपनी कक्षाओं में उनकी कोई दिलचस्पी नहीं होती। उनमें से कई के अभिभावकों ने नर्सिंग होम या अस्पताल बना लिए हैं, जहां उनके बच्चे पढ़ाई पूरी कर आने के बाद प्रैक्टिस कर सकें।**

इस जरूरत ने भारत के अलग-अलग हिस्सों में काम करने वाले हम डॉक्टरों को एक समूह के रूप में एक साथ आने के लिए मजबूर कर दिया। हम अपने सवाल समूह में पोस्ट करते हैं या मार्गदर्शन के लिए किसी विशेषज्ञ को बुलाते हैं व पूछते हैं- आप मधुमेह से पीड़ित एक युवा महिला में रक्त शर्करा के उतार-चढ़ाव को कैसे प्रबंधित करते हैं? आप गर्भवती महिला में मलेरिया का इलाज कैसे करते हैं? हम हफ्ते में एक बार ऑनलाइन मिलते हैं नए ज्ञान, केस स्टडीज को साझा करने और सवाल पूछने के लिए। ग्रामीण इलाकों में पीएचसी और शहरों के अस्पतालों में काम करने वाले डॉक्टरों के साथ बातचीत करते हुए हम देखते हैं कि जब उन्हें संदेह होता है, तो उनके पास बहुत कम साथी या वरिष्ठजन होते हैं। हमें डॉक्टरों के लिए ऐसी व्यवस्था करने की आवश्यकता है जिससे उन्हें अपने प्रश्नों के उत्तर मिल सकें तथा यह सुनिश्चित हो सके।

## दिल्ली में वायु प्रदूषण पर नियंत्रण जरूरी

**योगेश कुमार सोनी**

वायु प्रदूषण के संदर्भ में हाल ही में जारी आंकड़े देश में भयावह स्थिति की तस्वीर प्रस्तुत करते हैं। मौजूदा स्थिति के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 100 में से लगभग 12 लोगों की मौत खराब हवा के कारण होती है। एक रिपोर्ट में दिल्ली को विश्व का सबसे प्रदूषित शहर बताया गया था। पूरे वर्ष यहां की हवा खराब रहती है। सर्दी में समस्या और बढ़ जाती है। इस मसले पर अदालत से लेकर संसद तक चिंता जताई जा चुकी है। फिर भी स्थिति में सुधार नहीं है। ऐसा लगता है कि इस क्षेत्र में किसी ने कोई काम नहीं किया। जैसे ही सर्दी बढ़ेगी सरकारें एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति शुरु कर देंगी। वाराणसी में भी वायु प्रदूषण से होने वाली मौत 10 प्रतिशत से अधिक है। इसके अलावा भी तमाम ऐसे इलाके हैं जहां वायु प्रदूषण मानव जीवन पर भारी पड़ रहा है।

देश के स्वच्छ वायु मानदंड डब्ल्यूएचओ के 15 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर के दिशा-निर्देश से चार गुना अधिक है। यह बेहद परेशान करने वाला आंकड़ा है। इसही वजह से वायु प्रदूषण के लिहाज से बेहतर माने जाने वाले शहरों में भी लोगों की जान जा रही है। मुंबई, कोलकाता बेंगलुरु और चेन्नई जैसे शहरों में हवा अपेक्षाकृत साफ रहती है, लेकिन इन शहरों में भी प्रदूषण से मरने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। विशेषज्ञों के अनुसार हवा में पीएम 2.5 का स्तर डब्ल्यूएचओ के मानक से अधिक होने से यह नौबत आती है। अब तो मौसम के बदलते स्वरूप की वजह से ऐसी बीमारियां सामने आ रही हैं, जिनका नाम कभी सुना भी नहीं गया। साथ ही कम उम्र में मधुमेह, कैंसर व हार्ट अटैक जैसी बीमारियों ने हमें आईना दिखाना शुरू कर दिया है। आश्चर्य यह है कि इतना सब कुछ होने के बाद भी हम वैसे के वैसे हैं।

सर्दियों के दिनों में कोर्ट भी दिल्ली को गैस चैम्बर तक घोषित कर देता है। पिछले कुछ वर्षों से दीपावली के बाद प्रदूषण बहुत परेशान करता है। आंखों में जलन होना, गले में खराश रहने के अलावा थोड़ी दूर का स्पष्ट दिखाई तक नहीं देता। बच्चों, बुजुर्गों व अस्थमा के मरीजों के लिए तो आफत आ जाती है। इस खतरनाक प्रदूषण की वजह से स्कूलों को बंद करना पड़ता है। हद यह है कि व्यवस्था तंत्र प्रणाली को भलि-भांति पता है कि लोगों का जीवन प्रदूषण की वजह से खत्म होता जा रहा है, लेकिन उनकी सक्रियता व गंभीरता का धरातल पर कोई असर न दिखना मानव जीवन को खत्म कर रहा है और इसके अलावा हम आने वाली पीढ़ी को अपने हाथों से मारने जैसा काम कर रहे हैं। प्रदूषण के मुद्दे पर सबकी सोच एक जैसी है पर सुधरना कोई नहीं चाहता। अब प्रदूषण फैलने के दूसरे पहलू की बात करें तो केंद्र व राज्य सरकारें पराली न जलाने के लिए किसानों को लगातार जागरूक करती हैं। पराली को नष्ट करने के लिए मुआवजे के अंतर्गत मशीनें भी देती हैं। करोड़ों का बजट भी पारित किया जाता है लेकिन किसान मशीन तक नहीं खरीदते। हरियाणा में इसके लिए तमाम आईएएस व आईपीएस की ड्यूटी भी लगाई गई पर परिणाम वही ढाक के तीन पात। दिल्ली-एनसीआर में अभी सर्दी नहीं पड़ी और अभी से ही हाल इतना बुरा है कि यहां सांस लेने में इस कदर तकलीफ हो रही हो जैसे कि किसी बड़ी फैक्टरी के अंदर दम घुटता है। यदि आज यहां के किसी भी स्वस्थ व्यक्ति की जांच कराई जाए तो निश्चित तौर पर उसको फेफड़ों से संबंधित बीमारी निकलेगी। इसका ताजा उदाहरण प्रदूषण के दिनों में देखने को मिलता है क्योंकि हॉस्पिटल में सांस से संबंधित मरीजों की संख्या ज्यादा होती है। डॉक्टरों के अनुसार प्रदूषण की मात्रा बढ़ने के कारण ऑक्सीजन कम हो जाता है जिस वजह से अस्थमा के मरीजों की मौत तक हो जाती है। इसके अलावा दीवाली के बाद जो प्रदूषण हमारी सांस में जाता है उससे पूरे शरीर का सिस्टम बेहद प्रभावित हो जाता है जिसमें लीवर में भी समस्या होने लगी व छोटे बच्चों के शरीर के विकास में भी प्रभाव पड़ने लगा।



## राशिफल

**मेष:-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**वृषभ:-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुन:-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्क:-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें।

**सिंह:-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या:-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा।

**तुला:-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें।

**वृश्चिक:-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनु:-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे।

**मकर:-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**कुंभ:-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होगा।

**मीन:-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तिुष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

## भाजपा का मनुवादी चेहरा बेनकाब

**प्रो. रविकांत**



**1980 में आरएसएस ने जनसंघ के स्थान पर भाजपा का गठन किया। इसके बाद उसने दलितों को भाजपा के साथ जोड़ने के लिए 1983 में सामाजिक समरसता मंच बनाया। यह मंच दलितों का हिन्दुत्वीकरण करने की प्रयोगशाला बना। राम मंदिर आंदोलन में दलितों की भागीदारी ने आरएसएस बीजेपी को सत्ता में पहुंचने की उम्मीदों को पंख दे दिए। एक दलित कामेश्वर चौपाल से प्रतीकात्मक मंदिर की पहली ईंट रखवाई गई। दलितों के अतीत और स्मृतियों को मिटाने के लिए अनेक कुचक्र रचे गए। दलितों के मसीहा और संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर का परिनिर्वाण 6 दिसंबर 1956 को हुआ था। दलित समाज के लिए यह प्रेरणा का दिन है। इस दिन की स्मृतियों को मिटाने के लिए बहुत सोची-समझी रणनीति के तहत 1992 में बाबरी मस्जिद को तोड़ दिया गया। आरएसएस, बीजेपी, हिंदू महासभा और अन्य हिंदुत्ववादी संगठन 6 दिसंबर को शौर्य दिवस के रूप में मनाते हैं। दलितों की चेतना कुंद करके सत्ता हासिल करने के लिए दलितों का इस्तेमाल करना बीजेपी-आरएसएस की रणनीति है।**

कर्नाटक भाजपा के सात बार के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री रमेश जिगाजिनागी ने अपनी ही पार्टी पर दलित विरोधी होने का आरोप लगाया है। नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद पिछले दस साल से खामोश आवाजें अब मुखर होने लगी हैं। इसका एक कारण जाहिर तौर पर नरेंद्र मोदी की गठबंधन सरकार है। भाजपा के 240 सीटों पर सिमटने के बावजूद नरेंद्र मोदी अपनी सरकार बनाने में कामयाब हुए।

लेकिन उनकी कैबिनेट में दलितों को कोई तबज्जो नहीं मिली। पिछली बार राज्यमंत्री रहे रमेश जिगाजिनागी को इस बार कैबिनेट मंत्री बनाए जाने की उम्मीद थी। उन्होंने अपने समर्थकों के जरिए यह आरोप लगाया है कि भाजपा दलित विरोधी पार्टी है। बीजेपी में सवर्णों का दबदबा है। सवर्णों को ही मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। जाहिर तौर पर यह कोई नई बात नहीं है लेकिन भाजपा के ही एक वरिष्ठ दलित सांसद द्वारा लगाए गए आरोप के अपने मायने हैं।

सदियों से जारी दलितों का अपमान और उत्पीड़न आजादी के बाद भी कमोबेश जारी है। हालांकि संविधान और कानून के अधिकारों ने उन्हें सुरक्षा जरूर प्रदान की है, लेकिन समाज में जड़ें जमाए ब्राह्मणवादी सामंतवाद के अहंकार और दमन के आगे भूमिहीन, कमजोर, अशिक्षित दलित अपमानित होने और मरने-पिटने के लिए अभिशप्त है। हालांकि, आधुनिक शिक्षा व्यवस्था और आरक्षण के अधिकार से दलितों के भीतर एक छोटा सा मध्यवर्ग उभरा है। सामाजिक जागरूकता पैदा हुई है। राजनीतिक चेतना के जरिए दलित अपना एजेंडा और प्रतिनिधित्व के अधिकार को समझने लगे हैं। लेकिन ब्राह्मणवादी ताकतें इस परिवर्तन को मिटाने के लिए सक्रिय रही हैं। भारत की समावेशी और सामाजिक न्याय की राजनीति के बरक्स आजादी के बाद ही हिंदुत्व की राजनीति शुरू हुई। आरएसएस इस राजनीति का संचालक और बौद्धिक केंद्र है। आरएसएस ने पहले श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में 1951 में भारतीय जनसंघ को खड़ा किया। जनसंघ के जरिए आरएसएस को पहली बार सत्ता में पहुंचने का मौका जनता पार्टी की सरकार (1978 -1980) में मिला। जनता पार्टी की सरकार बिखरने के बाद जनसंघ अलग हो गया। 1980 में आरएसएस ने जनसंघ के स्थान पर भाजपा का गठन किया। इसके बाद उसने दलितों को भाजपा के साथ जोड़ने के लिए 1983 में सामाजिक समरसता मंच बनाया। यह मंच दलितों का हिन्दुत्वीकरण करने की प्रयोगशाला बना। राम मंदिर आंदोलन में दलितों की भागीदारी ने आरएसएस बीजेपी को सत्ता में पहुंचने की उम्मीदों को पंख दे दिए। एक दलित कामेश्वर चौपाल से प्रतीकात्मक मंदिर की पहली ईंट रखवाई गई। दलितों के अतीत और स्मृतियों को मिटाने के लिए अनेक कुचक्र रचे गए।

दलितों के मसीहा और संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर का परिनिर्वाण 6 दिसंबर 1956 को हुआ था। दलित समाज के लिए यह प्रेरणा का दिन है। इस दिन की स्मृतियों को मिटाने के लिए बहुत सोची-समझी रणनीति के तहत 1992 में बाबरी मस्जिद को तोड़ दिया गया। आरएसएस, बीजेपी, हिंदू महासभा और अन्य हिंदुत्ववादी संगठन 6 दिसंबर को शौर्य दिवस के रूप में मनाते हैं। दलितों की चेतना कुंद करके सत्ता हासिल करने के लिए दलितों का इस्तेमाल करना बीजेपी-आरएसएस की रणनीति है। सामाजिक न्याय को सामाजिक समरसता में बदल दिया गया। इसका लक्ष्य है, जाति व्यवस्था और असमानता बनाए रखते हुए मुसलमानों-ईसाइयों के खिलाफ हिंदू एकता स्थापित करना।बाबा साहेब अंबेडकर ने 25 दिसंबर 1927 को मनुस्मृति का दहन किया था। बाबा साहब का स्पष्ट मानना था कि जाति व्यवस्था और दलितों के दमन को धर्मग्रंथों के जरिए ईश्वरीय मान्यता प्रदान की गई है। इसलिए धर्मग्रंथों को विस्फोटक से उड़ा देना चाहिए। बीजेपी-आरएसएस का हिंदुत्व, दरअसल नया ब्राह्मणवाद है। धर्म, धर्मग्रंथ, मंदिर और ईश्वर की प्रतीकात्मक राजनीति के जरिए पुनरू समाज में वर्ण-जाति व्यवस्था लागू करके सवर्ण वर्चस्ववाद को स्थापित करना ही हिंदुत्व का उद्देश्य है। इसलिए मनुस्मृति दहन दिवस की स्मृतियों को मिटाने के लिए अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती (25 दिसंबर) को बड़े पैमाने पर मनाया जाने लगा और इसे सुशासन दिवस की संज्ञा दी गई। नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के बाद खुलेआम मनुस्मृति का प्रचार होने लगा। प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा के नाम पर शिक्षण संस्थाओं के पाठ्यक्रम में शामिल करने की लगातार कोशिशें हो रही हैं। पहले महाराष्ट्र सरकार द्वारा स्कूली शिक्षा में मनुस्मृति के श्लोक शामिल करने का प्रयास हुआ।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# बाढ़ प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा है जिला प्रशासन : डीएम

### डीएम ने जनप्रतिनिधिगण के साथ तहसील उतरौला में बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री, मेडिकल किट एवं अन्य जरूरी सामग्रियों का किया वितरण

- हर संभव मदद कराई जाएगी उपलब्ध
- स्वच्छ पेयजल का ही करें प्रयोग, पानी गर्म करने अथवा क्लोरीन की गोली मिलाकर ही पिए : डीएम



धारा लक्ष्य समाचार।

**बलरामपुर।** बाढ़ प्रभावितों को हर संभव मदद उपलब्ध कराए जाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है, सभी प्रभावित परिवारों को राहत किट, मेडिकल किट सहित अन्य जरूरी सामग्रियां उपलब्ध कराई जा रही हैं।

इसी के क्रम में डीएम पवन अग्रवाल द्वारा विधायक उतरौला रामप्रताप वर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण के साथ तहसील उतरौला के बाढ़ प्रभावित ग्राम तिल्खी बढ़या और नगरिया के प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री, मेडिकल किट एवं अन्य जरूरी वस्तुओं का वितरण किया गया।

डीएम ने कहा की आपदा की घड़ी में जिला प्रशासन प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा है , सभी प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने ग्रामवासियों से अपील किया शुद्ध पेयजल का ही प्रयोग करें। पानी गर्म करके अथवा 20 लीटर पानी में क्लोरीन की 01 गोली डालकर ही पिए। राहत किट में शुद्ध पेयजल एवं क्लोरीन की गोली भी दिया जा रहा है।

डीएम ने बाढ़ प्रभावित ग्राम में मेडिकल कैंप लगाए जाने एवं विशेष साफ-सफाई अभियान चलाए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान एसडीएम उतरौला अवधेश कुमार, नायब तहसीलदार राजीव कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## भूमि विवाद से संबंधित मामले में राजस्व एवं पुलिस की टीम मौके पर जाकर जांच करते हुए करे निस्तारण : डीएम

- थाना समाधान दिवस पर डीएम एवं एसपी ने थाना श्रीदत्तगंज में सुनी जनमानस की शिकायतें-समस्याएं, गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण का दिया निर्देश

**बलरामपुर।** माह के दूसरे शनिवार पर थाना समाधान दिवस पर डीएम पवन अग्रवाल एवं एसपी विकास कुमार द्वारा द्वारा थाना श्रीदत्तगंज में जनमानस की शिकायतों/समस्याओं को सुना गया एवं उनके समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया। इस दौरान डीएम ने थाना समाधान दिवस रजिस्टर का अवलोकन किया एवं दिनांक 22 जून को थाना दिवस में आए शिकायतकर्ताओं के शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का फीडबैक फरियादी को फोन मिलाकर लिया। डीएम ने कड़ा निर्देश दिया की शिकायतों एवं समस्याओं के निस्तारण में गलत रिपोर्टिंग कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनमानस की शिकायत एवं समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। भूमि विवाद एवं अन्य लॉ एंड ऑर्डर की दृष्टि से संवेदनशील मामलों में राजस्व एवं पुलिस की टीम द्वारा मौके पर जाकर जांच करते हुए गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया जाए।

# स्वास्थ्य विभाग ने बाढ़ प्रभावित गांव कटरा में मेडिकल कैम्प लगाकर बाढ़ पीड़ितों को वितरित की दवा

- बाढ़ जनित बीमारियों से बचाव के लिए क्लोरीन गोली, ओआरएस पावडर, नाइट्रोजिल का किया जा रहा वितरण

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।



जिलाधिकारी पवन अग्रवाल के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने बाढ़ प्रभावित गांव कटरा में मेडिकल कैम्प लगाकर बाढ़ पीड़ितों को दवा का वितरण किया जा रहा है।

इसकी जानकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला अधीक्षक सीपी सिंह ने देते हुए बताया कि शुक्रवार को जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने बाढ़ प्रभावित गांव कटरा का दौरा किया था उस दिन उन्होंने विभाग को इस गांव में स्वस्थ्य कैम्प लगाने का निर्देश दिया था।

इस पर शनिवार को कटरा गांव में स्वास्थ्य कैम्प लगाया गया। इस कैम्प में डा पकज गुप्ता व डा नसरूदीन, फार्मेसिस्ट अहमद, आंख विशेषज्ञ शैलेन्द्र राव, एल टी मुकेश कुमार मौर्य, एएनएम स्वेता, माधुरी यादव, पूजा यादव, एल एच बी लक्ष्मी देवी समेत कई स्वास्थ्य कर्मी को तैनात किया गया है। इस कैम्प में दस्त,उल्टी, बुखार, सर्दी जुकाम, खजुलाहट बीमारी से पीड़ित मरीजों को दवा दी जा रही है। इसमें रोगी के खून टेस्ट मौके पर ही करवाया जा रहा है। बाढ़ जनित बीमारियों से बचाव के लिए क्लोरीन गोली, ओआर एस पावडर, नाइट्रोजिल का वितरण किया जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### संतान न होने से महिला ने आग लगाकर दी जान

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** मुस्करा थाना क्षेत्र के ग्राम अलरागौरा गांव में संतान न होने से दुखी महिला ने शनिवार को केरोसीन डालकर आग लगा ली जिससे इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी। पुलिस के मुताबिक गांव की कस्तूरी (31) पत्नी उदल अहिरवार ससुराल में सास ससुर से अलग रह रही थी पति पत्नी दोनो दस साल से मुसकरा कस्वा में ईट भट्ठे में काम करते थे, और वही दोनो रहते ते बरसात में काम बंद हो जाने से दोनो एक हफ्ते पहले गाव अलरागौरा आ गये थे। उसके कोई संतान न होने के कारण अक्सर वह परेशान रहती थी जिससे आज उसने सूनसान घर पाकर केरोसीन डालकर आग लगा ली जानकारी होने पर परिवारीजन महिला को सीएचसी मुस्करा लेगये जहा पर डाक्टरो ने उसे जिला अस्पताल हमीरपुर रिफर कर दिया जिससे कुछ देर बाद उसकी मृत्यु हो गयी। पुलिस ने शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### झारखंडेश्वर मंदिर से घंटे चोरी

**समृद्धि न्यूज, घाटमपुर।** साढ थाना क्षेत्र के कुनदौली गांव स्थित झारखंडेश्वर धाम मंदिर से बीती रात चोरी एक दर्जन से अधिक पीतल के घंटे चोरी करले गये, सूचना पाकर साढ पुलिस मौके पर गयी और उत्तेजित लोगों को समझा बुझा कर शांत कराया, थाना प्रभारी साढ ने बताया कि घटना की जाच की जारही है और जल्द ही खुलाशा किया जायेगा।

### दस तक स्वीकार किये जायेंगे आवेदन

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** आगामी 10 अगस्त तक स्वामी ब्रह्मानंद पुरुस्कार के आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। यह जानकारी स्वामी ब्रह्मानंद पुरस्कार समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार दी। उन्होंने बताया कि स्वामी ब्रह्मानंद ने शिक्षा और गौ सेवा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया था। जिनको अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिक्षा व गौ सेवा के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले लोगों को इस पुरुस्कार के लिए सम्मिलित किया जाएगा। जिनको स्वामी की काश्य प्रतिमाए पदकए अंग वस्त्रए प्रमाण पत्र व 10 हजार रुपए की राशि सम्मान स्वरूप भेंट की जाएगी।

### एक साल से हदबंदी लटकाये जाने से नाराज डीएम ने कानूनगो को लगायी फटकार

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** शनिवार को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में थाना परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें कुल 6 शिकायते आयी। वही कानूनगो अशोक कुमार निगम को एक फरियादी की शिकायत के बाद फटकार लगाते हुए त्वरित शिकायत पर सुनवाई करने को कहा। आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी राहुल पांडेय व पुलिस अधीक्षक डॉण् दीक्षा शर्मा ने मौजूद रहकर पहुचे फरियादियों की शिकायत सुनी वही हदबंदी के एक मामले में एक साल से कानूनगो अशोक कुमार निगम के चक्कर लगा रहे मिश्रीपुर गांव निवासी जगदीश प्रसाद जोशी की शिकायत के बात जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने कानूनगो अशोक कुमार निगम व लेखपाल गौरी शंकर को फटकार लगाते हुए त्वरित शिकायत पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए वही मौजूद सदर एसडीएम पवन प्रकाश पाठक को भी आने वाली शिकायतों पर समय समय पर समीक्षा करते रहने के लिए कड़े स्वर में कहा। समाधान दिवस में राजश्व से संबंधित कुल 6 शिकायते दर्ज की गई। मात्र एक शिकायत का ही मौके पर निस्तारण हो सका।

### पुलिस ने शराब ठेकों को किया चेक

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** जनपदीय कानून व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में समस्त थाना प्रभारी व थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत बियर/शराब ठेको को चेक किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के निर्देशन में जनपद की कानून व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी तथा सुदृढ़ बनाए रखने हेतु जनपद के समस्त थानाध्यक्ष व थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले बियर/शराब ठेकों को चेक कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### अन्तर्जनपदीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता में छाये रहे इटावा के खिलाड़ी

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** जनपद फतेहगढ़ में कानपुर जोन के 9 जनपदों से 160 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया जिसमे जनपद कानपुर नगर, कानपुर देहात, ललितपुर, झाँसी, जालौन, कन्नौज, औरैया, फतेहगढ़ और जनपद इटावा के पुरूष और महिला खिलाड़ी शामिल हैं। जनपद फतेहगढ़ में अन्तर्जनपदीय कानपुर जोन पुलिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसमें जनपद इटावा से विभिन्न खेलों के लिये कुल 15 महिला एवं पुरूष खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया गया । तीन दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में जनपद इटावा के खिलाड़ी छाये रहे और विभिन्न खेलों में पदक प्राप्त कर इटावा का नाम रोशन किया गया। इन खेलों में जनपद इटावा से अभय शुक्ला द्वारा बॉडी बिल्डिंग की 80 किलोग्राम भार में स्वर्ण पदक प्राप्त किया गया एवं कुश्ती के 79-86 किलोग्राम भार में सिल्वर पदक प्राप्त किया गया तथा आर्म रेसलिंग की 80 किलोग्राम भार में सिल्वर पदक प्राप्त किया गया। शुभम सारन द्वारा 75 किलोग्राम भार में कुश्ती में स्वर्ण पदक प्राप्त किया गया एवं 75 किलोग्राम भाग बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया गया तथा बॉक्सिंग में रजत एवं आर्म रेसलिंग में कास्य पदक प्राप्त किया गया। इसी क्रम में रविन्द्र चौधरी द्वारा 86-91 किलोग्राम भार में स्वर्ण पदक प्राप्त किया गया तथा आरक्षी सौरभ चौधरी द्वारा 75-80 किलोग्राम भार में बॉक्सिंग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया गया । इसी प्रकार जनपद इटावा को *विभिन्न भार एवं प्रतियोगिताओं में कुल 35 पदक प्राप्त किये गये। सभी जनपदों के *खिलाड़ियो द्वारा प्राप्त किये गये पदक के अनुसार अंको का वर्गीकरण करते हुये बॉडी बिल्डिंग एवं बॉक्सिंग में चल वैजयंती प्राप्त की गयी। इस तरह टीम के खिलाडियों द्वारा 2 वैजयंती भी प्राप्त की गयी।

# उतरौला विकास मंच अध्यक्ष आदिल ने सौंपा ज्ञापन

उतरौला(बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।



शनिवार को उतरौला विकास मंच अध्यक्ष आदिल हुसैन ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी अवधेश कुमार को सौंपा। मोहर्रम के दौरान निकलने वाले जुलूस में छुट्टा सांडो व जानवरों के उत्पात से निजात दिलाए जाने की मांग की है।

ज्ञापन में कहा है कि 12 जुलाई से उतरौला नगर में मोहर्रम का जुलूस निकालना शुरू हो गया है। 14 जुलाई सात मुहर्रम को नगर में अहले सुन्नत का अलम जुलूस दोपहर में निकलेगा और रात में शिया समुदाय का जुलूस निकलेगा। जो नगर के मुख्य सहित विभिन्न मार्गों पर गश्त करेगा।

इस दौरान सुबह से देर रात तक इमामबाड़ों, मस्जिदों, घरों और इमाम चौक पर मजलिस एवं तकरीर का आयोजन होता है। अकसर जुलूस के दौरान भीड़ में छुट्टा जानवर आकर जुलूस में दौड़ने भागने लगते हैं। जिससे जुलूस में शामिल लोगों को चोटिल होने का भय बना रहता है। नगर पालिका द्वारा कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर जुलूस निकलने से लेकर समाप्त होने तक सड़कों पर घूमने वाले छुट्टा जानवरों को हांक कर अन्य स्थान पर कर दिया जाए जिससे जुलूस में किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न ना हो सके। मोहर्रम की 10 तारीख तक बिजली की कटौती व रोस्टिंग ना कर 24 घंटे विद्युत आपूर्ति बहाल करवाई जाए।

## संदिग्ध परिस्थितियों में घर से बाहर पड़ा मिला युवक का शव

**समृद्धि न्यूज़ घाटमपुर,** साढ़ थाना क्षेत्र के चिरली गाव में एक युवक का शव घर के बाहर संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला, परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर के पोस्टमार्टम के लिए भेजा है फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और साक्षय जुटाये, आज सुबह गांव निवासी राजा सिंह ( 28 ) का शब घर के बाहर चबूतरे पर पडा मिला, जानकारी के बाद परिजन मामले की सूचना फोन द्वारा साढ पुलिस को दी, मौके पर पहुंची साढ पुलिस परिजनो से पूछ-तछ कर फॉरेंसिक टीम को बुवलाया तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिये भेजा, थाना प्रभारी साढ ने बताया कि पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्य वाही की जायेगी।

# संचारी रोगों से बचाव के लिये गांव में चलाया गया सफाई अभियान



- संचारी रोग से बचाव के लिए की गई साफ-साफाई

उतरौला, (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

संचारी रोग से बचाव के लिए पूरे क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया जा रहा है उसी परिपेक्ष्य में विकास खण्ड उतरौला अन्तर्गत ग्राम पंचायत तिलखी बढ़या में समस्त सफाई कर्मियों द्वारा समूचे गांव को साफ किया गया।


टीम लीडर हीरा लाल के नेतृत्व में आज दर्जनों सफाई कर्मियों ने साफ सफाई किया। संचारी रोग एक जानलेवा रोग है गंदे पानी, गंदगी से रोग फैलता है इसलिए सरकार पूरी तरह सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने पर जोर दे रही है।

# करोड़ों की बनी गौशाला मगर सभी मवेशी घूम रहे बाहर, फसलों को कर रहे नुकसान

कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।

कस्बा कुरारा में संचालित अन्ना पशु आश्रय स्थल में अन्ना गोवंश को संरक्षित न किए जाने से अन्ना गोवंश सड़को में दिखाई दे रहा है। कान्हा गौशाला का निर्माण करोड़ो रुपए की लागत से कराया गया है। लेकिन नगर पंचायत की लापरवाही के चलते अन्ना गोवंश खुले आम विचरण कर रहा है।

नगर पंचायत द्वारा कान्हा गौशाला का निर्माण डेढ़ करोड़ की लागत से कराया गया है। इस में अन्ना गोवंश को संरक्षित किया जाता है। इस गौशाला का संचालन भी प्रारंभ हो गया है। इस में सभी सुविधाए उपलब्ध हैं। लेकिन लापरवाही के चलते अन्ना गोवंश खुले में विचरण करते हुए दिखाई दे रहे हैं। सड़क पर



खड़े होकर यह गोवंश वाहनों के निकलने में परेशानी कर रहे हैं। सड़क पर बैठे यह घायल हो जाते हैं। वाहन चालक भी इनसे टकराकर घायल हो जाते हैं। बरसात में पशु सड़क पर खड़े हो जाते हैं।गौशाला में संरक्षित पशुओं के लिए शासन से बजट आवंटित किया जाता है। फिर भी यह खुले आम विचरण करते रहते हैं। इनकी देखरेख करने वाला कोई नहीं है। खेतो मे बोई गई खरीफ फसल का भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिससे लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानो ने अन्ना गोवंश संरक्षित किए जाने की मांग की है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दोनों युवक उरई रेफर, रिपोर्ट दर्ज

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** शादी समारोह से लौट रहे बाइक सवार युवकों को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां दोनों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। घायल युवक के पिता ने ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है। कस्बे के मियांपुरा मोहल्ला निवासी नरेश चंद्र श्रीवास ने बताया कि वह शुक्रवार की रात करीब दस बजे उसका पुत्र राहुल व उसका मित्र उमेश अनुरागी शादी समारोह से बाइक द्वारा घर लौट रहे थे। तभी चरखारी रोड जगतराज महाविद्यालय के पास बाइक खड़ी करके दोनों गुटखा खाने लगे। इसी दौरान तेज रफ्तार मिट्टी से भरा ट्रैक्टर ने जोरदार बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उसका पुत्र व उसके पुत्र का साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां दोनों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि मामला दर्ज किया जा रहा है।

# क्षेत्र पंचायत सदस्या की गला दबाकर हत्या

पनवाड़ी, समृद्धि न्यूज।

नशे में धुत युवक ने कहासुनी के बाद क्षेत्र पंचायत सदस्या पत्नी का बेरहमी से गला दबा दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। 32 वर्षीय मुन्नी देवी उर्फ मोहिनी अपनी ससुराल महोबकंठ से बहिन के घर घटेरा गांव शादी समारोह में शामिल होने पहुंची थी। गुरुवार रात्रि घटे इस हृदयविदारक हादसे से शादी के घर में मातम पसर गया। महोबकंठ पुलिस द्वारा पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए महोबा भेजा गया है। मृतका के मायका पक्ष ने आरोपित भूपेंद्र पर योजनाबद्ध तरीके से घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया है।

जानकारी के मुताबिक घटेरा गांव में मोहिनी की बड़ी बहिन के बेटे की शादी 12 जुलाई को होनी थी। इसी सिलसिले में मोहिनी 7 वर्षीय बेटी



अंशिका, 5 वर्षीय आदित्य और पति भूपेंद्र के साथ घटेरा आई हुई थी। गुरुवार को किसी बात से खिन्न होकर भूपेंद्र बारात में शामिल नहीं हुआ। जिसके बाद देर रात उसकी मोहिनी से तकरार होने लगी।

भूपेंद्र नशे में था। बाद विवाद के बाद उसने तैस में आकर मुन्नी का गला दबा दिया। जिससे वह मूर्छित हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद भूपेंद्र मौका ए वारदात से फरार हो गया। हादसे के बाद मुन्नी को पनवाड़ी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां जांच के बाद ड्यूटी रत डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महोबकंठ पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। एसएचओ राधेश्याम वर्मा एवं एस आई महेंद्र वर्मा महिला एस आई नैन्सी प्रजापति पुलिस के द्वारा पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए महोबा भेज दिया गया है।

# हाईवे की यही है पहचान, लोगों की अक्सर जाती है जान

- नहीं है कोई सुनने वाला, हर रोज ग्रामीण कोस रहे सरकार को

कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।



विकास खंड क्षेत्र के डामर गांव में कालोनी के समीप हमीरपुर कालपी हाइवे में बीच सड़क में गड्ढे हो जाने से जानलेवा साबित हो रहे हैं। कल एक महिला की इन्ही गड्ढे में बाइक से गिर जाने से दर्दनाक मौत हो गई। कुरारा से लेकर सरसई गांव तक हाइवे पर बीच सड़क में नाली व गड्ढे हो गए हैं। जो कि जानलेवा साबित हो रहे हैं।हमीरपुर कालपी हाइवे पर डामर गांव के कालोनी के समीप हमीरपुर से कालपी तरफ जाने पर दाहिने तरफ बीच सड़क मेंगड्ढे हो गए हैं। तथा उभार लिए गड्ढे में सबसे अधिक दो पहिया वाहन उछल जाते हैं। जिससे वाहन में पीछे बैठी महिलाएं उछल कर गिर जाती है। कल कस्बा निवासी महिला प्रेम लता बाइक से गिर गई तथा सिर में चोट लगने से मौत हो गई। इसके चार दिन पहले एक कार पलट गई थी।

गांव निवासी सुखदेव ए बृजेंद्र सिंह ने बताया कि इन्ही गड्ढे में उछल कर एक ईको गाड़ी पलट गई थी। जिसमे सवारी घायल हो गई थी। ग्रामीणों ने बताया कि यह जानलेवा गड्ढे चार माह से अधिक से है। लेकिन लोकनिर्माण विभाग द्वारा इन का निरीक्षण कभी नहीं किया जाता है। कुरारा के मनकी तिराहा से लेकर जनपद के अंतिम छोर पर बसे सरसई गांव तक हाइवे की सड़क पर बीच में नाली बन गई है। जिससे तेज रफ्तार वाहनों को पलटने का खतरा बना हुआ है। कार्यदाई संस्था द्वारा इनके मरम्मत का कार्य भी नही किया जा रहा है। वही डामर गांव में सड़क किनारे लोगो ने अपने ईट आदि लगा रखे हैं। जिससे सड़क किनारे अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है।

## कोटेदार हड़प कर जाता है गरीबों का राशन

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के टिकरिया गांव में महिला ने गांव के कोटेदार पर आंगनबाड़ी केंद्र का राशन हड़प कर लेने का आरोप लगाया है। महिला ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया है।टिकरिया गांव निवासी शारदा पत्नी राजेन्द्र ने एसडीएम को बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए आने वाला राशन गांव का कोटेदार हड़प कर लेता है। शिकायत करने पर कोटेदार कभी कभार राशन बांट देता है। बताया कि जनवरी से जून तक का राशन गोदाम पर जाकर पता किया तो पता चला कि पूरा राशन कोटेदार के पास भेज दिया है। बताया कि उसने आंगनबाड़ी कार्यकत्री से जाकर जानकारी ली तो उसने कोई जानकारी नहीं दी। आरोप लगाया कि कोटेदार राशन हड़प कर लेने की फिराक में है। एसडीएम से जांच पड़ताल कराने की गुहार लगाई है।

# कानपुर से कबरई तक तीन हजार करोड़ से बनने वाले फोरलेन मार्ग की सुगबुगाहट फिर शुरु

- एनएचएआई की टीम ने जांच-पड़ताल कर यमुना बेतवा नदी में बन रहे फोरलेन पुलों को नये मार्ग में प्रयोग करने का बनाया मन, लखनऊ की टीम ने लोनिवि व सेतु निगम से लिया व्यौरा, पिछली डीपीआर में हो रहा है भारी बदलाव

**(विनोद शुक्ला) हमीरपुर, समृद्धि न्यूज। हमीरपुर।** कानपुर-महोवा मार्ग हाईवे में रोजाना हो रही सडक दुर्घटनाओं से (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण(एनएचएआई) ने कानपुर से कबरई तक फोरलेन एक्सप्रेस वे बनाने के लिये जांच पड़ताल फिर शुरु कर दी है। तीन हजार करोड़ की लागत से निकट भविष्ट में बनने वाला यह फोरलेन हाईवे में भारत सरकार काफी बदलाव कर सेतु निगम द्वारा निर्मित किये जा रहे यमुना व बेतवा नदी के दोनो पुलों को इस एक्सप्रेसवे में प्रयोग करने का मन बना लिया है। पिछले दिनो लखनऊ से आई टीम ने इसका सर्वे करने के बाद लोनिवि व सेतु निगम से सारी जानकारी व अभिलेख ले लिये है।

जानकारी के मुताबिक महोवा कानपुर मार्ग दो लेन वह भी डिवाइडर रहित होने के कारण रोजाना सड़क दुर्घटनाओं से कई लोग जान से हाथ धो बैठते है। हालाकि भारत सरकार इसी मार्ग को पहले फोरलेन बनाने का निश्चय किया था मगर निर्माण में हजारो परिवार व दर्जनों गांवों पूरी तरह उजड़ रहे थे लिहाजा सरकार ने कानपुर से कबरई मार्ग बनाने के लिये डीपीआर तैयार कर ली थी मगर वह फाइल भारत सरकार दिल्ली में एक दम डंप हो गयी थी क्योकि इसमे सरकार को भारी खर्चा उठाना पड़ रहा था इसी के चलते एनएचएआई ने घाटमपुर में ओवरब्रिज का निर्माण करा दिया था मगर उसके बन जाने से सड़क दुर्घटनाओं में कोई कमी नही आयी है। लिहाजा भारत सरकार ने फिर से इस मार्ग को बनाने के लिये सुगबुगाहट शुरु कर दी है। कानपुर महोवा दो लेन मार्ग के समानांतर मार्ग बनाने के लिये पहले योजना बन गयी थी मगर हमीरपुर सीमा से सटे लहुरीमऊ गांव के पास एशिया के सबसे बड़ा पावर प्लांट बन जान के कारण इस मार्ग के लिये कई समस्याएं सामने आ गयी है पावर प्लांट को ध्यान में रखते हुये यह मार्ग कितनी दूर से निर्माण किया जायेगा इसको लेकर कई माह से माथा पच्ची की जा रही है। एनएचएआई के स्टेट परियोजना निदेशक अमन रुहेला ने शनिवार को बताया कि तीन हजार करोड़ की लागत से बनने वाला यह मार्ग में काफी दिक्कते सामने आ रही है इसके लिये बराबर बैठके जारी है, कई बिंदुओ पर बदलाव किया गया है। अभियंताओं की टीम पिछले दिनो हमीरपुर आकर लोनिवि व सेतुनिगम के अभियंताओं से भेटकर यमुना व वेतवा नदी में बनाये जा रहे फोरलेन के बारे में पूरी जानकारी की है। सारे रिकार्ड भी देखे संभव है कि फोरलेन एक्सप्रेस वे बनाये जाने के बाद एनएचएआई यमुना व बेतवा नदी में पुल न बनाकर इन्ही दोनो नदियों का पुल का प्रयोग कर सकती है। हालाकि पावर प्लांट होने के कारण जो भी एनएचएआई बाइपास रोड इन दोनो पुलों को जोड़ने के लिये बनायेगी वह काफी दूर हो जायेगा। पीडी का कहना है कि मार्ग बनाने के पहले दोनो तरफकी स्थिति की जांच की जा रही है इसके बाद ही कोई फैसला लिया जायेगा बहरहाल एनएचएआई की सक्रियता के चलते लोगों में फिर से फोरलेन मार्ग बनने की उम्मीद जग गयी है। ताकि लोगों को असमय काल के गाल में न समाना पड़े।

# अध्यक्ष की हिटलरी से परेसान सभासदों ने दी सामूहिक त्यागपत्र की चेतावनी

- अध्यक्ष के निर्मित गेस्ट हाउस में कर्मचारियों से लिया जाता है काम, सभासदों ने धांधली का पुलिंदा सौंपा डीएम को

कुरारा(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।

कस्बा कुरारा के थाना परिसर में आयोजित समस्या समाधान दिवस में नगर पंचायत के आधा दर्जन से अधिक सभासदों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर जांच कराए जाने की मांग की है।

सभासदों ने पत्र में सामूहिक रूप से इस्तीफा देने की बात कही है। थाना परिसर में आयोजित समस्या समाधान दिवस में नगर पंचायत के सभासद अवधेश गुप्ता, अजय सिंह,प्रशांत सिंह,मुकेश कुमार, ऊषा देवी, राबिया खातून, नूर मोहम्मद,ने समस्या समाधान दिवस में मौजूद जिलाअधिकारी राहुल पांडे को शिकायती पत्र देकर बताया है कि नगर पंचायत अध्यक्ष आशारानी कबीर की तानाशाही के चलते परेशान



हैं। नगर पंचायत बोर्ड की मासिक बैठक की सूचना एक दिन पहले न देकर बैठक के कुछ घंटे पहले दी जाती है।नगर पंचायत में आउट सोर्सिंग कर्मचारियों की संख्या 85 है। तथा मौके पर 60 कर्मचारी कार्य करते हैं। तथा वेतन सभी कर्मचारियों का आहरित किया जाता है।इसकी स्थलीय जांच कराई जाए।नगर पंचायत के टेंडर में वित्तीय अनियमत्ता कर कार्य कराया जा रहा है। जो निर्माण कार्य चल रहे हैं उनकी जांच कराई जाए। नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा अपने निर्माणधीन गेस्ट हाउस में नगर पंचायत के कर्मचारियों व मशीनरी का प्रयोग किया जाता है।नगर पंचायत में हो रहे निर्माण कार्य में निकलने वाली सामग्री पुराना ईट का प्रयोग अपने निजी कार्य में किया जाता है।विभागीय गोपनीय कार्य अध्यक्ष अपने निजी रिश्तेदार से कराती है।नगर के भवन नामांतरण की पत्रवलिया काफी समय से लंबित है। जिनका निस्तारण नहीं किया जा रहा है।सभासदों को दबाव में लेकर प्रस्ताव पारित कराए जाते है। विरोध करने पर झूठे मामले में फसाने की धमकी दी जा रही है। सभासदों ने पत्र में कहा कि नगर पंचायत अध्यक्ष की प्रताड़ना से तंग होकर सामूहिक रूप से इस्तीफा देने को बाध्य होंगे। जिलाधिकारी से इन बिंदु पर सक्षम अधिकारी से जांच कराए जाने की मांग की है।

# ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में दिया सामूहिक त्यागपत्र

**शैक्षिक संगठनों के पदाधिकारीगण एवं अध्यापकगण खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय हैदरगढ़ में हुए एकत्र**

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में ब्लॉक के समस्त संकुल शिक्षकों ने अपने पद से सामूहिक त्यागपत्र दे दिया।

विकासखंड हैदरगढ़ के समस्त शिक्षक संकुल, शैक्षिक संगठनों के पदाधिकारीगण एवं अध्यापकगण खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय हैदरगढ़ में एकत्र हुए जिसमें बैठक के माध्यम से आपसी सहमति में सरकार/विभागीय दबाव के माध्यम से ऑनलाइन पंजिकाओं का डिजिटलकरण, ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध दर्ज कराते हुए सभी संकुल शिक्षकों ने तत्काल प्रभाव से अपने शिक्षण संकुल पद से त्यागपत्र खंड शिक्षा अधिकारी को सौंप दिया। इस अवसर पर सभी संकुल शिक्षक, मंडल मंत्री जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ प्रदीप मिश्रा, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष विवेक वर्मा, संगठन मंत्री अनुराग वर्मा कोषाध्यक्ष अभय प्रताप, उपाध्यक्ष मदन मोहन वर्मा, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष महामंत्री महेंद्र प्रताप सिंह, आनंद मिश्रा प्रेमचंद आशीष कुमार त्रिवेदी, राजेश कुमार, अमरत सिंह वर्मा, देवी शंकर पांडे, संजय कुमार शुक्ला,सत्यदेव सिंह ,धर्मेंद्र मिश्रा,राजेश सरोज,निरुपमा त्रिवेदी,श्रद्धा मणि,मंजू रावत,सीमा डांग,शिखा शुक्ला, मंजू रावत, कविता साहू, सुनैना, वेद प्रकाश, निखिल शुक्ला, लक्ष्मी खरे, मुबीन अहमद, विनीत जायसवाल, नीरज मिश्रा, दिवाकर सिंह, सत्य प्रकाश सिंह, जितेंद्र कुमार वर्मा, उमाशंकर, राकेश सिंह,मोहित सिंह,संजीव गुप्ता, मो. इस्माइल,अजय कुमार शर्मा, देवेंद्र कुमार तिवारी, रुद्रकांत वाजपेई, संदीप सिंह,कमलेश यादव, रागनी सरोज, तथा विकासखंड के सैकड़ो शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## शिकायतकर्ता की सुनी समस्याएं, दिया आश्वासन

**जैदपुर, बाराबंकी।** जिले के जैदपुर थाना परिसर में आज समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें थाना प्रभारी अमित प्रताप सिंह व नायब तहसीलदार के द्वारा संयुक्त रूप से क्षेत्र से आने वाले शिकायतकर्ताओं से मुलाकात करके उनकी समस्याओं को सुना गया। तथा समस्या से संबंधित को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। वहीं थाना प्रभारी अमित प्रताप सिंह ने बताया कि समाधान दिवस के अवसर पर आज दर्जन भर के आस पास शिकायतें प्राप्त हुई। बबुरा रोड व सफदरगंज मार्ग स्थित जमीनों का मौके पर जाकर निरिक्षण भी किया गया। और अन्य शिकायतों के संबंध में टीम गठित करके संबंधित को जांच के बाद उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है।

# पिकप पलटने से युवक की मौत, तीन घायल

**घटना के तुरंत बाद पिकअप चालक देवता का पुरवा थाना देहात हरदोई हो गया फरार**

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर शनिवार की सुबह मवेशियों से लदी तेज रफ्तार पिकअप पलट जाने से उस पर सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। वही तीन लोग घायल हो गए ।घटना के बाद पिकअप का चालक फरार हो गया।

सुबेहा थाना क्षेत्र के उमरवल किरसिया गांव के नजदीक शनिवार की सुबह लगभग 4 बजे पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर शाहजहांपुर से सुल्तानपुर जा रही मवेशियों से लदी तेज रफ्तार पिकअप पिछला टायर फट जाने से पलट गई। पिकअप पलट जाने से उस पर सवार जिला शाहजहांपुर थाना शेरा मऊ बंजारन का पुरवा निवासी दिल शेर पुत्र मुंशी को गंभीर चोटें आई। एंबुलेंस से सीएचसी हैदरगढ़ ले जा रहे दिल शेर की रास्ते में ही मौत हो गई। वहीं इसी गांव निवासी चांद खां दिलशाद व सलीम भी चोटिल हो गए।जिनका इलाज सीएचसी में चल रहा है। वहीं पिकअप पर लदी पडिया भी चोटिल हो गई।

जिन्हें दूसरे वाहन से नेवादा बाजार सुल्तानपुर भेजा गया। घटना के तुरंत बाद पिकअप चालक जमील अहमद निवासी देवता का पुरवा थाना देहात जिला हरदोई फरार हो गया।

## या हुसैन की सदाओं से निकला अलम का जुलूस

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** कस्बा किन्तूर से या हुसैन की सदाओं के साथ निकला अलम जुलूस जो रसूलपुर कस्बा बदोसराय,होते हुए हजरतपुर से हस्तानापुर गांव में से वापस किन्तूर पंहुच कर समाप्त हुआ। शनिवार को मोहरम पर्व की छठ्ई को कस्बा किन्तूर के आदिल काजमी एजाज कादरी गुलाम मोहम्मद खां,अफसर अब्बास,अजहर अब्बास तौहीद आलम मोहम्मद अनवर मास्टर अली हसन मो. आरिफ शकील किन्तूरी सहित सैकड़ों अलमदारों ने ढोल तासे के साथ या हुसैन की सदाओं से कस्बा किन्तूर से रसूलपुर में नोमानी मार्केट में जमील घडी वाले की दुकान पर अलमदारों को शबील पिलाया गया। रसूलपुर में आवेश की दुकान पर शिरनी बिरियानी का वितरण किया गया।



## धूमधाम से मना सपा के पूर्व सांसद राम सागर रावत का जन्मदिन, किया पौधरोपण

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद रामसागर रावत का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के नई सड़क चौराहा पर स्थित पूर्व सांसद रामसागर रावत के आवास पर पहुंचे पूर्व विधायक राम मगन रावत, पप्पू सिद्दीकी,सियाराम यादव सत्यम सिंह, राजेश वर्मा, लल्लू यादव,सोनी यादव, तैय्यब, दिनेश शर्मा, सहित क्षेत्र के सैकड़ों प्रधानो एवं समाजसेवियों ने श्री रावत को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। पूर्व सांसद के जन्मदिन पर उनके समर्थकों द्वारा नीम जामुन, अमरूद सहित विभिन्न प्रजातियां के पौधे भी रोपित किए गए।

# मॉर्निंग रेड से बिजली चोरों के उड़ गए होश

**मसौली बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

बिजली चोरों पर शिकंजा कसने के लिए शनिवार की तड़के 6 बजे से शुरू हुई मॉर्निंग रेड से बिजली चोरों के होश उड़ गए। कटिया चेकिंग अभियान की जानकारी पाते ही कटिया चोर बिस्तर छोड़ कटिया हटाने के लिए दौड़ पड़े। बिजली चोरी करते हुए पकड़े जाने पर आधा दर्जन के खिलाफ विद्युत थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

अवर अभियंता मसौली लाल सिंह के नेतृत्व में विजय वर्मा, मकदूम अली, संविदा कर्मी सतेन्द्र वर्मा, विजय पाल, अफजल रहबर, अखिलेश कुमार, दयाराम, विजय गुप्ता, संदीप वर्मा सहित विद्युत विभाग की टीम ने ग्राम पंचायत मसौली व बड़ागांव में सुबह 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक चेकिंग की गयी। बिजली विभाग द्वारा की गई इस अचानक कार्रवाई से लोगों के होश उड़ रहे। और मॉर्निंग रेड की सूचना गांव में फैलते ही लोग बिस्तर छोड़ कटिया हटाने के लिए दौड़ पड़े। चेकिंग अभियान में एक दर्जन से अधिक लोग कटिया डालकर बिजली का उपयोग करते हुए पकड़े गये।



**इनके खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर**

विशेष अभियान में उपभोक्ता हुसैन अली पुत्र मनसाद अली, सतीश,बबलू,उमाशरण पुत्रगण स्व० राम सिंह, दिनेश कुमार पुत्र राम सुमिरन, राजेन्द्र कुमार पुत्र नेवल किशोर, कमालुद्दीन भूलीगंज, व नातिक, अतीक, शकील पुत्रगण तजम्मुल निवासी कस्बा मसौली सरवर, अनवर, अरशद पुत्रगण स्व० मुनीर अहमद ग्राम बड़ागांव और 4 लोगों के विरुद्ध कनेक्शन विच्छेदन होने के बाद भी बिजली जलाते पाये जाने पर धारा 138 क्रमे बिजली चोरी अधिनियम का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# थाना समाधान दिवस में पांच शिकायतें आई, टीम गठित

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

**पति अनिल कुमार, सास, ससुर व ननद पर मारपीट का आरोप**

प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह की अध्यक्षता मे शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस मे 5 शिकायते आयी जिसके निस्तारण के लिए टीमे गठित की गयी है।

थाना समाधान दिवस मे कुरथरा निवासिनी आरती ने अपने पति अनिल कुमार, सास, ससुर व ननद पर मारपीट का आरोप लगाया है, पहलीपार मजरे सुरसंडा निवासी शेर बहादुर ने धनपति पर नाली पर दिवार बनाने की शिकायत की, भारतपुर थाना पुरा कलंदर जनपद अयोध्या निवासी मो0 करीम पुत्र मो0 कय्यूम ने सुर संडा निवासी सिराज, मो0 अहमद, मो. मेराज पर मारपीट करने का आरोप लगाया है, पूरे मनभावन पुर निवासी सोनपाल सिंह पुत्र सुमेर सिंह ने जहा पैमाइश की मांग की है वही बड़ागांव निवासी मो0 रजा पुत्र मुस्तफ़ा ने नाली को लेकर शिकायत की है।

प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने फरियाद सुनते हुए निस्तारण के लिए टीम का गठन किया है। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक स्वामी नाथ सोनी, उपनिरीक्षक राकेश यादव, रमेश्चंद्र, अनिल कुमार सिंह, लेखपाल राम प्रवेश तिवारी, अजय चौहान, राजेश तिवारी, राकेश यादव, राहुल कुमार आदि लोग मौजूद थे।

## खबरें एक नजर में

### बन्दरों के आतंक से ग्रामीण परेशान

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** पूर्व जिला पंचायत सदस्य हाजी मुश्ताक अहमद मुन्ना की शिकायत पर दरिगापुर में वन क्षेत्र प्रभारी तुषार कुमार ने टीम के साथ बन्दरो को पकड़ने के लिए पहुचे।शिकायत में बताया गया कि दरिगापुर गांव में बन्दरो का आतंक है अब तक आधा दर्जन ग्रामीणों को बन्दर काट चुके हैं छोटे छोटे बच्चे बन्दरों के भय से स्कूल नहीं जा रहें हैं।वन क्षेत्र प्रभारी तुषार कुमार ने बताया कि बन्दर पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

### कल शिव परिवार की होगी स्थापना

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** कस्बा के कोठी वार्ड में रामलीला कोठी के परिसर में स्थित शिव मंदिर का जीर्णोद्धार होने के बाद आगामी सोमवार को मंदिर में भगवान शिव के परिवार की स्थापना की जाएगी इस अवसर पर शाम 5 बजे से प्रसादी का वितरण भी किया जाएगा।

### महिला ने पति की हत्या कर शव फेंकने का लगाया आरोप

**उरई,जालौन।** उरई के मोहल्ला इंदिरा नगर निवासी सरिता पत्नी संतोष कुमार उर्फ मखन्चू निवासी झलकारी बाई धर्मशाला इन्द्रानगर ने डकोर कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उसके पति को 10 जुलाई की शाम 4 बजे निर्भय सिंह उर्फ फंो पुत्र भगवानदास, राधा पत्नी निर्भय सिंह उर्फ फंो, राजकुमार पुत्र भगवानदास, कार्तिक उर्फ फरसा वाले, आकाश पुत्र भगवान सिंह समस्त निवासीगण इन्द्रानगर उरई आये और मेरे पति संतोष को अपने साथ ले जाने लगे मेरे पति ने मुझे बताया कि हम लोग काम से डकोर जा रहे है फिर ये लोग मेरे पति को ले गये। महिला ने उक्त सभी लोगों पर आरोप लगाया कि उन्होंने मेरे पति की मारपीट कर हत्या कर दी और शव को डकोर थाना क्षेत्र के चिकासी पुल के समीप फेंक दिया।

### नगर में हो रहा घरेलू गैस सिलेंडरों का दुरुपयोग

**जालौन,उरई।** घरेलू गैस सिलेंडरों का दुरुपयोग रोकने के तमाम प्रयासों के बाद भी घरेलू गैस सिलिंडरों का उपयोग व्यापारिक कार्यों में धड़ल्ले से हो रहा है। इसके बाद भी स्थानीय प्रशासन की नजर इन पर नहीं पड़ रही है।सरकार द्वारा घरेलू गैस सिलिंडर के व्यापारिक प्रयोग पर पाबंदी लगी हुई है। इसलिए इनका व्यापारिक प्रतिष्ठान में प्रयोग नहीं किया जा सकता है। घरेलू गैस सिलिंडर का व्यापारिक प्रतिष्ठानों में प्रयोग कानूनन अपराध है। इसके बाद भी मूंगफली विक्रेता, चाय विक्रेता, होटल, रेस्टोरेंट, ढाबे, छोले भटूरे, चाट, समेत कई तरह के व्यापारिक प्रतिष्ठानों में घरेलू सिलेंडरों का धड़ल्ले से प्रयोग हो रहा है। इसके अलावा एलपीजी वाहनों में भी इनका प्रयोग किया जाता है।

### पीड़ित ने पुलिस से की मारपीट हुई शिकायत

**कोंच,जालौन।** मुहल्ला नया पटेल नगर निवासी दिलीप कुमार पुत्र रामबाबू पटैरिया ने शनिवार को कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मुहल्ला गोखले नगर निवासी दीपक पुत्र महेश पटैरिया ने गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। उक्त मामले को लेकर पुलिस ने आरोपी दीपक के खिलाफ दफा 351(2), 352 बीएनएस में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# रामपुर गांव में जल निकासी न होने से पसरा कीचड़

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज़।**



कदौरा स्टेट हाईवे स्थित रामपुर गांव में गलियों के हाल ठीक नहीं। जल निकासी की व्यवस्था न होने से गली तालाब बन गई है जिससे होकर ही ग्रामीणों को गुजरना पड़ता है।

कदौरा ब्लाक क्षेत्र में स्टेट हाईवे पर स्थित रामपुर गांव ग्राम पंचायत काशीरामपुर का मजरा है जहां अधिकांश आवादी दलित समुदाय की है। ग्रामीणों के अनुसार कहने को यह गांव स्टेट हाईवे के किनारे मौजूद है जहां से दिन रात वाहनों का आवागमन होता है लेकिन इसके अंदर की तस्वीर बेहद खराब है। गांव की गली में जल निकासी का कोई इंतजाम नही और न ही सफाई व्यवस्था ठीक है जिससे बरसात शुरू होते ही गली ने तालाब का रूप ले लिया है। उस गली से गुजरने वालों को उसी पानी के मध्य से गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीण आजाद भगत सिंह के अनुसार जलभराव से उक्त पानी में मच्छर भी पैदा हो गए हैं जो ग्रामीणों के लिए बीमारी का कारण बन रहे लेकिन ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों को जनता की इस परेशानी से कोई बास्ता नहीं है जबकि शासन द्वारा इस समय संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है पर यहां पर ऐसा कुछ भी नहीं है। ग्राम प्रधान कृष्णकुमार के अनुसार गांव में बरसात में नाली जाम हो गई है जिसके लिए सफाई कर्मियों से कहा गया है।

वही पंचायत सचिव मुजाहिद खान के अनुसार पानी बरसात होने के बाद भरा है उसके निकासी की व्यवस्था की जा रही है।

## पति सहित पांच ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज

**कालपी (जालौन)।** अतिरिक्त दहेज की मांग करके पत्नी के साथ मारपीट करने के मामले को लेकर पीड़ित नवविवाहित के द्वारा पति सहित ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया। उक्त मामले को लेकर पुलिस जांच करने में जुट गई हैं। वादिनी प्रियंका पुत्री मुरलीधर निवासी ग्राम निबाड़ी थाना कालपी में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 10 जून 2024 को वादिनी का विवाह अर्जुन पुत्र लाल सिंह निवासी उमरार खेरा उरई के साथ हिन्दू रीति रिवाज के साथ सम्पन्न हुआ था। प्रार्थिनी ने अपने सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज में सामान तथा जेवरात दिया था। प्रार्थिनी का एक वर्ष का पुत्र भी है। विवाह के एक साल के बाद प्रार्थिनी का पति गाली गलौज करके उत्पीड़न करने लगा तथा 50 हजार रुपये की मांग दहेज के रूप में करने लगा।

# ठेला लेकर जा रहे किसान को वैन ने मारी टक्कर हुआ घायल

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

बेलहा बाबा मंदिर के पास ठेला पर धान की नर्सरी लेकर जा रहे किसान को सफदरगंज मार्ग की ओर से तेज रफ्तार आ रही वैन ने मारी जोरदार टक्कर, किसान गंभीर रूप से हुआ घायल जिसे पुलिस व मौके पर मौजूद लोगों की सहायता से सीएससी जैदपुर भेजा गया। हालत गंभीर देख डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के बेलहा बाबा मंदिर स्थित जैदपुर सफदरगंज मार्ग का हैं। जहां पर गुलरिहा गांव निवासी सुरेश चंद्र पुत्र रामसागर अपने पुत्र उमाशंकर के साथ धान की नर्सरी ठेलिये पर लेकर सफदरगंज की ओर जा रहे थे। तभी सफदरगंज की ओर से आ रही तेज रफ्तार वैन यूपी 32 के एस 7380 के चालक ने ठेलिया में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे ठेलिया पर सवार सुरेश चंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। वही बाइक सवार उनका लड़का उमाशंकर भी सड़क पर गिर पड़ा।

घटना की सूचना 112 पुलिस को दी गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल कर एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी जैदपुर भेजा। जहां पर सुरेश चंद्र की हालत को गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वैन को पुलिस द्वारा कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# युवक ने ससुरालीजनों पर लगाया मारपीट का आरोप

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे के मोहल्ला वसी नगर निवासी व्यक्ति ने ससुराल वालों के विरुद्ध जमकर मारपीट के संबंध में थाना जैदपुर में शिकायत, की है।पुलिस द्वारा मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी। बाराबंकी जिले के जैदपुर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत जैदपुर अंतर्गत मोहल्ला वसीनगर निवासी मो रिहान पुत्र मो उस्मान ने थाने में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वह आज सुबह कुछ काम के लिए पानी टंकी के पास जा रहा था। जहां पर उनके ससुर मुजीब अहमद पुत्र हबीबुल्ला के द्वारा उन्हें रोक लिया और परिवार के हसीब,फरीद,आदिल



वसीउर्रहमान सहित सदस्यों के साथ मिलकर उसे काफी मारा पीटा गया है। पीड़ित रिहान ने थाने में शिकायती पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग उठाई है। पुलिस द्वारा जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है। इस संबंध में कस्बा इंचार्ज रनवीर सिंह ने बताया जांच पड़ताल जारी है।

## फुलैला में फांसी पर लटका युवक

**कोंच ,जालौन।** ग्राम फुलैला में एक व्यक्ति ने फांसी पर लटक कर आत्महत्या कर ली। कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम फुलैला निवासी महाराज सिंह (31) पुत्र किशुन कुमार ने शनिवार की सुबह घर के कमरे में पंखे से साड़ी का फंदा गले में डालकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद परिजनों ने कमरे में जाकर देखा तो महाराज सिंह फांसी पर झूल रहा था। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। थानाध्यक्ष राजीव कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिंगर यूनिट टीम ने भी मौके से साक्ष्य एकत्रित किए। मृतक की शादी करीब 10 वर्ष पूर्व हुई थी जिसके एक पुत्र और एक पुत्री है।

# ईरज राजा का तबादला, डॉ. दुर्गेश कुमार होंगे नये एसपी

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज़।**

**डॉ. ईरज राजा को जनपद गाजीपुर का बनाया गया पुलिस अधीक्षक**

पिछले डेढ़ साल से अपराधियों, दबंग, माफियाओं के खिलाफ धुआधार बैटिंग कर रहे पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा का तबादला हो गया वह गाजीपुर के नये एसपी बनाए गए है। जबकि उनके स्थान पर डॉ. दुर्गेश कुमार जालौन जिले के नये एसपी होंगे। पुलिस कमिश्नर लखनऊ में डीसीपी के पद से ट्रांसफर होकर आ रहे जालौन के नये पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार जनपद महाराजगंज के रहने वाले है। उनका चयन उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग से हुआ है। इसके बाद उनकी आईपीएस के पद पर पदोन्नति हुई है। डॉ. ईरज राजा को जनपद गाजीपुर का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। 14 जनवरी 2023 को जालौन जिले की कमान संभालने वाले ईरज राजा का डेढ़ साल का कार्यकाल सराहनी रहा है। 65 से अधिक हाफ एनकाउंटर के अलावा कई अपराधियों के खिलाफ रासुका एवं गैंगस्टर की कार्यवाही की गयी है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष से विवाद के बाद तमाम भाजपा नेता उनके तबादले के लिए लगे हुए थे लेकिन सफल नही हो पाये।

## बिजली घर के पास खड़ी एसडीओ की कार चोरी

**कालपी (जालौन)।** बिजली घर के पास खड़ी उपखण्ड अधिकारी की कार चोरी हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थम नहीं रहा है, वाहन चोरी का सिलसिला, एक सप्ताह में तीसरी घटना विदित हो कि उपखण्ड में कानपुर निवासी आदर्श राज यादव विद्युत विभाग में उपखण्ड अधिकारी है। वह अपनी कार को गत 12 जुलाई को अपने संविदा कर्मचारी के पास छोड़ गए थे जो कुछ दूरी पर बलवान की दुकान के पास किराए के मकान में रहता है जो सडक पर ही खडी थी लेकिन शुक्रवार सुबह 13 जुलाई को वह अपने स्थान से गायब थी जिसकी जानकारी उसने एसडीओ को थी। 24 घण्टे चली खोजबीन के बाद शनिवार को उन्होंने कार चोरी होने की शिकायत पुलिस से की थी।

## ट्रैक्टर निकालने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**कोंच, जालौन।** ग्राम अटा में ट्रैक्टर निकालने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया और जमकर मारपीट हो गयी। पुलिस ने दोनों पक्षों का मेडिकल परीक्षण कराते हुए एफआईआर दर्ज की है। हरीराम पुत्र रामरतन ने पुलिस को बताया कि संजय और विजय पुत्रगण अनंतराम और गुलाब पुत्र नाथूराम ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने उक्त लोगों के विरुद्ध धारा 118 (1), 115 (2),151 (1)(2), 352 बीएनएस में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। उधर, दूसरे पक्ष के संजय कुमार पुत्र अनंतराम ने रामराज व हरीराम पुत्रगण रामरतन पर उसके साथ गाली-गलौज, मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने की शिकायत दर्ज करायी।

# थाना समाधान दिवस में जमीन संबंधी 11 शिकायतें दर्ज



**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज़।**

शनिवार को उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन हुआ जिसमें जमीन संबंधी 11 शिकायतें दर्ज की गई है। शासन ने जनता की जमीन सम्बन्धी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए माह के दूसरे और चौथे शनिवार को थाना स्तर पर समाधान दिवस की शुरुआत काफी दिनों पहले की थी जिसमें पुलिस व राजस्व विभाग के जिम्मेदार मिलकर समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कराने की कोशिश करते हैं और इसी कड़ी में कोतवाली सभागार में उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह की अगुआई और सीओ डॉ. देवेंद्र पचौरी की मौजूदगी में आयोजन हुआ इस दौरान राजकुमारी पत्नी कालीदीन ने शिकायत की है कि पडोसी किसान उसका उत्पीड़न कर रहा है तो सरसेला की छबीना देवी ने पड़ोसी पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है इसके अलावा जय कुमार खत्री ने भी महादेव मन्दिर विवाद को निस्तारित करने की अपील की तो माधव प्रसाद जोल्हूपुर ने जमीन पर अवैध कब्जा का आरोप लगाया है। इस दौरान उपजिलाधिकारी ने मामलो को गम्भीरता से लेकर उनका त्वरित और गुणवत्तायुक्त निस्तारण करने के निर्देश दिए और कहा कि जमीन के छोटे छोटे विवाद कभी बडा रूप ले लेते हैं।

**कोंच सर्किल के थानों में आयीं 23 शिकायतें**

**कोंच (जालौन)।** थाना समाधान दिवस में कोतवाली सहित थाना कैलिया और नदीगाँव में 23 शिकायतें दर्ज करायी गयीं। कोतवाली में एसडीएम ज्योति सिंह की अध्यक्षता और सीओ उमेश कुमार पांडेय व प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय की उपस्थिति में राजस्व विभाग से जुड़ी 13 और पुलिस विभाग से जुड़ी 5 शिकायतें दर्ज करायी गयीं। मौके पर सिर्फ2 शिकायतें ही निस्तारित की जा सकीं। एसडीएम ने शिकायतों के निस्तारण के लिए गठित टीम को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि निस्तारण कार्य में लापरवाही न बरती जाये अन्यथा कार्यवाही की जाएगी। थाना कैलिया में थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने शिकायतें सुनी। यहां पर 2 शिकायतें दर्ज करायी गयीं, दोनों ही शिकायतें मौके पर निस्तारित कर दी गयीं। वहीं थाना नदीगाँव में थानाध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने शिकायतें सुनी। इस दौरान 3 शिकायतें आए हुए फरियादियों ने दर्ज करायी।

# अवस्थी दंपत्ति को गोली मारने में तीन पर केस दर्ज

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज़।**

शहर में आये दिन हो रही चोरी की घटनाओं को रोकने में नाकाम रहे शहर कोतवाल के लचर रवैये के चलते अब अपराधी खुलकर खेलने की हिम्मत दिखाने लगे इसी के चलते बीती शाम विहिप के पूर्व जिलाध्यक्ष व वरिष्ठ भाजपा नेता डा. भास्कर अवस्थी पर जान से मारने की नियत से बाइक सवारों हमलावरों ने सरेशाम गोली मारकर मरणासन्न कर दिया और अपराधी मौके का फायदा उठाते हुये सुरक्षित भाग जाने में सफल रहे। उक्त मामले में भास्कर अवस्थी के बड़े भाई प्रभाकर अवस्थी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। गौरतलब हो कि अवस्थी ग्रुप ऑफइंस्टिट्यूट्स के मालिक व विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व जिलाध्यक्ष, भाजपा के वरिष्ठ नेता भास्कर अवस्थी अपनी पत्नी डा. साधना अवस्थी के साथ बीती शाम स्कूटी से बाजार गये जब वह बाजार से वापस अपने घर लौट रहे थे जबकि उनकी पत्नी डा. साधना अवस्थी भी छर्रे लगने से घायल हो गयी थी। उक्त मामले में उनके बड़े भाई प्रभाकर अवस्थी ने सदर कोतवाली पुलिस को दी गयी तहरीर में इस बात का भी उल्लेख किया था कि उक्त लोग उनके भाई से 10 करोड़ 22 लाख रुपयों की मांग करते रहते थे। पुलिस ने संजीव थापक पुत्र ओमप्रकाश थापक व उनके बेटे सूयान्शु व चन्द्राशु थापक के विरुद्ध बीएनएस के तहत धारा 109 व 61 (2) में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

**हमलावरों को पकड़ने के लिये पुलिस की टीमें सक्रिय**

**उरई।** अवस्थी ग्रुप ऑफइंस्टिट्यूट्स के मालिक व विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व जिलाध्यक्ष, भाजपा के वरिष्ठ नेता भास्कर अवस्थी को जान से मारने की नियत से गोली मारकर घायल करने के मामले में एसपी द्वारा हमलावरों को पकड़ने के लिये तीन टीमें गठित की है जो अपने-अपने तरीके से अपराधियों की धरपकड़ करने में जुटी हुयी है।

**पुलिस टीमें सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी**

**उरई।** भाजपा नेता के हमलावरों को पकड़ने के लिये अब गठित पुलिस टीमें सीसीटीवी कैमरों से क्लू तलाशने में जुट गयी थी। सबसे पहले बम्बी रोड से हमलावरों के आने का संदेह जताया जा रहा और फिर घटना को अंजाम देकर बदमाश अंबेदकर तिराहा या फिर उरई क्लब के पीछे से भागने की संभावना जतायी जा रही हैं।

# अपर जिलाधिकारी ने चौपाल लगाकर बाढ़ से बचाव की दी जानकारी



चौपाल में लोगों को जागरूक करते अपर जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**

**विकासखंड के** ग्राम कछोहा में अपर जिलाधिकारी के निर्देशन में बाढ़ राहत चौपाल लगाकर कर, बाढ़ से बचाव, सर्पदंश, वज्रपात /आकाशीय बिजली, एवं डूबने की घटना को रोके जाने के सम्बन्ध में ग्रामवासियों को विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार ने बताया कि गंगा नदी का जल स्तर बढ़ रहा है। लगातार नरौरा बांध से पानी छोड़ा जा रहा ऐसे में बाढ़ की संभावना व्यक्त की जा रही है। आप सभी सतर्क रहें बारिश के मौसम में पानी उबाल कर पिएं। अपने घरों के आस-पास सफाई रखें। रात्रि में जब भी बाहर निकले टार्च साथ में जरूर रखें मोबाइल पर निर्भर न रहें। एसडीएम सदर के द्वारा बताया गया कि अपनी पूरी व्यवस्था है। शासन स्तर से आप लोग परेशान न हों बाढ़ शरणालय में पूरी व्यवस्था है। जिला आपदा विशेषज्ञ द्वारा बताया गया कि जनपद में सर्पदंश और डूबने की घटनाएं बढ़ रही हैं जिसमें छोटे बच्चे शामिल हैं। ऐसे में जो उनके गार्जियन है उनको ध्यान देने की आवश्यकता है। कि बच्चे कहां खेल रहे हैं क्या कर रहे हैं जिससे ऐसी घटनाओं को रोका जा सकें साथ ही यह भी बताया गया की सभी सांप जहरीले नहीं होते हैं इसलिए मृत्यु की संभावना भी कम है। लेकिन भयवश और तत्काल उपचार न मिलने से मृत्यु हो जाती है। इसलिए जानकारी होना जरूरी है। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार, एस.डी.एम सदर, जिला आपदा विशेषज्ञ, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, ग्राम प्रधान, सफाई कर्मचारी सहित गांव के अन्य लोग मौजूद रहें।

# वाद विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता में विजय छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया




**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**नगर के** सिटी चिल्ड्रन एकेडमी में वाद विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने भाग लिया विजय छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कुंवारियापुर रोड स्टेट सिटी चिल्ड्रन एकेडमी में वाद विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने भाग लिया विजय छात्र-छात्राओं को स्कूल की प्रशस्तिका सुधा प्रधान ने प्रमाण पत्र देकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया उनके उज्जवल भविष्य की कामना की कार्यक्रम में स्कूल का समस्त स्टाफ व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## ऑपरेशन के बाद महिला की तबियत बिगड़ने के बाद परिजनों ने अस्पताल में को तोड़फोड़ व मारपीट

**सौरिख,कन्नौज।** ऑपरेशन के बाद महिला की तबीयत बिगड़ी परिजनों ने अस्पताल का घेराव कर जमकर की तोड़फोड़ तथा कर्मियों के साथ मारपीट की गई सूचना पर पहुंची पुलिस फोर्स ईलाज की मांग को लेकर अस्पताल का घेराव कर ग्रामीण हंगामा काट रहे। तिर्वा तहसील के हसेरन निवासी शिव कुमारी पत्नी जयपाल सिंह उम्र 50 वर्ष के पथरी की शिकायत होने के कारण परिवार के लोग 16 जून को नगर के जे सी हॉस्पिटल में भर्ती कराया 17 जून को महिला का ऑपरेशन किया गया ऑपरेशन के बाद तीन दिन महिला को अस्पताल में भर्ती रखा गया तीसरे दिन तबियत बिगड़ने पर उसे रेफर कर दिया गया परिजन निजी अस्पताल कानपुर ले गए वहां कुछ दिन इलाज चलने के बाद बताया गया की महिला का गलत ऑपरेशन होने के कारण इंफेक्शन फैल गया है आप इन्हें घर ले जाएं उसके बाद परिजन मरीज को घर ले आए आज 13 जुलाई दोपहर परिवार के लोगों के साथ बीमार महिला को जे सी अस्पताल में ले आए और हंगामा काटना शुरु कर दिया हंगामा काटते हुए ग्रामीणों ने अस्पताल में तोड़फोड़ तथा मौजूद कुछ कर्मियों के साथ हाथापाई कर दी हंगामा बढ़ते देख सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया और परिवार को महिला का सही जगह इलाज करने के लिए समझाया लेकिन परिवार के लोग ईलाज की मांग को लेकर पड़ गए और कहने लगे जब तक मुआवजा का आश्वासन नहीं मिलेगा हम महिला को कहीं नहीं ले जाएंगे प्रभारी निरीक्षक ने मामले की सूचना उच्य अधिकारियों को दी सूचना पर उप जिलाधिकारी छिबरामऊ, क्षेत्राधिकार ओंकार नाथ शर्मा तहसीलदार एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा परिवार को समझाने का प्रयास किया जा रहा है।

## मोटरसाइकिल फिसली ने से पति-पत्नी बच्चे हुए घायल

**छिबरामऊ कन्नौज।** जगतपुर से मोटरसाइकिल से पृथ्वीपुर जा रहे हैं पति-पत्नी बच्चे मोटरसाइकिल फिसली डायलॉग को उपचार के लिए 100 सैय संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। अपने ग्राम जगतपुर से पृथ्वीपुर जा रहे राहुल पुत्र प्रभूदयाल 32 उम्र पृथ्वीपुर मोनी पत्नी राहुल 22 उम्र,,,आयुष पुत्र राहुल 4 बर्ष उम्र वैष्णवी पुत्री राहुल 3 माह उम्र ,,अपने गांव जगतपुर से छिबरामऊ आ रहे थे तभी पापा होटल के सामने छिबरामऊ पूर्वी बाईपास पर अचानक से बाइक का बैलेंस बिगड़ जाने के कारण अचानक से बाइक गिर गई जिसमें पत्नी व बच्चे एवं स्वयं घायल हो गए जिसके बाद राहगीरों ने एंबुलेंस को सूचना कर एंबुलेंस के द्वारा सौ सैयां अस्पताल में भर्ती कराया।

## दस माह से जालौन अस्पताल में सप्ताह में तीन दिन मिलती एक्सरे सेवा

**जालौन (उरई)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीते लगभग 10 माह से सप्ताह में तीन दिन एक्सरे सेवा बंद कर दी गयी है। चिकित्सालय में तीन दिन एक्सरे सेवा बंद होने के कारण यहां आने वाले मरीजों को दिक्कत हो रही है। नगरवासियों ने चिकित्सालय में प्रतिदिन एक्सरे सुविधा उपलब्ध कराने की मांग सीएमओ से की है। एक तरफ सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने की बात कर रही है। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगभग 10 माह पूर्व एक्सरे सुविधा को तीन दिन के लिए बंद कर दिया गया था। तबसे यही व्यवस्था चल रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्सरे मशीन आपरेटर राजेश चौहान की ड्यूटी लगी है। इससे पूर्व सीएचसी में सप्ताह भर एक्सरे सुविधा उपलब्ध थी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक्सरे मशीन ऑपरेटर की तीन दिन ड्यूटी कदौरा लगा दी गई थी। जिसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार, शुक्रवार व शनिवार को एक्सरे सेवा बंद कर दी गई है। ऐसे में मरीजों के सिर्फ सोमवार, मंगलवार व बुधवार को ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्सरे हो पा रहे हैं।

# मुख्य मार्ग पर जलभराव होने से ग्रामीणों में आक्रोश, किया विरोध प्रदर्शन

- गुगरापुर में जलालाबाद से संयोगिता मार्ग को जोड़ने वाली मेंन रोड पर रहता जलभराव


विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण — समृद्धि न्यूज

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**

**ब्लॉक गुगरापुर** की ग्राम पंचायत गुगरापुर में जलालाबाद से संयोगिता मार्ग को जोड़ने वाली मेंन रोड पर चतुर्वेदी डेरी फार्म के सामने जल भराव होता है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों से की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद ग्रामीणों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया सड़क पर जल भराव होने के कारण कई बाइक सवार गिरकर चोटिल हो चुके हैं। मेंन रोड पर पानी की सही निकासी न होने के कारण रोड पर ही बरसात का पानी जमा हो जाता है। जिस कारण करीब 100 मीटर एरिया में चार से पांच फीट तक पानी भर जाता है। जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है। ग्रामीणों ने बताया रोड का निर्माण अभी तीन-चार महीने पहले हुआ है। लेकिन ठीक से पानी निकासी न होने के कारण जल भराव होता है। दीपक दीक्षित, रवि दीक्षित, आकाश दीक्षित, कलेक्टर सक्सेना, रोहित यादव, बिट्टू चतुर्वेदी, अंबुज दीक्षित आदि लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया।

# बिजली के शॉर्ट सर्किट से मजदूर किसान के घर में लगी

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



**तहसील** क्षेत्र के ग्राम भोगपुर भोगपुर निवासी के घर पर शर्ट सर्किट होने के कारण लगी आग रमन पुत्र कुतवाल सिंह पत्नी अनीता अर्चना 15,शालीनी 11, गुंजन 9, दिव्या 5, दीपक 7 उम्र भोगपुर मौजा हमीरपुर थाना विशुनगढ़ के घर पर रखे 20 पैकेट मूँगफली, गेहूं 5 पैकट , 40 हजार रुपये की भैस बेची थी 5 दिन पूर्व, बिसात खाना 20 हजार रुपये का, कपडे , टीवी, पंखा, कुर्सियां 4, चारपाई 1, लगभग 1 से ढेड़ लाख रुपये का हुआ नुकसान बिजली सॉर्ट सर्किट से लगी आग पति-पत्नी मजदूरी करने के लिए गए हुए थे खेत पर मूंगफली की खुदाई बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे सुबह करीब 9~00 बजे जब मोहल्ले वालों ने सूचना दी जाकर खेत पर की आग लग गई उसके बाद मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों ने आग को मुश्किल से बुझाया तब तक की सारा सामान जल कर राख हो गया सुबह करीब 9~00 बजे की घटना जिसमें रमन आग बुझाते समय और सामान निकलते समय झुलस लग गए।

# पुलिस की लापरवाह कर प्रणाली से भाजपा कार्यकर्ताओं में रोष

- बैंक के अंदर से झूले से चोरी हुआ था 50000 रुपए

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**पुलिस की** लापरवाही से पुलिस की कार्यप्रणाली भाजपा शक्ति केंद्र के संयोजक नवीन वाजपेई ने शोक व्यक्त किया है स्टेट बैंक के अंदर से होले से चोरी हुई?50000 की गाड़ी पर करने वाली महिला का चेहरा स्टेट बैंक के सीसीटीवी कमरे में भी कैद हुई है उसके बावजूद भी छिबरामऊ पुलिस अभी तक महिला का पता नहीं लगा सकी भाजपा शक्ति केंद्र के संयोजक नवीन वाजपेई ने मोहल्ला सराफान ने कहा कि उनके भाई प्रवीण कुमार बाजपेई सुभाष चंद्रबाजपेई स्टेट बैंक शाखा में छिबरामऊ ग्राहक सेवा केंद्र सी एस बी रोड मोहल्ला मानपुर संचालित करते हैं मंगलवार को ग्राहक सेवा केंद्र के नाम के माध्यम से लोगों को भुगतान करने के लिए उन्होंने अपने पुत्र हिमांशु वाजपेई के नाम से?150000 की चेक देकर भेजा था लगभग समय 11~12 बजे स्टेट बैंक शाखा भुगतान करने के लिए भेजा था पुत्र इस भुगतान लेने के बाद स्टेट बैंक के गेट से निकला रहा था अभी बैंक परिसर किसी ने बैंग की चैन खुली देखकर पुत्र को बताया इस दौरान पुत्र ने बैग को चेक किया तो उसमें दो गड्डियां ही निकली एक गाड़ी चोरी हो चुकी थी घटना के बाद वहां लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए तो दो महिलाएं से व्यवस्था में उसको चारों तरफ गहरी हुई खड़ी थी पीड़ित ने उन्हें महिलाओं के ऊपर शक करते हुए पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की इस मामले में भाजपा विधायक अर्चना पांडे ने दो बार प्रभारी निरीक्षक फोन किया फिर भी इस मामले की कोई समस्या हल ना हो सकी।

## लाक्षाकार समाज ने सामूहिक विवाह स मेलन के पहले निकाली शोभा यात्रा

**जालौन (उरई)।** लाक्षाकार समाज युवा विकास समिति के तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय परिचय व सामूहिक विवाह स मेलन के पहले दिन विशाल शोभायात्रा निकाली गयी। नगर के मु य मार्ग से निकाली गई भव्य शोभायात्रा में समाज के युवक, युवतियों के साथ महिलाएं व पुरुष स मलित हुए जो डीजे पर बज रहे भजनों पर थिरकते हुए आगे बढ़ रहे थे। शोभायात्रा के दौरान समाज के लोगों ने फूल वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। लाक्षाकार लखेरा समाज के अखिल भारतीय सामूहिक विवाह व परिचय स मेलन के तीन दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन द्वारिकाधीश मंदिर प्रांगण से समाज के लोगों की भव्य शोभायात्रा निकाली। मंदिर प्रांगण से शुरू हुई शोभायात्रा बाजार बैठगंज से होकर तहसील के सामने से होते हुए कांजी के सामने से पोस्ट आफिस होकर देवनगर चौराहे से कार्यक्रम स्थल स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज परिसर पहुंची। जहां शोभायात्रा का समापन हुआ।

# इस सावन कई शुभ योगों का मिलन होगा है: पंडित विशाल दीक्षित जी महाराज

**छिबरामऊ। समृद्धि न्यूज**



**सावन का** महीना भोले-शंकर का महीना है। इस साल भगवान शिव के प्रिय महीने सावन में कई विशेष संयोग बन रहे हैं। 22 जुलाई, सोमवार से पवित्र माह सावन की शुरुआत होगी और समापन 19 अगस्त, सोमवार के दिन ही होगा। महासंयोग यह भी कि सर्वना नक्षत्र से सावन का प्रारंभ और सर्वना नक्षत्र में ही मास का समापन भी है। यह काफी शुभ फलदायक रहन वाला है। सावन सोमवार का व्रत रखने और सच्चे दिल से भोलेनाथ की आराधना करने से भगवान शिव की असीम कृपा प्राप्त होती है। प्रसिद्ध भागवताचार्य पं. विशाल दीक्षित जी कहते हैं कि काफी सालों बाद इस बार सावन मास में पांच सोमवार है। खास यह कि सावन की शुरुआत कृष्ण पक्ष से हो रही है। जबकि, शुक्ल पक्ष में समापन हो रहा है। बड़ी बात यह भी कि पांच अगस्त सोमवार से शुक्ल पक्ष की शुरुआत है तो 19 अगस्त सोमवार को इस पक्ष का समापन भी हो रहा है। इस सावन कई शुभ योगों का मिलन भी होगा। पुराणों के अनुसार, सावन में भोले शंकर की पूजा, अभिषेक, शिव स्तुति, मंत्र जाप का खास महत्व है। खासकर सोमवारी के दिन महादेव की आराधना से शिव और शक्ति दोनों प्रसन्न होते हैं।

### शिव-पूजा का महत्व

महाराज श्री कहते हैं कि भोले शंकर औघड़दानी हैं, अपने भक्तों की पुकार जरूर सुनते हैं। उनके शरण में जाने वालों को कोई कष्ट छू नहीं सकता। इनकी कृपा से दैविक, दैहिक और भौतिक कष्टों से मुक्ति मिलती है। निर्धन को धन और निःसंतान को संतान की प्राप्ति होती है। कुंवारी कन्याओं को मनचाहा वर मिलता है।

### सावन सोमवार कब-कब

22 जुलाई- पहला सोमवार
29 जुलाई- दूसरा सोमवार
05 अगस्त- तीसरा सोमवार
12 अगस्त- चौथा सोमवार
19 अगस्त- पांचवा सोमवार

# थाना समाधान दिवस का आयोजन



**छिबरामऊ। समृद्धि न्यूज**

**पुलिस अधीक्षक** कन्नौज अमित कुमार आनन्द द्वारा थानामे हुए थाना समाधान दिवस पर सुनी गयी जनता की फरियाद।*

पुलिस अधीक्षक कन्नौज द्वारा आज को थाना छिबरामऊ पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को शिकायतों की गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया । पुलिस अधीक्षक कन्नौज द्वारा पुलिस कर्मियो को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना-पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए।

जिन प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है, उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके ।

**प्रशिक्षण** | एक दिवसीय कृषक महिला प्रशिक्षण संपन्न

# प्रकृति व पोषण सुरक्षा हेतु अपनाए मोटे अनाज: डॉ. पूनम



प्रशिक्षण में महिलाओं को जानकारी देती महिला वैज्ञानिक डॉ पूनम सिंह — समृद्धि न्यूज

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**

**अनौगी स्थित** कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा गुगरापुर ब्लॉक क्षेत्र के बल्लूपुर्वा गांव में ÷प्रकृति व पोषण सुरक्षा हेतु मोटे अनाज÷ विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्र की महिला वैज्ञानिक डॉ पूनम सिंह ने बताया की मोटे अनाज प्रकृति के साथी व पोषक तत्वों का पावर हाउस हैं। इनका उत्पादन भारत की पर्यावरण पारस्थितिकी के अनुकूल हैं। व इनमें उपलब्ध पोषक तत्व आबादी को पोषण सुरक्षा प्रदान करने में भी कारगर है। बढ़ती जनसंख्या और जलवायु परिवर्तन के बीच भारतीयों की थाली से लुप्त हुए मोटे अनाज भारत और दुनिया भर के लिए खाद्य सुरक्षा और पोषण के लक्ष्य को हासिल करने में बड़ा योगदान दे सकते हैं। प्रत्येक भारतवासी की थाली में पर्याप्त पोषण युक्त आहार पहुंचाने के उद्देश्य से पोषण के पर्याय मोटे अनाज के उत्पादन व उपभोग को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### क्या है मोटे अनाज

मोटे अनाज को 'मिलेट्स' या 'श्रीअन्न' के नाम से भी जाना जाता है। आकार के आधार पर इनको दो कैटेगरी में रखा जाता है।

### छोटे दाने वाले श्रीअन्न

कोदो, चीना, कंगनी, रागी, सांवा, कुटकी आदि शामिल हैं।

मोटे दाने वाले श्री अन्नः ज्वार, बाजरा शामिल हैं।

मोटे अनाजों में उपलब्ध पोषक तत्व~ मोटे अनाज पोषक तत्वों का भंडार हैं। इन्हे सुपर फूड भी कहा जाता है।इनमें प्रोटीन, फाइबर, विटामिन व मिनरल्स प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। बाजरा लौह लवण से भरपूर होता है यह शरीर में खून की कमी को दूर करने में सहायता करता है। ज्वार शरीर की हड्?डियों के लिए अच्छी मात्रा में कैल्शियम, खून के लिए फॉलिक एसिड प्रदान करता है। रागी एकमात्र ऐसा मोटा अनाज है जिसमें कैल्शियम भरपूर मात्रा में पाई जाती है। दूध से एलर्जी वालों में भी रागी के सेवन से कैल्शियम की कमी नहीं होती है। सांवा में फाइबर व आयरन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है व कंगनी डिटोक्सी- फिकेशन में मदद करती है। सभी मोटे अनाजों में प्रोटीन लगभग उतनी ही मात्रा (7-12 ग्राम) में पाया जाता है जितना कि गेहूं और चावल में लेकिन मिलेट्स से प्राप्त होने वाले प्रोटीन की गुणवत्ता गेहूं और चावल के प्रोटीन से बेहतर होती है। मोटे अनाज गुणों की खान है। इनकी सबसे बड़ी खासियत है इनमें प्रचुर मात्रा में पाया जाने वाला घुलनशील व अघुलनशील रेशा है। घुलनशील रेशा पेट में कुदरती तौर पर मौजूद बैक्टीरिया को सहयोग कर के पाचन को बेहतर बनाता है। वही अघुलनशील रेशा पाचन तंत्र से मल निकासी में मदद करता है। यह पानी खूब सोखता है। अतः इसे खाकर प्यास खूब लगती है। जो पाचन तंत्र के लिए बहुत स्वास्थ्यकर है। पोषण के साथ साथ खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है।

# रामगंगा का जलस्तर बढ़ा, दर्जनों गांव पानी से घिरे

▸ एडीएम व एसडीएम मौके पर पहुंचकर लिया जायजा

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज**

**पानी के** तेज बहाव में गहरे पानी से लोग बाइक पर अपने परिवारीजनों को बिठाकर निकाल रहे हैं, जो कि एक जोखिम भरा काम है। जब इसकी जानकारी थाना पुलिस को हुई तो पुलिस ने सक्रियता दिखाई और मौके पर पहुंच गई। वहां कुछ बच्चे और युवा तेज पानी के बहाव में मस्ती कर रहे थे। जिन्हें पुलिस ने समझाकर वहां से हटाया और जोखिम लेकर निकलने वालों को भी पुलिस ने समझा बुझाकर पानी से होकर न निकलने की सलाह दी। पुलिस लगातार मौके पर बनी हुई है। रामगंगा में बढ़ रहे जल स्तर की सूचना पर अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति, अमृतपुर उप जिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह राजस्व कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बढ़ रहे जल स्तर की समस्याओं से पीड़ित ग्रामीणों से बातचीत की और बाढ़ ग्रस्त गांव में पहुंचकर वहां की स्थिति को देखा। लोगों से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि सरकार की तरफ से उपलब्ध सहायता को बाढ़ पीड़ित क्षेत्र के लोगों तक पहुंचाया जाएगा। सभी लोग बढ़ रहे पानी से सावधान रहें और तेज बहाव की तरफना जाएं और ना ही किसी को जाने दें। क्षेत्रीय लेखपाल विमल कुमार भी बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में पहुंचे और अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने लगे। पश्चिमी अमैयापुर, पूर्वी अमैयापुर, खाखिन, चपरा, नीचे वाला चपरा, गुडेरा, रुलापुर, भावन, हीरानगर आदि गांव बाढ़ के पानी से घिर चुके हैं। यहां से आवागमन बाधित हो चुका है। जो लोग जरूरी काम से निकल रहे हैं वह भी जोखिम उठाकर वहां से निकल पा रहे हैं। जिन किसानों ने मूंगफली और मक्के की फसल की थी अब उनका भी नुकसान हो गया है। इस इलाके में इतनी तेजी से पानी बढ़ने की उम्मीद नहीं थी, परंतु रामगंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण मूंगफली और मक्के की फसल पूरी तरीके से पानी में डूब गई। जिससे यहां रहने वाले किसान आसाराम, बाबूराम, होते लाल, रामचंद्र, रामनिवास, राजेश, प्रदीप, सर्वेश, मेघनाथ, वीर सहाय आदि लोगों की फसलें तबाह हो चुकी हैं।


पानी के तेज बहाव से होकर निकल रहे लोग — समृद्धि न्यूज


जायजा लेने पहुंचे आला अधिकारी — समृद्धि न्यूज

# कच्ची दीवार गिरने से बालिका की मौत

**जहानगंज, समृद्धि न्यूज**

**कच्ची दीवार** गिरने से बालिका गम्भीर रुप से घायल हो गयी। परिजन उसको लेकर लोहिया अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार थाना जहानगंज के अंतर्गत ग्राम रतनपुर निवासी ब्रजेश की10 वर्षीय पुत्री रोशनी अपने एक वर्षीय भाई दीपक के रोने पर उसको लेकर बाहर निकली, तभी उसके ऊपर दीवार गिर गयी। लोगों ने दौड़कर मलबा हटाया तथा रोशनी को लेकर एक प्राइवेट अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां डाक्टरों ने उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। तब परिजन रोशनी को लेकर लोहिया अस्पताल पहुंचे। जहां डाक्टर ने रोशनी को मृत घोषित कर दिया। रोशनी कक्षा 5 की छात्रा थी। मृतका के पिता मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। घटना के बाद से मां किरन का रो-रोकर बुरा हाल है। ब्रजेश के दो पुत्र कृष्ण और दीपक व दो बेटी आरुषी व खुशी हैं। उक्त घटना में दीपक के सिर में चोट आयी है। घटना की सूचना पर तहसीलदार मौके पर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना बधाई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


रोते बिलखते मृतका के परिजन — समृद्धि न्यूज

# चोरी की मोटर साइकिल सहित दो गिरफ्तार

▸ छिबरामऊ से चोरी की गयी थी मोटर साइकिल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**थाना मेरापुर** पुलिस ने 02 अभियुक्तगण को चोरी की मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया। उप निरीक्षक आनन्द शर्मा मय हमराही कर्मचारीगण द्वारा पखना चौराहे पर संदिग्ध वाहन एवं व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। समय करीब 9.11 बजे एक मोटर साइकिल पैशन प्रो पर सवार अभियुक्तगण नीलू पुत्र देशराज निवासी रुपपुर थाना सौरिख जनपद कन्नौज उम्र 20 वर्ष, आशीष पुत्र लाल बहादुर निवासी चितौली सिरसा जागीर थाना फतेहगंज जनपद बरेली उम्र करीब 20 वर्ष बिना हेलमेट लगाये सवार थे। वाहन का ई-चालान किया जा रहा था, तो उक्त मोटर साइकिल जिस पर दोनों व्यक्ति सवार थे उस पर रजिस्ट्रेशन नंबर-यू.पी.76डी7710 अंकित था। रजिस्ट्रेशन नंबर को ई-चालान एप में डालकर उक्त गाड़ी के पंजीकृत वाहन स्वामी कौन है, इसकी जानकारी करनी चाही, तो उक्त रजिस्ट्रेशन नंबर पर कोई भी वाहन प्रदर्शित नहीं कर रहा था। तब उक्त मोटर साइकिल पर अंकित चेचिस नंबर एमबीएलएचए10ए6ईएचई36243 को ई-चालान एप में डालकर पंजीकृत वाहन स्वामी का नाम चेक किया गया, तो उक्त चेचिस नंबर की उक्त गाड़ी गीता दुबे पत्नी रामसिया दुबे निवासी महमूदपुर खास, कुवरपुर बनवारी कन्नौज के नाम पंजीकृत थी और उक्त चेचिस नंबर पर वाहन संख्या-यू.पी.74एम1441 प्रदर्शित कर रहा था। तब उक्त गाड़ी पर अंकित रजिस्ट्रेशन नंबर यू.पी.76डी7710 फर्जी होना पाया गया। जिसके आधार पर अभियुक्तगण नीलू पुत्र देशराज व आशीष पुत्र लाल बहादुर को गिरफ्तार कर मेरापुर थाने में मु0अ0सं0 81/2024 धारा 317 (2)/318(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया।


पुलिस हिरासत में अभियुक्त — समृद्धि न्यूज

# गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने की मारपीट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** घर के बाहर गाली-गलौज करने का विरोध करने पर दबंगों ने दंपति सहित तीन लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव गोपालपुर निवासी वेदराम पुत्र लेखराज ने लिखाए गए मुकदमे में बताया कि गांव के ही मुनेंद्र पुत्र अनंगपाल कल लगभग 2.30 दिन में मेरे दरवाजे पर आया और शराब पीकर नशे में गाली- गलौज करने लगा। जिसका हमने विरोध किया। जिस पर मुनेंद्र ने अपने भाई ओ0पी0, दुर्वेश, आलोक पुत्रगण अनंगपाल और अनंगपाल पुत्र सीताराम तथा अनंगपाल की पुत्री रूपवती और क्रांति तथा पत्नी नाम नामालूम उपरोक्त लोगों को बुलाया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। बीच बचाव करने आई मेरी पत्नी विमला तथा मेरे भाई नेतराम को भी उपरोक्त लोगों ने लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। जिससे हम लोगों के गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## मार्ग दुर्घटना में दंपति घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव सिवारा मुकुट निवासी उमाशंकर उम्र 25 वर्ष अपनी पत्नी शिवानी को साथ लेकर आ रहा था। रास्ते में मार्ग दुर्घटना में पति पत्नी गम्भीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को डायल 112 कांस्टेबिल अंकित ने कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

# खबरें चलते-चलते

## बारात में आये रिश्तेदार ने महिलाओं से की गाली-गलौज व छेड़छाड़

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** शादी कार्यक्रम में आए रिश्तेदार ने घर की महिलाओं तथा लड़कियों के साथ गाली-गलौज कर दी। विरोध करने पर छेड़छाड़ की। घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी गयी है। जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज के नयागनीपुर निवासी सुकांति पत्नी राम शंकर ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया की बीती रात उसकी पुत्री रानी की बारात आयी थी, तभी उसके घर में आया रिश्तेदार घर में मौजूद महिलाओ तथा लड़कियों से गाली-गलौज करने लगा। जब महिलाओं ने गाली-गलौज का विरोध किया, तो वह छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता ने बताया कि जब पिता ने विरोध किया, तो उक्त आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। पीड़ित ने अपने ही रिश्तेदार सौरभ गौरव पुत्र पदम सिंह निवासी ग्राम सिरमौरा के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। थाना पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## जहर खुरानी गिरोह ने युवक को लूटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद एटा के कस्बा जैथरा निवासी देवेन्द्र उम्र 24 वर्षीय पुत्र घनश्याम दिल्ली में नौकरी करता है। वह रोडवेज बस द्वारा अपने घर लौट रहा था। रास्ते में जहर खुरानी गिरोह ने उसे नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया। बेहोशी की हालत में रोडवेज परिचालक उसे रिटौल मार्ग नहर के पास उतारकर चला गया। आसपास के लोगों ने देखा और उसके परिजनों को सूचना दी। परिजनो ने आकर बेहोशी की हालत में कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ होश आने पर देवेन्द्र ने बताया उसके पास से एक मोबाइल फोन जिसकी कीमत 10 हजार रुपये तथा 10 हजार की नगदी, कपड़े सहित आदि बैग लेकर फरार हो गये।

## फसल चराने का विरोध करने पर दबंग ने ग्रामीण को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** जानवरों से फसल चराने का विरोध करने पर दबंग युवक ने ग्रामीण को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने में दबंग युवक के खिलाफ तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा मंझाना निवासी इच्छा राम पुत्र महाराम ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके ही गांव के आरोपी युवक ने उनके खेत में पकी खड़ी मक्का की फसल को अपने जानवरों से चरवा रहे थे। जिसका पीड़ित ने विरोध किया, तो उक्त आरोपी ने पीड़ित के साथ मारपीट कर दी। जिस पर पीड़ित ने थाने पहुंचकर गांव के ही आरोपी युवक प्रकाश पुत्र नामालूम के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने पीड़ित को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## पंखे का तार लगाते समय वृद्धा के लगा करंट

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव बराबिकू निवासी मायादेवी उम्र 65 वर्षीय पत्नी कप्तान सिह गर्मी होने के कारण पंखा चालू करने के लिए बोर्ड में तार लगा रही थी, तभी उसे करंट लग गया। जिससे वह अचेत हो गयी। परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां उसका उपचार चल रहा है।

## बाइकों की भिड़ंत में दो घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव अहमदगंज निवासी नारायणदास उम्र 27 वर्षीय पुत्र वेदराम बाइक द्वारा दावत खाने जा रहा था। जब वह गॉव से निकलते ही कुछ ही दूरी पर पहुँचा, तभी सामने से आ रहे बाइक चालक मानपाल उम्र 29 वर्षीय पुत्र रामनरेश की बाइको में जोरदार भिडन्त हो गई। जिससे दोनो बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से दोनो बाइक सवार घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया।

# थाना दिवस में पांच समस्याओं का हुआ समाधान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना समाधान दिवस पर थाना प्रभारी ने राजस्व कर्मियों के साथ जनता की समस्याएं सुनीं। भूमि संबंधी आयीं दर्जनों शिकायतों में मौके पर पांच समस्याओं का निस्तारण किया गया। जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज थाना प्रांगण में थाना समाधान दिवस के मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक अमोद कुमार ने अपने अधीनस्थों तथा क्षेत्र के राजस्व कर्मियों के साथ जनता की समस्याएं सुनीं। जिसमें दूरदराज से आये लोगों ने अपनी-अपनी शिकायतें थाना प्रभारी के समक्ष रखीं। जिसमें अधिकतर समस्यायें भूमि से संबंधित थीं। इस मौके पर पांच समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। खबर लिखे जाने तक थाना समाधान दिवस में कोई भी उच्च अधिकारी नहीं आए थे। इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक अमोद कुमार, कस्बा इंचार्ज मोहम्मद अकरम, दरोगा गिरीश चंद्र, दरोगा संतोष कुमार, दरोगा इंद्रजीत सिंह तथा बवना चौकी इंचार्ज के साथ-साथ राजस्व निरीक्षक लेखपाल सचिन मिश्रा, असली राजपूत, अरविंद कुमार सहित क्षेत्र के सभी राजस्व निरीक्षक भी मौजूद रहे।


समस्यायें सुनते थाना प्रभारी

# खेत में लगे करंट की चपेट में आने से बालिका की मौत


मृतक का फाइल फोटो

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**खेत के** चारों तरफ लगे तार में आ रहे करंट की चपेट में आने से बच्ची की मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार थाना कायमगंज के ग्राम नगला भूड़, मजरा जिराऊ थाना कोतवाली कायमगंज निवासी मदनलाल बहेलिया की 05 वर्षीय पुत्री संध्या खेलते-खेलते खेतों की ओर पहुंच गयी। गांव के दिवारी पुत्र रुपराम तथा डिप्टी पुत्र रामप्रसाद ने अपने खेतों की फसल की रक्षा के लिए चारों तरफ तार लगा रहे हैं। उसमें करंट प्रवाहित कर दिया। किसी तरह बच्ची का पैर तार पर पड़ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पाकर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने अपनी पुत्री का जिम्मेदार दिवारी व डिप्टी को माना है। घटना की सूचना पाकर कस्बा चौकी इंचार्ज विद्यासागर तिवारी, उप निरीक्षक नितिन कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताते चलें कि मदन बहेलिया की भतीजी खुश्बू पुत्री सोनेलाल की शादी एक दो दिन में होने वाली है। जिसकी तैयारियां घर पर चल रही थीं। अचानक घटी घटना से शादी की खुशियां मातम में बदल गयी। मृतका तीन भाई बहनों में सबसे बड़ी थी।


सीएचसी के बाहर रोते बिलखते परिजन — समृद्धि न्यूज

# योगी राज में गौशाला में मर रहे गौवंश, कुत्ते बना रहे अपना निवाला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**प्रदेश सरकार** के मुखिया योगी आदित्यनाथ का सख्त आदेश है कि कोई भी गौवंश छुट्टा न घूमे और गौशाला में रह रहे गौवंशों को चारा-पानी किसी प्रकार की कमी न हो, लेकिन स्थानीय स्तर पर मुख्यमंत्री के आदेश ढाक के तीन पात जैसा साबित हो रहा है। गौशाला में गाय मर रही हैं और कुत्तों का निवाला बन रही हैं। कोई देखने वाला नहीं है कि आखिर गौवंश कैसे मरा और उसके शरीर को कुत्ते नोंच कर क्यों खा रहे हैं। यह हकीकत विकास खंड शमशाबाद की ग्राम पंचायत खगऊ की गौशाला का है। जहां पर एक गौवंश की अज्ञात कारणों से मृत्यु हो गयी। उसके शव को उठाने वाला कोई नहीं है। आसपास के लोगों की मानें तो दो दिन से उसका शव पड़ा है। जिसे कुत्ते अपना निवाला बना रहे हैं। कहने को सरकार और जिला स्तर के अधिकारी कुछ भी कहें, लेकिन यह देखने के बाद अनुमान लगाया जा सकता है कि गौशाला में जो गौवंश रखे गये हैं उनकी देखभाल करने वाले लोग कैसे कर रहे हैं। जब सफाई कर्मचारी शिवम पुत्र रामसहाय से जानकारी की गयी, तो उसने कुछ नहीं बताया। ज्यादा पूछने पर उसने बताया कि गौशाला में 400 गायें हैं। वहीं ग्राम प्रधान जनपद हरदोई में गये हुए हैं, बताये गये हैं, जबकि सचिव ने काल उठाना मुनासिब नहीं समझा। मौके पर 100 से 150 के लगभग गाय हैं।


गौशाला में मृत पड़े गौवंश को खा रहे कौवे — समृद्धि न्यूज

# लोक अदालत में 174054 मामले निस्तारित, 6,97,93,514 रुपये की वसूली गई धनराशि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिला विधिक** सेवा प्राधिकरण व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जनपद न्यायाधीश के निर्देशन में जिला न्यायालय व तहसील न्यायालयों की राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश विनय कुमार व प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय अशोक कुमार एवं बार एसोसिएशन अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार के साथ महासचिव नरेश यादव ने न्यायिक अधिकारियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर शुभारम्भ किया। जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में लोक अदालत कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। लोक अदालत में विभिन्न बैंक, विद्युत विभाग, नगर पालिका परिषद व अन्य प्रशासनिक विभागों द्वारा अपने-अपने स्टाल लगाकर पक्षकारों के समक्ष उनकी सहमति के आधार पर सुलह-संधि कराते हुए मामलों का निस्तारण किया गया। बैंक वसूली के 334 मामले में निस्तारित कर 45897000 रुपये की धनराशि वूसली बैंक द्वारा प्राप्त की गई। 38891 विद्युत बिल संबंधित मामलों का निस्तारण किया गया। प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय अशोक कुमार एवं अपर प्रधान न्यायाधीश अंजुम कम्बोज द्वारा परिवारिक वैवाहिक 41 वादों का निस्तारण किया गया। सुलह समझौते के आधार पर 12 पति-पत्नी एक साथ रहने के लिए विदा किये गये। मोटर वाहन वाहन दुर्घटना प्रतिकर पीठासीन अधिकारी संतोष कुमार तिवारी द्वारा 62 वादों का निस्तारण कर 15515000 धनराशि प्राप्त करायी गई। जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष नरेश कुमार द्वारा अपने न्यायालय से 41 मामले निस्तारित कर 481116 रुपये की धनराशि एवार्ड की गई। राष्ट्रीय लोक अदालत के विभिन्न न्यायालयों, विभागों, कार्यालयों द्वारा अलग-अलग मामले चिन्हित कर निस्तारित किये गये। कुल लम्बित 5203 मामलों में से 4119 तथा प्री लिटिगेशन के 171755 मामलों में से 169976 मामले निस्तारित किये गये। इस प्रकार कुल 176865 मामलों में से 174054 मामलों का निस्तारण कर 69793514 रुपये की धनराशि जमा करायी गई। सभी विभागों एवं कर्मचारियों के सहयोग से लक्ष्य से अधिक मुकदमों का निस्तारण किया गया। विभिन्न वादों में सहयोग देने वाले न्यायिक अधिकारी अपर जिला जज प्रथम विष्णु चन्द्र वैश्य, एससी/एसटी एक्ट व नोडल अधिकारी शैली राय, विशेष न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान, राकेश कुमार सिंह, डा0 अनिल सिंह, रितीका त्यागी, दीपेन्द्र कुमार सिंह, अंकित कुमार मित्तल, मेराज अहमद, संदीप तिवारी, सतेन्द्र सिंह वर्मा, घनश्याम शुक्ला, नीलम सरोज, ज्ञानेन्द्र कुमार, प्रियंका गांधी, जयवीर सिंह, साक्षी मिश्रा, प्रशांत कौशिक, हिमांशु नौटियाल, दीपिका रानी, ज्योति सागर, बलवीर सिंह यादव, राम सिंह मौर्या आदि न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे। साथ ही विभिन्न विभागों के कर्मचारी व स्वयंसेवक, वादकारी उपस्थित रहे। सभी न्यायालयों के वादों की व्यवस्था सचिव अपर जिला जज संजय कुमार ने देखते हुए संचालन कर आभार व्यक्त किया।


राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ करते जिला जज व न्यायिक अधिकारी — समृद्धि न्यूज

# एजूकेशनल मूवमेन्ट सोसाइटी द्वारा मुस्लिम मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**एजूकेशनल** मूवमेन्ट सोसाइटी फतेहगढ़ द्वारा मुस्लिम मेधावी छात्र-छात्राओं व विभिन्न बोर्डों के टॉपर का सम्मान समारोह का आयोजन नव भारत सभा भवन में किया गया। मुख्य अतिथि आई०ए०एस० सहायक सचिव, वित्त मंत्रालय सुबूर खान रहे। विशिष्ट अतिथि सहायक श्रमायुक्त नासिर खान व मिथलेश अग्रवाल रही। अध्यक्ष डा० अनवार अहमद खान ने कहा कि पढ़ाई को कोई विकल्प नहीं है। इसीलिए पढ़ाइये और अपनी जिन्दगी को बेहतर बनाइये।

हाईस्कूल यू०पी० बोर्ड में छात्रा में महक 91.33 प्रतिशत व छात्र में अयान अंसारी 95.17 प्रतिशत, सी०बी०एस०ई० बोर्ड में छात्रा में शिफा अंसारी 92.33 प्रतिशत व छात्र में मोहम्मद आमिर 89.83 प्रतिशत, आई०सी०एस०ई० बोर्ड में छात्रा में सैयदा हानिया 89.33 प्रतिशत एवं इण्टरमीडिएट में यू०पी० बोर्ड में छात्रा में कशफ फातिमा 94.6 प्रतिशत व छात्र मोहम्मद तय्यब 88.2 प्रतिशत, सी०बी०एस०ई० बोर्ड में छात्रा में मरियम सिद्दीकी 92.00 प्रतिशत व छात्र में एहतिशाम अहमद 92.6 प्रतिशत, आई०सी०एस०ई० बोर्ड में छात्र में जावेद अली खां 89.80 प्रतिशत को सम्मानित किया गया। हाईस्कूल यू०पी० बोर्ड के छात्र में टॉपर प्रियम राठौर 95.5 प्रतिशत व छात्रा में टॉपर रही अक्षरा 95 प्रतिशत, सी०बी०एस०ई० बोर्ड के छात्र में टॉपर रहे तन्मय सिंह 98.2 प्रतिशत व छात्रा में टॉपर रही तान्या सिंह 97.6 प्रतिशत, आई०सी०एस०ई बोर्ड के छात्र



कार्यक्रम में सम्मानित होते मेधावी बच्चे — समृद्धि न्यूज

में टॉपर रहे प्रकेश 96.6 प्रतिशत व छात्रा में टॉपर रही तानीषा 96 प्रतिशत एवं इण्टरमीडिएट में यू०पी० बोर्ड में छात्र में टॉपर अजय कुमार 95.8 प्रतिशत व छात्रा में टॉपर कल्पना राठौर 96.2 प्रतिशत, सी०बी०एस०ई० बोर्ड में छात्र में टॉपर अभिनव सिंह 98.6 प्रतिशत व छात्रा में टॉपर नन्दनी 97 प्रतिशत, आई०सी०एस०ई० बोर्ड में छात्र में टॉपर अखिल अग्रवाल 94 प्रतिशत व छात्रा में टॉपर पलक मिश्रा 94 प्रतिशत को मुख्य अतिथि सुबूर खान व विशिष्ट अतिथि मिथलेश अग्रवाल ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में लगभग 250 से अधिक छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मिथलेश अग्रवाल ने कहा कि जनपद के लिए बड़ी खुशी का दिन है कि एक बेटा अपने शहर में मुख्य अतिथि के रूप में आये। उन्होंने बताया कि मुख्य अतिथि सुबूर खांन ने अपनी शुरूआती तालिम सी०पी० इण्टर नेशनल स्कूल से की है। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है आने वाले वक्त में इन बच्चों में बहुत से बच्चे बड़े-बड़े ओहदों पर पहुंचेंगे। नासिर खांन सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि समाज के हर वर्ग को पढ़ने के लिए मेहनत करनी चाहिए। तरक्की की सीढ़ी त्याग से होकर जाती है। सुबूर खांन ने अपने वक्तव्य में बच्चों की हौसला अफजाई की और हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट के सभी बच्चों से कहा कि आप सभी को अपना गोल सेट करना ज़रूरी है। क्योंकि बिना गोल सेटिंग के कही भी पहुंचना मुश्किल है। सबसे पहले अपनी जिन्दगी सेट करें और उसे पाने की पूरी कोशिश करें। उन्होंने बताया कि डिसिप्लिन बहुत जरूरी है। हम आई०ए०एस० की ट्रेनिंग में सबसे ज्यादा डिसिप्लिन मेंटेन करना सिखाया जाता है। संचालन सैयद रिज़वान अली ने किया। जनपद से गत वर्षों में पी०सी०एस०-जे० के परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली हिमांशी गौतम व पी०सी०एस० परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले शिखर मिश्रा को भी सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम में सैयद रिज़वान अली, हाजी अहमद अंसारी, मोहम्मद उमर खान, डॉ० अफ़ज़ल हुसैन, अनवर जमाल सिद्दीकी, नसर खालिक़, शमीम खान, शमीउल्लाह सिद्दीकी, असलम अब्बासी, शाहिद हुसैन, शोहेल अहमद फारूकी , सलीम खान, महफूज़ जैदी, तौसीफ़ अली, खुर्शीद आलम खां, राजेश यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## तमंचा कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**पुलिस ने** चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को 315 बोर तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। थाना मऊदरवाजा प्रभारी निरीक्षक अमित गंगवार, उपनिरीक्षक राघवेन्द्र सिंह अपने हमराह के साथ चिलसरा रोड से काशीराम कालोनी जाने वाली सड़क पर चेकिंग अभियान चला रहे थे, तभी एक संदिग्ध व्यक्ति दिखायी दिया। जिसकी रोककर तलाशी ली तो उसके पास से 315 बोर तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम मोहित राजपूत पुत्र हरिश्चन्द्र राजपूत निवासी रामपुर ढपरपुर बताया।

## खबरें एक नजर में

### धरती के भगवान बने हैवान, प्रसव के नाम पर कर रहे धन उगाही



**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज में प्रसव के नाम पर जमकर धन उगाही हो रही है। पीड़ितों का कहना है कि 1000 से 5000 रुपये तक वसूले जा रहे हैं। वहीं सब कुछ जानकर भी प्रभारी चिकित्साधीक्षक अंजान बने हुए हैं। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं पर भले ही करोड़ों रुपए खर्च कर रही हो, लेकिन नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आलम यह है कि यहां होने वाली डिलीवरी बगैर पैसे के नहीं हो रही है। बीते दिन सीएचसी में भर्ती हुई भोपाल सिंह की पत्नी यशोदा देवी निवासी नगला धोबियान जिसके आज सुबह 9.55 पर पुत्री पैदा हुई। स्टाफ नर्स द्वारा भोपाल सिंह से खुशी के नाम पर 1100 मांगे गए। गरीब भोपाल सिंह पर जेब में मात्र 800 रुपये ही निकले। जो उसने नर्स को थमा दिये। पूरे पैसे न होने पर नर्स ने फेंक दिये और मरीज को ले जाने के लिए कहने लगी। भोपाल सिंह मरीज को ना ले जाने की बात कहकर अड़ गया और दोनों पक्षों में तू-तू मैं-मैं होने लगी। अन्य मरीजों ने दोनों पक्षों को अलग किया। दूसरी घटना में शनिवार को सुबह संध्या पत्नी संजीव यादव निवासी नगला दुली प्रसव हेतु नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई गई। जहां स्टाफनर्स द्वारा मरीज को रेफर कर दिया गया। मरीज डॉक्टर राममनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचा जहां डॉक्टरों ने सामान्य बच्चा की डिलीवरी करा दी। संजीव ने बताया स्टाफनर्स द्वारा मरीज को देखने के बाद सही से बात न करने और मरीज को तत्काल रेफर कर दिया। तीसरी घटना में बीते दिवस ग्राम कक्योली निवासी संजीव श्रीवास्तव की पत्नी ललिता श्रीवास्तव (24) को उसका पति नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां उससे 5000 रुपये मांगे गये। इलाज के अभाव में स्टाफ नर्स व उनके स्टाफ द्वारा इलाज में लापरवाही बरतने के बाद उसे रेफर लेटर बना दिया और उसकी अस्पताल के अंदर ही मौत हो गई। स्ट्रेचर से उसे अस्पताल कक्ष से बाहर कर रिक्शा पर लदवाकर पड़ोस के सुनीता हॉस्पिटल भेज दिया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके पेट में दो जुड़वा बच्चे थे। महिला की मौत के साथ-साथ दो और मौत से गांव में सन्नाटा पसर गया। ग्राम प्रधान श्रीराम पाल ने बताया कि महिला का पति काफी गरीब है और वह अस्पताल में इलाज हेतु गया था। वहां पैसे की मांग की गई थी। इलाज के अभाव में महिला की मौत हो गई है।

### सामूहिक विवाह समारोह में 11 जोड़े होंगे आज एकदूजे के

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शिक्षा की देवी सावित्रीबाई फुले सेवा समिति द्वारा 14 जुलाई दिन रविवार को भड़रिया नवमी पर सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन होगा। जिसमें 11 जोड़े एकदूजे के होंगे। अध्यक्ष डा0 संजय कुशवाहा, उपाध्यक्ष विपिन जादौन, प्रबंधक राजकुमार राठौर, संयोजक योगेश कुमार, कोषाध्यक्ष ज्योति कुशवाहा व्यवस्था देखेंगी। 11 वर-वधुओं का विवाह सम्पन्न होगा। यह जानकारी योगेश कुमार ने दी है।

### संयुक्त संघर्ष संचालन समिति की बैठक आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संयुक्त संघर्ष संचालन समिति द्वारा जिला स्तरीय कर्मचारी संगठनों को समस्याओं का निस्तारण कराने हेतु बैठक का आयोजन आवश्यक है। सर्वसम्मति से एक बैठक 14 जुलाई रविवार सुबह 10 बजे सिविल चिकित्सालय लिंजीगंज में होना तय हुआ है। सभी पदाधिकारी बैठक में भाग लें। यह जानकारी प्रमोद कुमार दीक्षित ने दी है।

### डिजिटल उपस्थिति व 18 सूत्रीय मांगों को लेकर 43 संकुल शिक्षकों ने दिया त्याग पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** डिजिटल उपस्थिति के विरोध में तथा 18 सूत्रीय मांगों को हेतु 43 संकुल शिक्षकों से सामूहिक रुप से त्याग पत्र खण्ड शिक्षाधिकारी कमालगंज को दिया। दिये गये त्याग पत्र में संकुल शिक्षकों ने दर्शाया कि सभी संकुल शिक्षक पिछले 3-4 वर्षों से पदीय दायित्वों का पूरी निष्ठा और लगन के साथ निर्वाह कर रहे है। सभी संकुल शिक्षकों ने ऑन लाइन उपस्थिति के विरोध में तथा 18 सूत्रीय मांगों को लेकर सामूहिक रुप से त्याग पत्र कमालगंज बीईओ को सौंपा। त्याग पत्र देने वालों में फहीम उल्ला, सिराज अहमद, विकार अहमद, सत्यप्रकाश, जितेन्द्र कुमार, पंकज कुमार, गजेन्द्र सिंह, सर्वेश चन्द्र, ज्योति कुमार, रामवीर सिंह, हसीन खान, सुभाष चन्द्र, संतोष यादव, मो0 शोएब, आनन्द कुमार, सोमेश कुमार, आदेश पाल सिंह, मंजूवाला, आलोक वर्मा, अरविन्द सिंह, आनन्द दिवाकर, कमलेश कुमार, सुबोध सहित 43 शिक्षकों के नाम शामिल है।

# कहां से लायेगी दुनिया हुसैन जैसा: सैय्यद फैजान अली

▸ तलैया लेन फतेहगढ़ इमामवाड़ा में मजलिस का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**मोहर्रम पर** तलैया लेन फतेहगढ़ स्थित इमामवाड़े में मरहूम स्व0 सैय्यद सुल्तान अली की जानिव से आयोजित मजलिस में मौलाना जाकिर रजा रिजवी ने फरमाया इस्लाम, रोजा, नमाज व हुसैन व हुसैन को शख्सियत पर तफसील से रोशनी डाली। उन्होंने फरमाया कि हमारी पहचान नवी से है, हुसैन से है। उन्हें के सदके में सरियत कुरान मिला। नवी की जरुरत पड़ी तो हुसैन आये। हुसैन वाले बनने के लिए इंसान होना जरुरी है। उन्होंने कहा कि हुसैन इंसानियत का नाम है। इत्तहाद सिखाता है दरसल ईस्लाम इत्तहाद सिखाता है। करबला के मैदान में हुसैन के सजदे कयामत तक याद रहेगें। हुसैन से मोहब्बत करना है तो पहले नमाज पढ़ना है। मौलाना तनवीर अब्बास ने कहा कि हुसैन की शख्सियत व उनके किरदार को पहचानो। ईस्लाम से मोहम्मद की पहचान करों। दरे मोहम्मद पर जो भी आया वह छोटा बनकर आया और छोटा बनकर पेश हुआ, वह बुलंदी पर गया। मजलिस के कार्यक्रम में शोरा हजरत ने अपने बेहतरीन कलाम पेश कर दाद पाई। सैय्यद जीशान अली ने अपने बेहतरीन अंदाज में सलाम पेश किया। रहता है जो जमाने में, हैदर से दूर-दूर होगा बेरोजे हस्र पैगम्बर से दूर-दूर। शायर सैय्यद फैजान अली ने खूबशूरत सलाम पेश किया कहां से लायेगी दुनिया हुसैन के जैसा। मजलिस के इंतजाम के बाद तबर्रुख तकसीम किया गया। इस मौके पर इसरार हुसैन, हाजी सैय्यद इरफान अली, सैय्यद फुरकान अली, इरशाद अली, ताज भाई, परवेज इसरार, फैजान अली, सैफ अली, मोहसीन अली, मुन्ना अली, शोएब अली, शाबिर अली, जैदी ब्रदर्स आदि लोग मौजूद रहे।



मजलिस में कलाम पेश करते मौलाना — समृद्धि न्यूज

# पुलिस ने अपहृत बच्चे को बरामद कर परिजनों को सौंपा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**पुलिस अधीक्षक** के निर्देश पर अपहृत बालक-बालिकाओं की बरामदगी के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना जहानगंज पुलिस ने बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया। बच्चा बरामद होने से उसके माता पिता के चेहरे पर मुस्कान लौट आई है। थाना जहानगंज में अपहृत का मुकदमा धारा 137(2) बीएनएस के तहत दर्ज कराया गया था। राजपूताना चौकी प्रभारी अच्छेलाल पाल व हेड कांस्टेबिल सुनील कुमार के साथ अपहृत बच्चे की खोजबीन की। पुलिस ने अपहृत बच्चे को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। बच्चा बरामद होने से उसके माता पिता के चेहरे पर मुस्कान लौट आई है।



परिजन को सौंपते बच्चे को

# ग्राम समाज की भूमि पर पुलिस पर दबंगों को कब्जा कराने का आरोप

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ग्राम समाज की भूमि पर शमशाबाद पुलिस द्वारा दबंगों को कब्जा करा देने का पीड़ित ने आरोप लगाकर उच्चाधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेज कर जांच कराकर कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार थाना शमशाबाद तहसील कायमगंज के ग्राम नैगवा निवासी शिकायतकर्ता श्यामादेवी पत्नी हरिनंदन सिंह, ब्रजपाल पुत्र रामसिंह ने कायमगंज उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया की ग्राम पंचायत की भूमि गाटा संख्या 334 रकवा 0.130 हे0 कृषि भूमि नवीनपरती में दर्ज है। जिस पर ग्राम प्रधान ने बाउंड्री उठाकर चारों तरफ से घेरकर कब्जे में सुरक्षित रखने को उद्देश्य से ले ली। उक्त भूमि पर 11 जुलाई को गांव के दबंग व्यक्ति राजीव कुमार पुत्र शंभू दयाल, सुमित कुमार पुत्र राजीव कुमार, किताबश्री पत्नी शंभू दयाल, रीना देवी पत्नी राजीव कुमार ने प्रधान की सह पर एवं पुलिस बल के सहयोग से कब्जा कर लिया है। ग्राम समाज की भूमि पर दबंगों ने चारपाई त्रिपाल आदि डालकर कब्जा जमा लिया और उसमें निर्माण करने की फिराक में हैं। जब उन्हे रोकना चाहां तो झगड़ा आदि मारपीट पर अमादा हो गए। जब शिकायतकर्ता थाना शमशाबाद शिकायत करने गए तो शिकायतकर्ता व उनके पुत्र लवकुमार को थानाध्यक्ष ने थाने में बंद कर दिया और पुलिस ने ग्राम पंचायत की जमीन पर दबंग व्यक्तियों कब्जा कर दिया। शिकायतकर्ताओं ने दबंगों से जमीन को कब्जा मुक्त व बाउंड्री तुड़वाने व कार्यवाही किये जाने की मांग की।

# मोहम्मदाबाद ब्लाक के 36 संकुल शिक्षकों ने दिया सामूहिक त्याग पत्र

▸ शिक्षकों का ऐलान ऑन लाइन उपस्थिति का विरोध रहेगा जारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**ऑन लाइन** उपस्थिति के विरोध में ब्लाक मोहम्मदाबाद के विभिन्न विद्यालयों के 36 संकुल शिक्षकों ने सामूहिक रुप से त्याग पत्र दे दिया है। शिक्षकों की लम्बित मांगे पुरानी पेंशन बहाली आदि समस्याओं का निराकरण न होने के कारण पहले से ही नाराजगी थी। साथ ही ऑन लाइन उपस्थिति का आदेश थोप देने के चलते जनपद में पिछले सप्ताह से विरोध प्रदर्शन जारी है। जिसके चलते शनिवार को 36 संकुल शिक्षकों ने सामूहिक रुप से त्याग पत्र देकर खण्ड शिक्षाधिकारी सौंपा। सभी शिक्षकों ने एक स्वर में कहा कि किसी भी कीमत पर झुकेगें नहीं। हम अपना शोषण बर्दाश्त नहीं करेगें। त्याग पत्र देने वाले संकुल शिक्षक देवेन्द्र सिंह, महेन्द्र सिंह यादव, सतेन्द्र पाल सिंह, श्रीकृष्ण, ब्रह्म मुरारी, आशीष मिश्रा, प्रदीप कुमार सिंह, ओमवीर सिंह यादव, जयदीप सिंह, सुमित कुमार शाक्य, आशीष सिंह, गीता चौहान, लोकेन्द्र सिंह, हृदेश कुमार सिंह, अरविन्द कुमार, आलोक कुमार, रामवीर सिंह, विकास सिंह, विवेक यादव, विनोद पाल, शैलेश कुमार, वैभव कुमार, पुष्पेन्द्र सिंह, प्रभात सिंह, अमित कुमार सिंह, राहुल, संतोष वर्मा, योगेन्द्र सिंह, श्याम कुमार सिंह, संगीत कुमार, नवीन कुमार पाण्डेय, हेमराज सिंह, विजेन्द्र सिंह आदि संकुल शिक्षकों ने सामूहिक रुप से त्याग पत्र खण्ड शिक्षाधिकारी को सौंपा।



बीईओ को त्याग पत्र सौंपते संकुल शिक्षक — समृद्धि न्यूज

# जीजीआईसी में अभिभावक-अध्यापक संघ की कार्यकारिणी का हुआ गठन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**महीयसी महादेवी** वर्मा राजकीय बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़ में अध्यापक-अभिभावक संघ की नवीन सत्र की प्रथम बैठक सम्पन्न हुई। नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। अभिभावक अध्यापक संघ के अध्यक्ष पर मनोज प्रकाश पूर्व अध्यक्ष का निर्विरोध चयन हुआ। उपाध्यक्ष प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत, कोषाध्यक्ष नीतू सिंह, मंत्री सर्वेश शाक्य तथा उपमंत्री रिचा तिवारी का चयन किया गया। पिछले सत्र वित्तीय वर्ष की आय व्यय का सम्पूर्ण विवरण प्रभारी सर्वेश शाक्य द्वारा प्रस्तुत किया गया। आगामी सत्र 2024-25 होने वाले कार्यो जैसे शिक्षिकाओं की कमी के कारण पूर्व शिक्षिकाओं का अनुमोदन व नवीन नियुक्ति, विद्युत व्यवस्था, परिचारकों का अनुमोदन का प्रस्ताव रखा। संगोष्ठी में अभिभावक सदस्य जदुनाथ सिंह, मोहन लाल शर्मा, सुरेन्द्र सिंह, सावित्री देवी तथा शिक्षिका सदस्य निर्मला सिंह, शैलजा मौर्या, नीलम कश्यप आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यालय में चल रही विभिन्न सरकारी योजनायें जैसे ईको क्लब, यूथ क्लब, आकस्मिक उपचार कक्ष, खेल समिति, एसएमडीसी का गठन किया गया व योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया।



अभिभावक अध्यापक संघ की बैठक में मौजूद पदाधिकारी

# लोक अदालत में सुलह समझौता कराकर 11 जोड़ों को किया गया विदा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**राष्ट्रीय लोक** अदालत में आपसी विवाद खत्म कर 11 जोड़ों को विदा किया गया। जिला अदालत परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, अपर प्रधान न्यायाधीश न्यायालय के पूनम बनाम रवि, फरीन बनाम सरफुद्दीन, अल्फिजा बनाम अजहरुद्दीन, सुखराम बनाम सीमा, संतोषी बनाम मोहित सहित 11 दंपतियों के बीच काउंसलर दीपक कुमार व मनीष कुमार कश्यप ने जोड़ों को आपसी विवाद समाप्त कराने में मदद की। सभी जोड़ों ने पुराने गिले शिकवे दूर कर एक दूसरे को माला पहनाकर लड्डू खिलाए। जनपद न्यायाधीश विनय कुमार, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय अशोक कुमार, अपर प्रधान न्यायाधीश अंजू कंबोज, अपर जिला जज प्रथम विष्णु कुमार वैश्य, विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव संजय कुमार ने सभी जोड़ों को आशीर्वाद देकर विदा किया और समझाया कि छोटी छोटी बातों पर झगड़ा न करें।



न्यायिक अधिकारियों के साथ दंपत्ति जोड़े

# पर्यावरण संरक्षण के लिए हुआ वृक्षारोपण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**जहानगंज** रोड बघार स्थित राजपूताना पब्लिक स्कूल में वार्षिक पौधारोपण दिवस का आयोजन किया गया। कक्षा 1 से 12 तक के सैकड़ों छात्रों ने अपने नाम से पौधे लगाने के लिए लाये और विद्यालय परिसर में लगाया और उनका संरक्षण करने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे सांसद मुकेश राजपूत, विद्यालय के चेयरमैन वीरेन्द्र सिंह राठौर, प्रबंधक संदीप सिंह राठौर व प्रधानाचार्य हृदेश कुमार सिंह ने स्कूल परिसर में विभिन्न प्रजातियों के कई पेड़ लगाये। छात्रों द्वारा पौधा रोपण की प्रक्रिया अभी कई दिनों तक जारी रहेगी। सांसद ने सभी छात्रों को पर्यावरण बचाने के लिए और अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। चेयरमैन वीरेन्द्र सिंह राठौर ने हर वर्ष की भांति इस बार भी सभी छात्रों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। प्रधानाचार्य हृदेश कुमार ने पौधे लेकर आये छात्रों का उत्साहवर्धन किया। सांसद ने एसओएफ अन्तर्राष्ट्रीय ओलपियाड गणित में 11वीं रैंक पाने वाली कक्षा 12 की छात्रा व अन्य भागीदार छात्रों को मैरिट सर्टिफिकेट प्रदान किया। इस अवसर पर प्रशासक मोहम्मद अरशद, कोआर्डिनेटर महिमा सिंह, शारीरिक शिक्षक देवेन्द्र सिंह व अन्य शिक्षक मौजूद रहे।



वृक्षारोपण करते सांसद मुकेश राजपूत व वीरेन्द्र सिंह राठौर

# चुनाव में मिली सफलता पर भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**शनिवार को** भाजपा कार्यालय आवास विकास पर लोकसभा चुनाव में मिली सफलता को लेकर सदर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत एवं विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के बनने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका भाजपा के कार्यकर्ताओं ने निभाई थी। जो 2014 से लेकर 2024 तक अनवरत जारी है। इस चुनाव में समूचे विपक्ष के द्वारा जनता को भ्रमित करने के लिए संविधान और आरक्षण जैसे मुद्दों को उठाया गया, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 10 वर्ष की सरकार में संविधान और आरक्षण के साथ किसी भी प्रकार की कोई छेड़छाड़ नहीं हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार संविधान को मजबूत करने वाली पहली ऐसी सरकार है, जिसने लोकतंत्र के स्तंभों को मजबूत करने का कार्य किया। आगे आने वाले वर्षों में पंचायत एवं 2027 में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित है कार्यकर्ता अभी से जनता के बीच सरकार की नीतियों एवं हर वर्ग के लिए किया जा रहे कार्यों की जानकारी प्रचारित करने का कार्य करें। सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने कहा लोकसभा के चुनाव में विपक्ष के द्वारा जाति संविधान और आरक्षण के नाम पर जनता के बीच जो भ्रम फैलाया गया। उसका विपक्ष को कुछ लाभ जरूर मिला, लेकिन जनता ने मोदी सरकार की नीतियों पर मोहर लगाई। जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा भाजपा संगठन के पास कार्यकर्ताओं का सबसे बड़ा समूह है। सबसे निष्ठावान एवं कर्मठ कार्यकर्ता भाजपा को मजबूत करते हैं जो कमियां रही हैं। उन कमियों को पूरा किया जाएगा और पूरी ताकत के साथ संगठन और सरकार जनता के लिए समर्पित मन कार्य करेगा। इस मौके पर डॉ0 भूदेव सिंह राजपूत, हिमांशु गुप्ता, डीएस राठौर, आदित्य मिश्रा, अभिषेक त्रिवेदी, धर्मेंद्र राजपूत, विकास पांडे, जय वाल्मीकि, मीरा सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



सम्मान समारोह कार्यक्रम में मौजूद भाजपा नेता — समृद्धि न्यूज

**सूचना**

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में लिपिकीय त्रुटिवश मेरा नाम SONI DEVI GURJAR दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम SONI DEVI है। SONI DEVI M/O Army No-3009268F HAV Shanker Lal Gurjar RRC Fatehgarh, R/o Dhani, Sanwala, Govindpura Dhabai, Distt Jaipur, (Rajasthan), Pin-303103

# सीमावर्ती गांवों के विकास के लिए केंद्र प्रतिबद्ध

## केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में एक उच्च स्तरीय बैठक में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के क्रियान्वयन की समीक्षा की

▸ पलायन रोकने को रोजगार व कनेक्टिविटी बढ़ाने की जरूरत

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को नई दिल्ली में एक उच्च स्तरीय बैठक में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम (वीवीपी) के क्रियान्वयन की समीक्षा की। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सीमावर्ती गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने इन सीमावर्ती गांवों से पलायन को रोकने के लिए स्थानीय निवासियों को रोजगार के अवसर प्रदान करने और गांवों के साथ संपर्क बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। अमित शाह ने कहा कि सीमावर्ती गांवों के आसपास तैनात केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और सेना को सहकारी समितियों के माध्यम से स्थानीय कृषि और हस्तशिल्प उत्पादों की खरीद को प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेना और सीएपीएफ की स्वास्थ्य सुविधाओं को नियमित रूप से उपलब्ध कराया जाना चाहिए ताकि आसपास के गांवों के निवासियों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने सौर ऊर्जा और पवन चक्कियों आदि जैसे ऊर्जा के अन्य नवीकरणीय स्रोतों के अधिकतम उपयोग पर जोर दिया। केंद्रीय गृह मंत्री ने वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत सीमावर्ती गांवों के मुद्दों को बेहतर ढंग से समझने के लिए वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों द्वारा किए जा रहे प्रयासों को जारी रखने के निर्देश दिए। अब तक इन सीमावर्ती गांवों में 6000 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें लगभग 4000 सेवा वितरण और जागरूकता शिविर शामिल हैं। इन गांवों में रोजगार सृजन के लिए केंद्र सरकार द्वारा 600 से अधिक परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। बैठक के दौरान गृह मंत्री ने लंबित मुद्दों के निपटान के लिए नियमित अंतराल पर उच्चतम स्तर पर समीक्षा पर विशेष जोर दिया। 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' के तहत 136 सीमावर्ती गांवों को 2,420 करोड़ रुपये की लागत से 113 ऑल-वेदर रोड परियोजनाओं के माध्यम से कनेक्टिविटी प्रदान की जा रही है। इन क्षेत्रों में 4जी कनेक्टिविटी पर तेजी से काम किया जा रहा है और दिसंबर 2024 तक वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत आने वाले सभी गांवों को 4जी नेटवर्क से जोड़ दिया जाएगा। इन सभी गांवों में वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाए जा रहे हैं और वहां इंडिया पोस्ट-पेमेंट बैंक (आईपीपीबी) की सुविधा भी दी जा रही है। इन वाइब्रेंट गांवों में जीवंतता लाने और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटक सर्किट विकसित करने का काम किया जा रहा है।

### जम्मू कश्मीर में परिवारवादी दलों को रोकना भाजपा का लक्ष्य

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जम्मू कश्मीर के आगामी विधानसभा चुनावों में यदि सरकार बनाने की स्थिति में नहीं आती है तो ऐसे में उसकी कोशिश होगी कि किसी भी तरह से परिवारवादी पार्टियों के नेताओं को सत्ता में नहीं आने दिया जाये। पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व का कहना है कि जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव सितंबर 2024 में कराये जाने के हिसाब से सांगठनिक तैयारी है। बीते लोकसभा चुनावों में उसने जिन दो लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की है, उसके हिसाब से उसे 29 विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त हासिल हुई थी। भाजपा का लक्ष्य है कि वह अपने दम पर किसी तरह से 35 से अधिक सीटें जीत जायें तथा कश्मीर घाटी में वह कुछ छोटे-छोटे दलों से गठबंधन करके परिवारवादी – नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी का नेतृत्व करने वाले परिवारों को सत्ता में आने से रोकें। भाजपा को लगता है कि लोकसभा चुनावों के हिसाब से देखा जाये तो घाटी में भाजपा को कोई वोट नहीं देगा और तो वह छोटे प्रभावशाली दलों से गठबंधन करना ठीक रहेगा हालांकि लोकसभा चुनावों में उसकी सहयोगी पार्टी जम्मू कश्मीर पीपुल्स पार्टी को केवल एक या दो विधानसभा सीटों पर ही बढ़त मिली थी। भाजपा के कुछ पुराने एवं स्थानीय नेताओं को लगता है कि भाजपा के नेतृत्व ने कश्मीर घाटी को बीते पांच साल में जिस गंभीरता से लेना चाहिए था, वैसा नहीं हुआ।

# बद्रीनाथ व मंगलौर विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस ने मारी बाजी, मनाया जश्न

समृद्धि न्यूज



**देहरादून।** उत्तराखंड के बद्रीनाथ और मंगलौर विधानसभा उप चुनाव में कांग्रेस बाजी मार गई है। दोनों सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवारों ने जीत का परचम लहराया है। जीत की खुशी में कांग्रेस कार्यालयों पर जश्न का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। कांग्रेस उम्मीदवारों की जीत की खुशी में राजवीर रोड स्थित कांग्रेस पार्टी के प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया।

कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा को मिठाई खिलाकर बधाई दी और जमकर नारे लगाए। बद्रीनाथ में कांग्रेस उम्मीदवार लखपत सिंह बुटोला 5224 मतों से तो मंगलौर में कांग्रेस उम्मीदवार काजी निजामुद्दीन 422 वोटों से चुनाव जीते हैं। बद्रीनाथ सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार लखपत बुटोला को 28161 वोट, भाजपा उम्मीदवार राजेंद्र भंडारी को 22937 वोट, सैनिक समाज पार्टी के हिम्मत सिंह नेगी को 494, निर्दलीय उम्मीदवार नवल किशोर खाली को 1813 वोट मिले हैं।

नोटा को 823 मत पड़े। मंगलौर सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार काजी निजामुद्दीन को 31727 वोट तथा भाजपा के उम्मीदवार करतार सिंह भड़ाना को 31305 वोट मिले। तीसरे नंबर पर रहे बसपा उम्मीदवार उबेर्दुर रहमान को 19559 वोट मिले हैं। निर्दलिय उम्मीदवार विजय कुमार कश्यप को 351 वोट, निर्दलिय उम्मीदवार दीपक कुमार को 314 वोट मिले, जबकी नोटा को 237 मत पड़े। मंगलौर और बद्रीनाथ विधानसभा सीट पर उप चुनाव के लिए गत 10 जुलाई को मतदान हुआ था।

इन सीटों पर भाजपा-कांग्रेस की कड़ी टक्कर थी। यह टक्कर शनिवार को मतगणना में भी दिखी, लेकिन अंत में कांग्रेस बाजी मार गई। बदरीनाथ सीट कांग्रेस विधायक राजेंद्र भंडारी के इस्तीफा देने के बाद खाली हुई थी। इस्तीफा के बाद भंडारी भाजपा में शामिल हो गए थे और भाजपा ने भंडारी पर बदरीनाथ सीट के लिए बाजी लगाई थी। वहीं मंगलौर विधानसभा सीट बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के विधायक सरवत करीम अंसारी के निधन के बाद खाली हुई थी।

# निवेश से मध्य प्रदेश होगा सशक्त : मुख्यमंत्री

▸ सीएम ने उद्योगपतियों से म.प्र. में निवेश बढ़ाने का किया संवाद

एजेंसी




**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में लगातार निवेश बढ़ रहा है। उद्योग, व्यापार, व्यवसाय की दृष्टि से मध्यप्रदेश में निवेश के लिए अनुकूल माहौल बना है। एनर्जी, टूरिज्म, हेल्थ, माइनिंग जैसे सभी सेक्टर में समान रूप से निवेश की अपार संभावनाएं हैं। राज्य शासन ने बजट में भी उद्योग-व्यापार को प्रोत्साहन देने के लिए पर्याप्त प्रावधान किए है।

प्रदेश के अलग-अलग अंचलों की परिस्थिति और विशेषता को फोकस करते हुए अलग-अलग क्षेत्रों में इंडस्ट्रियल समिट करने का निर्णय भी लिया गया है। मध्यप्रदेश सरकार उद्योगपतियों का स्वागत करती है। निवेश से मध्यप्रदेश आर्थिक दृष्टि से समर्थ होगा और निवेश किए जाने वाले क्षेत्रों में लोगों को रोजगार भी मिलेगा। इससे हम देश की जीडीपी को आगे बढ़ाने के लिए अपनी पूरी सामर्थ्य के साथ आगे बढ़ेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश में निवेश के अवसरों को बढ़ाने के लिये देश की वित्तीय राजधानी मुंबई के होटल ताज महल में शनिवार को विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख उद्योगपतियों को इन्टरेक्टिव सेशन में संबोधित कर रहे थे। इन्टरेक्टिव सेशन में जीआईएस-2025 को सफल बनाने प्रमुख उद्योगपतियों को आमंत्रित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ऋणमुक्तेश्वर महादेव और सम्राट विक्रमादित्य के संदर्भ का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में सामर्थ्यशीली शासन की परिकल्पना की गई है। हमारी संस्कृति में यह माना गया है कि शासन का भाव उदात्त होना चाहिए। यह आवश्यक है कि शासन के दृष्टिकोण में संकीर्णता न हो। भारतीय संस्कृति के अनुसार सुशासन स्थापित करते हुए सभी नागरिकों को समृद्ध-संपन्न और खुशहाल बनाना ही शासन का लक्ष्य है।

### श्रीलंका ने महिला एशिया कप में प्रशंसकों के लिए निःशुल्क प्रवेश की घोषणा की

**दांबुला।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने शुक्रवार को घोषणा की है कि आगामी महिला टी20 एशिया कप 2024 में प्रशंसकों के लिए मुफ्त प्रवेश होगा, जो 19 जुलाई से शुरू होगा। हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम इंडिया टूर्नामेंट के पहले दिन अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से रंगीरी दांबुला इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भिड़ेगी। एसएलसी ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर पुष्टि की कि इस टूर्नामेंट में श्रीलंका, भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, यूएई, नेपाल, मलेशिया और थाईलैंड हिस्सा लेंगे।

भारत, पाकिस्तान, यूएई और नेपाल ग्रुप ए में और बांग्लादेश, श्रीलंका, मलेशिया और थाईलैंड ग्रुप बी में हिस्सा लेंगे। टूर्नामेंट में कुल 15 मैच खेले जाएंगे। एसएलसी ने कहा, बहुप्रतीक्षित आठ देशों का महिला टी20 एशिया कप 2024, 19 जुलाई, को आरडीआईसीएस, दांबुला में शुरू होगा।

# नेपाल में केपी शर्मा ओली आज लेंगे प्रधानमंत्री पद की शपथ

एजेंसी



**काठमांडू।** नेपाल में पूर्व प्रधानमंत्री और सीपीएन-यूएमएल पार्टी के अध्यक्ष के. पी. शर्मा ओली ने देश में नयी सरकार बनाने का दावा प्रस्तुत किया है और उन्हें रविवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलायी जाएगी। निवर्तमान प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल की सरकार ने शुक्रवार को नेपाल की संसद का विश्वास मत खो दिया। उसके बाद श्री ओली ने नयी गठबंधन सरकार बनाने की अपनी दावेदारी पेश की है।

नेपाल के समाचार माध्यमों की रिपोर्ट के अनुसार श्री ओली को रविवार सुबह प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलायी जाएगी। काठमांडू से प्रकाशित अंग्रेजी अखबार 'माई रिपब्लिका' आज की एक रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल कल आधिकारिक तौर पर श्री ओली को प्रधानमंत्री नियुक्त करेंगे। प्रचंड सरकार के अल्पमत में आने के बाद श्री ओली कल शाम नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा के साथ राष्ट्रपति भवन - शीतल निवास गए और नयी सरकार के गठन का दावा पेश किया। श्री ओली और श्री देउबा ने राष्ट्रपति को साझा पत्र देकर यूएमएल और एनसी के 166 सांसदों के समर्थन का दावा किया और श्री ओली के नेतृत्व में नयी सरकार के लिए आमंत्रित किए, जाने का राष्ट्रपति से अनुरोध किया। श्री ओली और नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष देउबा ने संयुक्त रूप से एक आवेदन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें राष्ट्रपति से प्रतिनिधि सभा में उनके बहुमत के साथ समर्थन का हवाला देते हुए श्री ओली को नया प्रधानमंत्री नियुक्त करने आग्रह किया गया।

# जी-7 व्यापार मंत्रियों की बैठक में भाग लेने रेजियो कैलाब्रिया जाएंगे गोयल

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल जी-7 व्यापार मंत्रियों की बैठक के आउटरीच सत्र में भाग लेने के लिए 16-17 जुलाई को इटली के रेजियो कैलाब्रिया का दौरा करेंगे। इससे पहले गोयल 14 और 15 जुलाई को स्विट्जरलैंड में अपने समकक्षों के साथ व्यापारिक और आधिकारिक बैठकों में शामिल होंगे।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि केंद्रीय वाणिज्?य एवं उद्योग मंत्री गोयल 16 और 17 जुलाई को इटली के रेजियो कैलाब्रिया का दौरा करेंगे। इस यात्रा के दौरान गोयल जी-7 व्यापार मंत्रियों की बैठक के आउटरीच सत्र में भाग लेंगे। अपने यात्रा के दौरान गोयल जी-7 देशों और अन्य भाग लेने वाले देशों के व्यापार मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकों में भी शामिल होंगे, जिससे वैश्विक व्यापार और निवेश साझेदारी के लिए भारत की प्रतिबद्धता को बल मिलेगा। मंत्रालय ने बताया कि केंद्रीय वाणिज्य मंत्री अपने इटली दौरे से पहले 14-15 जुलाई को स्विट्जरलैंड में अपने समकक्षों के साथ व्यापारिक और आधिकारिक बैठकों में भाग लेने के लिए मौजूद रहेंगे। ये बैठक यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टीईपीए) के कार्यान्वयन और ईएफटीए द्वारा की गई 100 बिलियन यूएस डॉलर की निवेश प्रतिबद्धताओं के लिए रोडमैप तैयार करने पर केंद्रित होगी। गोयल के इस दौरे का उद्देश्य भारत और स्विट्जरलैंड के बीच द्विपक्षीय आर्थिक और व्यापक साझेदारी को और मजबूत करना, गहरे आर्थिक संबंधों और आपसी विकास को बढ़ावा देना है। उल्लेखनीय है कि भारत का दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना इसकी गतिशील आर्थिक स्थिति और मजबूत विकास क्षमता का प्रमाण है।

### बीएसएनएल के सीएमडी पुरवार को सेवा विस्तार नहीं, रॉबर्ट रवि को मिलेगा अतिरिक्त प्रभार

**नई दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार सेवा के अधिकारी रवि को दूरसंचार क्षेत्र में 34 वर्षों का अनुभव है। वे दूरसंचार विभाग में उप महानिदेशक के पद पर कार्यरत हैं। बीएसएनएल में यह रवि का दूसरा कार्यकाल होगा। सरकार ने भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) पी के पुरवार को सेवा विस्तार देने से इनकार कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि यह प्रभार दूरसंचार विभाग के वरिष्ठ अधिकारी रॉबर्ट जे रवि को दिया जा सकता है। जुलाई, 2019 में पांच साल के लिए बीएसएनएल के सीएमडी का प्रभार संभालने वाले पुरवार ने विस्तार के लिए आवेदन किया था। आधिकारिक सूत्र ने कहा, दूरसंचार विभाग बीएसएनएल के सीएमडी पद का अतिरिक्त प्रभार डीडीजी रॉबर्ट जे रवि को सौंपने पर विचार कर रहा है। वर्तमान सीएमडी द्वारा मांगे गए विस्तार पर अभी कोई निर्णय नहीं हुआ है। भारतीय दूरसंचार सेवा के अधिकारी रवि को दूरसंचार क्षेत्र में 34 वर्षों का अनुभव है।

# केंद्र का जम्मू कश्मीर के साथ विश्वासघात बेरोकटोक जारी है : मल्लिकार्जुन खरगे

एजेंसी



**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल (एलजी) को अधिक शक्तियां दिए जाने पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए खरगे ने कहा कि केंद्र सरकार का जम्मू कश्मीर के साथ विश्वासघात बेरोकटोक जारी है।


उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने में देरी करना चाहती है। वह राज्य सरकार को उपराज्यपाल की दया पर रखना चाहती है। खरगे ने एक्स पोस्ट पर कहा है कि जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 55 के तहत नियमों में संशोधन करके एलजी को अधिक शक्तियां देने वाली नई धाराओं को शामिल करने के केवल दो अर्थ हैं। पहला यह कि भले ही सुप्रीम कोर्ट ने 30 सितंबर, 2024 तक विधानसभा चुनावों को अनिवार्य कर दिया है, लेकिन मोदी सरकार जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने में देरी करना चाहती है। दूसरा यह की कि भले ही पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल कर दिया गया हो, लेकिन वह नवनिर्वाचित राज्य सरकार को एलजी की दया पर रखना चाहता है। उल्लेखनीय है कि गृह मंत्रालय ने जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम में संशोधन किया है। गृह मंत्रालय के फैसले के बाद अब जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल की प्रशासनिक भूमिका का दायरे बढ़ जाएगा। इस संशोधन के बाद उपराज्यपाल को अब पुलिस, कानून व्यवस्था, एआईएस(आल इंडिया सर्विसेज) से जुड़े मामलों में ज्यादा अधिकार होंगे। अब तक एआईएस से जुड़े मामलों (जिनमें वित्त विभाग की सहमति जरूरी होती थी) और उनके तबादलों और नियुक्तियों के लिए वित्त विभाग की मंजूरी जरूरी थी लेकिन अब उपराज्यपाल को इन मामलों में भी ज्यादा अधिकार मिल गए हैं। इसके अलावा अब महाधिवक्ता, कानून अधिकारियों की नियुक्ति और मुकदमा चलाने की अनुमति देने या इंकार करने, अपील दायर करने से संबंधित प्रस्ताव पहले उपराज्यपाल के सामने रखे जाएंगे। गृहमंत्रालय ने जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 55 के तहत जिन संशोधित नियमों को अधिसूचित किया है।

इसमें उपराज्यपाल की भूमिका को परिभाषित करने वाले नए खंड जोड़े गए हैं। अधिसूचना में कहा गया है कि कानून के तहत उपराज्यपाल के विवेक का इस्तेमाल करने के लिए पुलिस, कानून व्यवस्था, एआईएस और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) से संबंधित किसी भी प्रस्ताव को वित्त विभाग की पूर्व सहमति की आवश्यकता नहीं होगी, बशर्ते कि प्रस्ताव को मुख्य सचिव के माध्यम से उपराज्यपाल के समक्ष रखा गया हो।

# श्रावण मास अयोध्या में होगा खास, रामलला झूलेंगे झूला

▸ श्रृंगार व झूलनोत्सव की शुरुआत की रूपरेखा तैयार की जा रही

समृद्धि न्यूज



**अयोध्या।** अयोध्या में विराजमान प्रभु श्रीराम अब रामनवमी की भांति ही श्रावण मास में भी खुशियां मनायेंगे। नवनिर्मित राम मंदिर में आसीन रामलला सावन में झूलनोत्सव को भी हर्षोल्लास से मनाते नजर आयेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। नए मंदिर में विराजमान रामलला का यह पहला सावन का महीना होगा, जब वह झूले पर विशेष श्रृंगार के साथ प्रतिष्ठित किए जाएंगे।

गर्भगृह में झूलनोत्सव श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि यानी नागपंचमी के दिन नौ अगस्त को प्रारंभ होगा। यद्यपि इस पर अंतिम निर्णय ट्रस्ट लेगा, परंतु पूर्व से यही परंपरा है। श्रावण शुक्ल तृतीया यानी सात अगस्त से मणिपर्वत पर झूलनोत्सव शुरू होगा। श्री राम जन्मभूमि पर निर्मित भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद चैत्र मंदिर में विराजमान होने के बाद चैत्र मास में नवमी तिथि को रामलला का जन्मोत्सव वृहद स्तर पर भव्य रूप से मनाया गया था। इसके बाद यह पहला अवसर होगा, जब वह श्रावण मास में गर्भगृह में झूला झूलेंगे। रामलला का विशेष श्रृंगार करा उन्हें झूले पर प्रतिष्ठित कराएगा। श्रृंगार व झूलनोत्सव की शुरुआत की रूपरेखा तैयार की जा रही है। शीघ्र ही सभी ट्रस्टियों की सहमति से इस पर निर्णय लिया जाना है। परंपरा के अनुसार रामनगरी में झूलनोत्सव की शुरूवात श्रावण मास की तृतीया तिथि से मणि पर्वत से होती रही है। इसी के साथ अधिकांश मठ-मंदिरों में भी झूलनोत्सव शुरू होता है।

कहीं पखवारे भर तो कही पूरे माह तक कार्यक्रम होते है। और ठाकुर जी को विधि-विधान से झूला झुलाया जाता है। राम मंदिर में झूलनोत्सव की शुरूवात श्रावण मास के शुल्क पक्ष की पंचमी तिथि से होती रही है। इसी दिन विशेष श्रृंगार मास के बाद ठाकुरजी झूले पर विराजते हैं।

इस बार श्रावण मास 22 जुलाई से शुरू हो रहा, लेकिन शुल्क पक्ष पांच अगस्त से प्रारंभ होगा। पंचमी तिथि नौ अगस्त को पड़ रही है। चांदी के झूले पर विराजेंगे प्रभुः नए मंदिर में बालक स्वरूप में विराजमान रामलला को चांदी के झूले पर झूला झुलाया जाएगा। शुरूआत मुख्य अर्चक आचार्य सत्येंद्र दास करेंगे। वैकल्पिक गर्भगृह में रामलला के लिए वर्ष 2021 के श्रावण मास में ट्रस्ट ने 21 किलो चांदी का पांच फीट ऊंचा झूला निर्मित कराया था। नए मंदिर में भी उन्हें इसी झूले पर प्रतिष्ठित किया जाएगा। ट्रस्ट लेगा अंतिम निर्णय रामलला के मुख्य अर्चक आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि अभी तक तो रामलला को झूले पर पंचमी के दिन से ही झूला झुलाया जाता रहा है। नए मंदिर में भी उसी परंपरा का पालन होगा या बदलाव होगा, इस संबंध में ट्रस्ट जल्द निर्णय लेगा।

# चांदीपुरम वायरस के छह संदिग्ध केस, 17 दिनों में चार बच्चों की मौत

▸ 2 बच्चों का चल रहा है इलाज, 5 सैम्पल पुणे भेजे गए

एजेंसी

**हिम्मतनगर।** साबरकांठा और अरवल्ली जिले में चांदीपुरम वायरस के संदिग्ध केस मिलने से स्वास्थ्य विभाग के कान खड़े हो गए हैं। हिम्मतनगर सिविल हॉस्पिटल में जून और जुलाई दो महीने के दौरान 4 बच्चों की मौत होने की खबर है। वहीं, 2 अन्य बालकों का अभी इलाज किया जा रहा है। इन सभी बच्चों में चांदीपुरम वायरस के लक्षण मिलने के बाद 5 सैम्पल जांच के लिए पुणे स्थित प्रयोगशाला में भेजे गए हैं। इसकी रिपोर्ट सोमवार को आने की संभावना है।

जानकारी के अनुसार हिम्मतनगर सिविल हॉस्पिटल में जून में एक बालक की मौत के बाद जुलाई में अन्य 3 बालकों की अलग-अलग तारीखों में मौत हुई। हिम्मतनगर सिविल हॉस्पिटल में पिछले 17 दिनों में 4 बालकों की मौत और 2 अन्य बालकों के एक समान लक्षण से पीड़ित होकर भर्ती होने के बाद प्रशासन ने संदिग्ध चांदीपुरम वाइरस होने की आशंका व्यक्त करते हुए इन बच्चों के सैम्पल जांच के लिए भेजे। इस संबंध में हिम्मतनगर सिविल हॉस्पिटल के असिस्टेंट आरएमओ डॉ. विपुल जानी ने बताया कि हिम्मतनगर सिविल हॉस्पिटल में राजस्थान, अरवल्ली और साबरकांठा जिले से 27 जून से 9 जुलाई के दौरान 4 बच्चों की अलग-अलग तारीखों में मौत हुई। वहीं, 2 बच्चों का अभी इलाज किया जा रहा है। मृतक और इलाज करा रहे बच्चों में बुखार, उल्टी-दस्त और मिर्गी का दौरा पड़ने के लक्षण पाए गए। पीडियाट्रिशियन टीम के आशंका जताने पर इनके सैम्पल पुणे जांच के लिए भेजे गए। हिम्मतनगर सिविल हॉस्पिटल में पहला केस 27 जून, 2024 को राजस्थान के उदेपुर जिले की खेरवाडा तहसील के पलेचा गांव के 4 वर्षीय बालक की मौत के रूप में पहचान की गई।

## खबरें एक नजर में

### डब्ल्यूएचओ ने मलावी को दी चिकित्सा सामग्री

**लिलोंग।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने देश के सार्वजनिक अस्पतालों को समर्थन प्रदान करने के लिए मलावी सरकार को 90 लाख अमेरिकी डॉलर की दवाओं सहित विभिन्न चिकित्सा आपूर्ति का अनुदान दिया है। लिलोंग्वे में शुक्रवार को अनुदान सौंपते समय, डब्ल्यूएचओ के देश के प्रतिनिधि नीमा किमाम्बो ने अपने संगठन की इच्छा व्यक्त की और कहा कि मलावी में सार्वजनिक अस्पताल अच्छी तरह से उपलब्ध हों और लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर पहुंच प्राप्त हो। श्री किमाम्बो ने कहा कि डब्ल्यूएचओ मलावी की स्वास्थ्य प्रणाली की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विभिन्न संसाधन प्रदान करके मलावी सरकार का समर्थन करना जारी रखेगा।

### सोनिया से मिलने उनके आवास पर पहुंचे हेमंत सोरेन

**नयी दिल्ली।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी से यहाँ उनके आवास पर मुलाकात कर आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की। श्री सोरेन ने अपने ट्विटर हैंडल पर यह जानकारी साझा की है। उन्होंने एक तस्वीर भी पोस्ट की है जिसमें वह अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ श्रीमती गांधी के आवास पर उनसे मुलाकात कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद वह श्रीमती गांधी से नहीं मिले थे इसलिए उनसे मिलने उनके आवास पर गये। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने श्रीमती गांधी से झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भी चर्चा की।

### संविधान हत्या दिवस को लेकर प्रियंका का सरकार पर हमला

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने 1975 में आपातकाल लगाने की तिथि 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने के सरकार के फैसले पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि जिन्होंने बार-बार संविधान पर प्रहार किया है वे नकारात्मक सोच के साथ संविधान हत्या दिवस मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन्होंने कभी संविधान को नहीं माना, संविधान लागू करने का विरोध किया, इसका कभी सम्मान नहीं किया और संविधान खत्म करने का आव्हान करते रहे हैं लेकिन अब वही लोग संविधान हत्या दिवस मनाने जा रहे हैं। श्रीमती वाड्रा ने कहा भारत की महान जनता ने ऐतिहासिक लड़ाई लड़कर अपनी आजादी और अपना संविधान हासिल किया है। जिन्होंने संविधान को बनाया, जिनकी संविधान में आस्था है, वे ही संविधान की रक्षा करेंगे। उन्होंने कहा जिन्होंने संविधान लागू होने का विरोध किया, संविधान की समीक्षा करने के लिए आयोग बनाया, संविधान खत्म करने का आह्वान किया, अपने फैसलों और कृत्यों से बार-बार संविधान और लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार किया, वे नकारात्मक राजनीति वाला संविधान हत्या दिवस मनाएंगे ही, इसमें आश्चर्य कैसा।

### बंगाल की चारों विस सीट पर तृणमूल ने किया कब्जा

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल में रिक्त हुई विधानसभा की चारों सीटों पर एक बार फिर तृणमूल ने भाजपा को तगड़ा झटका दिया है। पश्चिम बंगाल की जिन चार सीटों पर उपचुनाव हुए हैं, उन सभी पर पार्टी ने जीत दर्ज कर ली है। इनमें से तीन मानिकतला, रानाघाट दक्षिण और बगदाह दक्षिण बंगाल में हैं। रायगंज उत्तर बंगाल में है। वर्ष 2021 में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा ने राणाघाट दक्षिण, बगदाह और रायगंज से जीत हासिल की थी जबकि तृणमूल ने मानिकतला सीट पर जीत हासिल की थी। फरवरी 2022 में पूर्व राज्य मंत्री साधन पांडे के निधन के बाद मानिकतला सीट खाली हो गई। इस बार तृणमूल ने मानिकतला सीट सुरक्षित करने के साथ सभी चार सीटें जीत लीं हैं। मतगणना के सभी दस चरणों के पूरा होने के बाद, अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार कृष्ण कल्याणी ने रायगंज विधानसभा सीट पर 85 हजार से अधिक मतों से जीत हासिल की।

### रियल सोसिएदाद ने सर्जियो गोमेज के साथ किया का करार

**मैड्रिड।** रियल सोसिएदाद ने शुक्रवार को 23 वर्षीय स्पेनिश लेफ्ट बैक सर्जियो गोमेज़ के साथ छह साल का अनुबंध किया है। गोमेज़ मैनचेस्टर सिटी से रियल सोसिएदाद में लगभग नौ मिलियन यूरो (लगभग 9.8 मिलियन अमेरिकी डॉलर) की फीस पर शामिल हुए और जून 2030 के अंत तक अनुबंध पर सहमत हुए। पूर्व बार्सिलोना युवा खिलाड़ी, जो स्पेनिश राष्ट्रीय टीम के साथ पेरिस ओलंपिक में खेलेंगे, मैनचेस्टर सिटी के साथ दो सत्रों के बाद क्लब में शामिल हुए, जिसमें उन्होंने 38 बार पहली टीम में प्रदर्शन किया, हालांकि उन्होंने प्रीमियर लीग में केवल 18 मैच खेला। गोमेज़ ने एक वीडियो में कहा, मैं इस अवसर को लेकर बहुत खुश हूँ, इमानोल के साथ प्रशिक्षण शुरू करने के लिए बहुत उत्साहित हूँ। हम पिछले कुछ सालों से क्लब के संपर्क में थे। रियल सोसिएदाद मुझे आगे बढ़ने का मौका दे सकता है और एक खिलाड़ी के रूप में मेरी प्रगति जारी रखने में मदद कर सकता है। यह वही है जिसकी मुझे तलाश है।

### विंबलडन 2024 : फाइनल में भिड़ेंगे अल्काराज और जोकोविच

**लंदन।** सफल खेल करियर तीन चीजों पर निर्भर करता है – प्रतिभा, कड़ी मेहनत और किस्मत। कार्लोस अल्काराज प्रतिभाशाली थे, इस बात पर कभी संदेह नहीं था। जो व्यक्ति कड़ी मेहनत नहीं करता, वह एक झटके में तीन मेजर खिताब नहीं जीत सकता। और विंबलडन में पिछले 10 दिनों ने दिखाया है कि उनके साथ किस्मत भी है। शुक्रवार को सेंटर कोर्ट में, 21 वर्षीय खिलाड़ी अल्कराज ने पहले पूरे टूर्नामेंट की तरह ही शानदार प्रदर्शन किया, पहले सेट में डेनियल मेदवेदेव के तूफान का सामना किया और फिर 6-7(1), 6-3, 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की। खिताबी मुकाबले में तीसरे वरीय खिलाड़ी का सामना सात बार के विजेता नोवाक जोकोविच से होगा, जिन्होंने इतालवी लोरेंजो मुसेट्टी को 6-4, 7-6(2), 6-4 से हराया। गत चैंपियन अल्काराज ने फाइनल मुकाबले को लेकर कहा, मुझे लगता है कि मैं अब नया नहीं हूँ। मुझे पता है कि मैं इससे पहले कैसा महसूस करूँगा और मैं वही सब करूँगा जो मैंने पिछले साल किया था। मुझे उम्मीद है कि यह स्पेन के लोगों के लिए एक अच्छा दिन होगा। वह आखिरी वाक्य रविवार को स्पेन और इंग्लैंड के बीच यूरो 2024 के फाइनल के संदर्भ में था, और स्टेडियम में मौजूद ब्रिटिश लोगों ने हूटिंग की। अल्काराज ने ज़्यादा समझाने की कोशिश की, लेकिन सच्चाई यह थी कि उन्होंने पिछले तीन घंटों में अपने टेनिस से दर्शकों को खुश करने के लिए पहले ही काफी कुछ कर लिया था।

### शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 5.74 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** अर्थव्यस्था के मोंचे पर अच्छी खबर आई है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पूर्ण बजट से पहले केंद्र सरकार का खजाना भर गया है। शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह अब तक 24.07 फीसदी उछलकर 5.74 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में शुद्ध प्रत?यक्ष कर संग्रह 4.80 लाख करोड़ रुपये था। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक 11 जुलाई, 2024 तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 24.07 फीसदी बढ़कर 5.74 लाख करोड़ रुपये रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 4.80 लाख करोड़ रुपये रहा था। सीबीडीटी के मुताबिक इसमें 2.1 लाख करोड़ रुपये का कॉर्पोरेट टैक्स और 3.46 लाख करोड़ रुपये का व्यक्तिगत आयकर शामिल है। व्यक्तिगत आयकर के आंकड़ों में प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) से प्राप्त इनकम भी शामिल है। सीबीडीटी ने बताया कि जून महीने में रिफंड के समायोजन के बाद प्रत्यक्ष कर संग्रह 4.62 लाख करोड़ रुपये एकत्र रहा जो सालाना आधार पर 20.99 फीसदी की वृद्धि है। इसमें 1.8 लाख करोड़ रुपये का कॉर्पोरेट टैक्स और 2.81 करोड़ रुपये का व्यक्तिगत आयकर शामिल है। गौरतलब है कि संसद का बजट सत्र 22 जुलाई, 2024 से शुरू हो रहा है। बजट सत्र के दूसरे दिन ही 23 जुलाई को वित?त मंत्री निर्मला सीतारमण 2024-25 का पूर्ण बजट लोकसभा में पेश करने वाली हैं।